ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

14 दिसंबर, 2022
पौष, कृष्णा पक्ष, षष्ठी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 56

जेरेमी फरार होंगे डब्ल्यूएचओ के नये चीफ साइंटिस्ट, सौम्या स्वामीनथन की लेंगे जगह






## लोहरदगा-गुमला में बरसे हेमंत सोरेन : आदिवासियों के डीएनए में डर शब्द नहीं

# 'जिसके बाप ने बचपन, जवानी और बुढ़ापा तक झारखंड को न्योछावर कर दिया, उसका बेटा चोर कैसे: मुख्यमंत्री

- केंद्र सरकार के पास एक लाख 30 हजार करोड़ रुपये बकाया है



सत्यकाम

**लोहरदगा।** समाहरणालय मैदान में मंगलवार को आयोजित खतियानी जोहार यात्रा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि जिसका बाप बचपन, जवानी और बुढ़ापा तक झारखंड राज्य के लिए संघर्ष कर अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, तो उसका बेटा चोर कैसे हो सकता है। वर्तमान में मुझे जबरन भ्रष्टाचारी दिखाने की साजिश की जा रही है। इसको लेकर सीबीआइ, इडी, कोर्ट, कचहरी के माध्यम से मुझे उलझाने की साजिश की जा रही है, पर मैं डरनेवाला नहीं हूं। कहा कि डराने धमकाने और षड्यंत्र करने वाले लोग इसे अब बंद करें। आदिवासी के डीएनए में डर शब्द नहीं है। कहा कि वे लोग सिर्फ हिंदू मुस्लिम कर घर समाज में जहर घोलते हैं। अलग राज्य बनने के बाद लगभग 20 साल शासन करने वाले लोगों का साथ जब यहां के मूलवासी और आम जनता ने छोड़ दी, तो उन लोगों ने बौखला कर साजिश करना शुरू कर दिया है। इन साजिशों से यहां के आदिवासी डरनेवाले नहीं हैं। सीएम ने कहा कि पूर्व की सरकार में मुख्यमंत्री आवास का घेराव, लाठीचार्ज, आये दिन होता था। वर्तमान में जबसे गठबंधन की सरकार बनी है, तब से मुख्यमंत्री आवास में जनता की भीड़ मुख्यमंत्री को मिठाई खिलाने और फूल माला पहना कर आभार जताने के लिए आती है। उन्होंने कहा कि आपके बेटे ने अधिकारियों को गांव में शिविर लगा कर समस्याओं को दूर करने की व्यवस्था बनायी है। सरकार की योजना अब सीधे गांव की जनता के पास जायेगी। कहा कि 1932 का खतियान विधानसभा में पास किया तो विपक्षी दलों के सीने में सांप लोट गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद से झारखंड की सरकारी भूमि आबंटन का राजस्व केंद्र सरकार के पास एक लाख 30 हजार करोड़ रुपये बकाया है। यह पैसा झारखंड को मिलेगा, तो झारखंड देश का विकसित राज्य के रूप में बनेगा।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छात्राओं से कहा कि आप खूब मन लगा कर पढ़ें । शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में नयी ऊंचाइयों को प्राप्त करें। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से आपको पूरा सहयोग मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी बेहतर शिक्षा के लिए सरकार सभी समुचित कदम उठा रही है। आप अगर मेडिकल, इंजीनियरिंग, लॉ जैसे क्षेत्रों में अपना करियर बनाना चाहते हैं, तो सरकार आपको मदद करेगी। इसके अलावा यूपीएससी, जेपीएससी, बैंकिंग, रेलवे, एसएससी जैसी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को आर्थिक सहायता देने की योजना सरकार ने शुरू की है। इसके साथ छात्रवृत्ति की राशि में भी इजाफा किया गया है, ताकि आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के बच्चे पढ़ाई से अलग-थलग नहीं हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी, दलितों और अल्पसंख्यकों को अब विदेशों में उच्च शिक्षा ग्रहण करने में आर्थिक तंगी आड़े नहीं आयेगी । सरकार विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए पूरा खर्च आपको प्रदान करेगी। आप सरकार की योजनाओं से जुड़ें और अपने साथ राज्य का भी भविष्य संवारने में सहयोग करें।

## योजनाओं को जमीन पर उतारें : हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री ने लोहरदगा तथा गुमला में संचालित विकास योजनाओं और विधि व्यवस्था की समीक्षा की
- गुमला, लोहरदगा सदर थाना, कुडू थाना की क्राइम रेटिंग ज्यादा, कुडू थानेदार को लाइन हाजिर करने का निर्देश
- अनामृत फाउंडेशन की ओर से संचालित मध्याह्न भोजन में गड़बड़ी की जांच कर कारवाई करने का निर्देश
- हिंडाल्को की ओर से अवैध खनन की शिकायत सही है, तो कंपनी पर एफआइआर करें

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को जिला परिषद, लोहरदगा परिसर में लोहरदगा और गुमला जिला में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति और निपटारे की समीक्षा की। बैठक में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना, मनरेगा योजना, छात्रवृत्ति योजना से संबंधित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों, राजस्व न्यायालय, विधि व्यवस्था अंतर्गत अपराध की स्थिति (चोरी, अपहरण, हत्या, लूट, दंगा, बलात्कार, आर्म्य एक्ट, नक्सल आदि अनुसंधान की स्थिति, वारंट-कुर्की के निष्पादन की स्थिति) समेत अन्य पहलुओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंडाल्को द्वारा अवैध रूप से खनन कार्य करने की शिकायत मिल रही है। तथ्यपरक और ईमानदारी से जांच कर दोषी मिलने पर कंपनी पर एफआइआर करें। अवैध खनन कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कुडू के चिरी में अनामृत फाउंडेशन द्वारा संचालित मध्याह्न भोजन की अव्यवस्था एवं गड़बड़ी की जांच कर कार्रवाई करने का निदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों जिलों में जेएसएलपीएस, सेविका/सहायिका आदि के रूप में महिलाएं कार्य कर रही हैं। लेकिन पुरुषों की भागादीरी कम है। पुरूषों की सहभागिता बढ़ाने की आवश्यकता है। यह जनजातीय बहुल क्षेत्र है। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते क्राइम पर चिंता व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी पदाधिकारी योजनाओं को लागू करने, आवेदन प्राप्त करने, लाभ देने में किसी भी असमंजस में ना रहे। अगर किसी प्रकार का संशय है, तो संबंधित सचिव स्तर पर बात कर लें। दोनों जिलों में वृद्धावस्था पेंशन, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में लक्ष्य और उपलब्धि के बीच जो गैप है, उसे पूरा कर इस लक्ष्य को प्राप्त करने की आवश्यकता है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुपालन एक अभिन्न अंग है। इसमें उदासीनता सही नहीं है। आप सजग होकर काम करें, सकारात्मक भाव से काम करें। निर्भीक होकर काम करें। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू द्वारा भंडरा-कैरो पथ में पुल निर्माण, कुडू प्रखंड में अधूरे पड़े अस्पताल, हाल सर्वे में गड़बड़ी, स्टेडियम में फ्लड लाइट की सुविधा, बकसीडीपा स्थित वन के पर्यटकीय विकास को लेकर ध्यान आकृष्ट कराया गया।

### 31 दिसंबर तक सुधारें, वरना कार्रवाई

गुमला और लोहरदगा जिला की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुमला और लोहरदगा में योजनाओं के परफॉर्मेंस से नाराज दिखे। मनरेगा योजना में लोहरदगा में प्रति पंचायत 08 योजना है, जबकि गुमला में प्रति पंचायत 03 योजना देख सीएम हेमंत सोरेन ने गुमला डीसी को खरी खोटी सुनायी। 31 दिसंबर तक अधिकारियों को सुधार का निर्देश दिया। उन्हें सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अगर समय के अनुसार सुधार नहीं हुआ तो आलाधिकारियों पर होगी कार्रवाई।

### कुडू थानेदार को लाइन हाजिर करने का निर्देश

सीएम ने विधि व्यवस्था और आपराधिक वारदातों में बढ़ोत्तरी की समीक्षा की। इस क्रम में गुमला, लोहरदगा सदर थाना और कुडू थाना की क्राइम रेटिंग ज्यादा देखी गयी। इसमें औसतन कुडू थाना क्षेत्र में सर्वाधिक क्राइम रेटिंग देख कुडू थानेदार को लाइन हाजिर करने का निर्देश सीएम ने दिया।

### मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने अधिकारियों को दिया निर्देश

मुख्य सचिव झारखंड सरकार सुखदेव सिंह द्वारा समीक्षा बैठक में निदेश दिया गया कि आगामी 29 दिसंबर 2022 को राज्य सरकार गठन के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छात्रवृत्ति योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना के लाभुकों को मुख्यमंत्री द्वारा राशि सीधे लाभुक के बैंक खाता में हस्तांतरित की जायेगी। इसके लिए संबंधित योजनाओं से जितने भी आवेदन प्राप्त हैं, उन्हें स्वीकृत करने का निदेश दिया गया। साथ ही, 31 दिसंबर तक छात्रवृत्ति योजनाओं से सभी छात्रों को लाभान्वित किये जाने का निदेश दिया गया। पेशरार को मोबाइल नेटवर्क से जोड़ने का निदेश दिया गया। डीएलसीसी की बैठक कर पेशरार प्रखंड में पंचायत भवन में बैंक संचालित करने हेतु प्रस्ताव भेजे जाने का निदेश दिया गया। सर्वजन पेंशन अंतर्गत छूटे हुए सभी लाभुकों को 31 दिसंबर तक लाभान्वित किये जाने का निदेश दिया गया। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का 100 प्रतिशत निष्पादन 31 दिसंबर तक किये जाने का निदेश दिया




## गोला गोलीकांड : हजारीबाग कोर्ट का आया फैसला

# विधायक ममता को पांच साल की सजा, जायेगी विधायकी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** रामगढ़ जिला के बहुचर्चित गोला गोलीकांड में हजारीबाग कोर्ट ने सजा का एलान कर दिया है। कोर्ट ने रामगढ़ से कांग्रेस की विधायक ममता देवी को पांच साल की सजा सुनायी है। बता दें कि पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने विधायक ममता देवी समेत 13 लोगों को दोषी करार दिया था। व्यवहार न्यायालय के अपर न्यायाधीश विशेष न्यायालय एमपी एमएलए की अदालत ने रजरप्पा थाना कांड संख्या 17/2016 में सुनवाई करते हुए मुख्य आरोपी राजीव जायसवाल, विधायक ममता देवी, कुंवर महतो, दिलदार अंसारी, भावेश्वर भगत, यदु महतो, मनोज, पूजा, कालेश्वर महतो, लाल बहादुर महतो, वासुदेव प्रसाद, आदिल इनामी, अभिषेक कुमार सोनी और सुभाष महतो को दोषी पाया था।

**जायेगी ममता की विधायकी :** ममता देवी की विधायकी जानी तय हो गयी है। कोर्ट से उन्हें पांच साल की सजा मिली है। विधानसभा द्वारा कोर्ट का कॉपी मिलने के बाद उनके विधायकी खत्म करने संबंधित अधिसूचना जारी की जायेगी। उनकी विधायकी आज की तारीख से ही रद्द मानी जायेगी।

## संसद में तवांग पर रक्षा मंत्री का जवाब

# हमारे सैनिकों ने चीनियों को खदेड़ा : राजनाथ

- दोनों ओर के जवानों को चोटें आयीं

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** तवांग में 9 दिसंबर को भारत-चीन सैनिकों के बीच हुई झड़प पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को संसद में जवाब दिया। राजनाथ अपने 3 मिनट के जवाब में बोले कि हाथापाई में दोनों तरफ के सैनिकों को चोटें आयीं। हमारा कोई सैनिक नहीं मारा गया। भारतीय सेना ने चीनी सैनिकों को उनकी पोस्ट पर जाने को मजबूर कर दिया। 17 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित तवांग के यांगत्से में 9 दिसंबर को 600 चीनी सैनिकों ने घुसपैठ की कोशिश की थी। भारतीय सेना ने लाठी-डंडों से उन्हें वापस खदेड़ दिया था। राजनाथ ने कहा कि 9 दिसंबर 2022 को पीएलए ट्रूप्स ने तवांग में एलएसी का उल्लंघन कर नियम तोड़े थे। भारतीय सेना ने पीएलए को अतिक्रमण से रोका। उन्हें उनकी पोस्ट पर जाने के लिए मजबूर कर दिया। इस घटना में दोनों ओर के कुछ सैनिकों को चोटें भी आई हैं। हमारे किसी भी सैनिक की न तो मृत्यु हुई है और न कोई गंभीर रूप से घायल हुआ है।







# तेजस्वी के नेतृत्व में लड़ेंगे 2025 का चुनाव : नीतीश

- बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा टारगेट 2024 में भाजपा को हटाना, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री बनना नही

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पद के दावेदार नहीं होंगे। उन्होंने खुद इसकी घोषणा की है। पटना में महागठबंधन के विधायकों की बैठक में नीतीश ने कहा कि 2025 का विधानसभा चुनाव तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़ा जायेगा। मेरा लक्ष्य 2024 लोकसभा में भाजपा को हराना है। मैं सीएम या पीएम पद का उम्मीदवार नहीं बनना चाहता।

वित्त मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता विजय चौधरी ने बताया कि बिहार विधानसभा के बाद महागठबंधन विधानमंडल दल की बैठक हुई थी। उसमें मुख्यमंत्री ने यह साफ कर दिया कि मेरे बाद जो नेतृत्व होगा वह तेजस्वी यादव का होगा। 2025 का विधानसभा चुनाव तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़ा जायेगा। चौधरी ने शराबबंदी को लेकर महागठबंधन के विधायकों के सवाल उठाने पर कहा कि तमाम नेताओं के सामने मुख्यमंत्री ने यह बात साफ कर दी है कि शराबबंदी के फैसले के वक्त सभी दलों का समर्थन मिला था। अब इस पर सवाल उठाने का कोई औचित्य नहीं है।

### गलत पैरवी करेंगे तो अफसर नहीं सुनेंगे

राजद के विधायक राहुल तिवारी ने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव के नेतृत्व की बात तो कही ही साथ ही, उन विधायकों को भी चेताया ,जो यह कहते हैं कि हमारी बात अधिकारी नहीं सुनते हैं। मुख्यमंत्री ने विधायकों से कहा कि गलत पैरवी लेकर जायेंगे तो अधिकारी आपकी नहीं सुनेंगे। यदि सम्मान पाना है तो गलत का साथ छोड़ दीजिए।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
■ VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
■ Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 51,700 रु./10 ग्राम
चांदी 72,500 रु./प्रति किलो



**कांग्रेस के अंदर खलबली : दिल्ली-पंजाब के बाद गुजरात के चुनाव परिणाम दे रहे ये संकेत**

# राजस्थान में कांग्रेस के लिए राजनीतिक काल बनेगी आप

**आजाद सिपाही विशेष**

**हाल में संपन्न गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा के चुनाव और दिल्ली नगर निगम के चुनाव परिणामों से सबसे अधिक चिंता कांग्रेस के खेमे में है। हिमाचल प्रदेश की सत्ता में वापसी के बावजूद कांग्रेस की चिंता का कारण आम आदमी पार्टी का लगातार बढ़ता कद है। पहले दिल्ली और फिर पंजाब में आप के हाथों बुरी तरह पराजित होनेवाली कांग्रेस को गुजरात चुनाव परिणाम से राजस्थान की चिंता सता रही है। आप ने जिस तरह गुजरात में अपना विस्तार किया है और 13 फीसदी वोट लेकर राष्ट्रीय पार्टी बन गयी है, उसके बाद से इस बात के कयास लगाये जाने लगे हैं कि राजस्थान में अगले साल होनेवाले विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल पूरी ताकत से मैदान में उतरेंगे। दिल्ली, पंजाब और गुजरात के चुनाव परिणामों ने यही साबित किया है कि जहां भी कोई तीसरा दल मजबूती से ताल ठोकता है, कांग्रेस या तो पराजित हो जाती है या तीसरे स्थान पर खिसक जाती है। यदि यह सिलसिला राजस्थान में भी जारी रहा, तो फिर कांग्रेस को बचानेवाला कोई नहीं रहेगा। न केवल राजस्थान, बल्कि छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में भी आप लगातार अपने विस्तार में लगी हुई है। उधर राजस्थान में हाल के दिनों में भाजपा ने जो आक्रामक रुख अपनाया है और चाहे कन्हैयालाल हत्याकांड का मामला हो, या फिर करौली हिंसा, या फिर तीन सौ साल पुराने मंदिर को ध्वस्त किये जाने का, उसने अशोक गहलोत सरकार को हर मुद्दे पर घेरा है। इससे भी कांग्रेस के अंदर खलबली है। अभी राजस्थान और छत्तीसगढ़ में ही कांग्रेस सत्ता में है और यदि इन दोनों राज्यों में उसकी हार होती है, तो फिर 2024 के आम चुनावों के लिए उसके पास कोई संभावना नहीं बचेगी। राजस्थान में कांग्रेस की इसी चिंता का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के अलावा आम आदमी पार्टी के कांग्रेस को दिये झटके की चर्चा भी हर तरफ हो रही है। राजनीतिक हलकों में आप के तेजी से बढ़ते उभार की आहट अन्य राज्यों में भी देखी जाने लगी है। दरअसल, आम आदमी पार्टी ने भाजपा के गढ़ गुजरात में इंट्री के साथ ही 12.9 फीसदी वोट हासिल कर कांग्रेस का पूरा खेल बिगाड़ दिया। वहां पिछले चुनाव में 42.2 फीसदी वोट के साथ 77 सीट हासिल करने वाली कांग्रेस सिर्फ 17 सीटों पर सिमट कर रह गयी है। आप ने दिल्ली, पंजाब और दिल्ली नगर निगम से लगातार कांग्रेस को मुकाबले से बाहर कर दिया है, जिसके बाद माना जा रहा है कि अरविंद केजरीवाल आने वाले साल में राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में भी मजबूती से दावा पेश करेंगे।

राजस्थान के संदर्भ में देखा जाये, तो कांग्रेस के वोट कटने का नुकसान भाजपा के लाभ के रूप में दर्ज हो सकता है, जिसके बाद राज्य में हर पांच साल के बाद सत्ता बदलने का रिवाज बरकरार रहने का परिदृश्य बनता दिख रहा है। ऐसे में भाजपा सरकार में वापसी कर सकती है। हालांकि आप ने राजस्थान को लेकर अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन कई जिलों में उसका संगठन विस्तार तेजी से हो रहा है, खासकर उन इलाकों में, जो पंजाब से सटे हुए हैं।

## गुजरात की सेंध का दूरगामी असर

गुजरात में आप के कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने के बाद राजस्थान के समीकरणों पर खासा चर्चा हो रही है। गुजरात में 2022 के चुनावों में आम आदमी पार्टी को पांच सीटें मिली हैं। पार्टी को जहां 12.9 फीसदी वोट मिले हैं, वहीं 35 सीटों पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी वोट हासिल करने में दूसरे नंबर पर रहे हैं। इन सीटों पर आप और कांग्रेस प्रत्याशियों के बीच वोट का अंतर बेहद कम है। इससे साफ है कि यदि आप का प्रत्याशी मैदान में नहीं उतरता, तो कई सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी जीत सकते थे। हालांकि राजस्थान के विधानसभा चुनावों में आप ने कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया है। आप को






2018 के विधानसभा चुनावों में राजस्थान में 0.4 फीसदी वोट मिले थे। वहीं अब पंजाब, दिल्ली और गुजरात के बाद लगातार आप को लेकर हवा बदल रही है।

## कांग्रेस के वोट बैंक में नुकसान

राजस्थान में कांग्रेस के परंपरागत वोटरों में मुस्लिम, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोग हैं, जिसे आप अपने फ्री वाले फॉर्मूले से पूरी तरह साधने की कोशिश करेगी। आम आदमी पार्टी का फ्री मॉडल हिट भी है। इसके अलावा शहरी इलाकों में आप का दिल्ली मॉडल जनता के बीच खासा चर्चित रहा है। वहीं अरविंद केजरीवाल के लगातार हिंदुत्व को लेकर दिये बयानों से भी पार्टी को काफी फायदा होता है।

## 40 से अधिक सीटों पर बिगड़ सकता है खेल

आप की राजस्थान में आहट को लेकर माना जा रहा है कि पार्टी 40 से अधिक सीटों पर कांग्रेस के रास्ते में रोड़ा अटका सकती है। पंजाब में बीते दिनों आम आदमी पार्टी ने सरकार बनायी है। ऐसे में पंजाब की सीमा से लगे राजस्थान के हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर में आप को फायदा हो सकता है। इन जिलों में 18 विधानसभा सीटें हैं, जहां पार्टी इन दिनों काम कर रही है। वहीं गुजरात की सीमा से लगे आदिवासी और अनुसूचित जनजाति वाले इलाकों पर भी आप की नजर है, जहां बांसवाड़ा, सिरोही, डूंगरपुर और उदयपुर की विधानसभा सीटों पर आप कांग्रेस का खेल बिगाड़ सकती है।

## कांग्रेस का अंदरूनी कलह भी दिखायेगा असर

आप के बढ़ते असर के साथ कांग्रेस की चिंता का एक बड़ा कारण राजस्थान में उसके भीतर का कलह है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच का विवाद थम नहीं रहा है। तमाम प्रयासों के बावजूद दोनों में से कोई भी पीछे हटने को तैयार नहीं है। ऐसे में कांग्रेस को लग रहा है कि आप इस स्थिति का फायदा उठायेगी, जो स्वाभाविक भी है। कांग्रेस आलाकमान हिमाचल प्रदेश की जीत के बाद, उसमें सचिन पायलट की सफल भूमिका से प्रभावित भी दिख रही है। चर्चा जोरों पर है कि सचिन पायलट को इसका इनाम मिल सकता है।

इन तमाम परिस्थितियों के मद्देनजर अभी पूरी तरह आश्वस्त नहीं हुआ जा सकता है, क्योंकि चुनाव अभी दूर है। लेकिन कांग्रेस के अंदर राजस्थान को लेकर जो हलचल है, उससे तो यही लगता है कि पार्टी आखिरी लड़ाई के लिए मन बना रही है। कांग्रेस मान चुकी है कि यदि राजस्थान की सत्ता में उसकी वापसी नहीं हुई, तो फिर 2024 के लिए उसके पास कोई संभावना नहीं बचेगी। कांग्रेस नेता कहते हैं कि गुजरात में जरूर आप ने नुकसान पहुंचाया है, लेकिन राजस्थान में इस पार्टी का आधार नहीं है, जबकि कांग्रेस के पास यहां गहलोत-पायलट जैसे नेता हैं। वहीं आप के पास नेता के नाम पर कोई नहीं है। हर राज्य की अपनी अलग परिस्थिति होती है। इसलिए आप यहां ज्यादा वोट नहीं ले पायेगी। लेकिन राजस्थान में आप के प्रदेश प्रभारी विनय मिश्रा ने कहा कि पिछले दिनों कांग्रेस में गुटबाजी साफ तौर पर सामने आ गयी। इसके बाद हमें राजस्थान से काफी फोन आने लगे हैं। हमारे सोशल मीडिया अकाउंट पर फॉलोअर भी तेजी से बढ़े हैं। इस वक्त भाजपा और कांग्रेस दोनों में बड़ी संख्या में नेतृत्व को लेकर भारी संघर्ष की स्थिति है। इसलिए लोगों को दिख रहा है कि कांग्रेस-भाजपा में अब भविष्य नहीं बचा है। ऐसे में लोग हमारी पार्टी की तरफ रुख कर रहे हैं।

इन तमाम परिस्थितियों को देखते हुए तो यही लगता है कि आप कांग्रेस को राजस्थान में जबरदस्त नुक्सान पहुंचाने वाली है, जिसका फायदा भाजपा को मिलता दिख रहा है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आयेगा, तस्वीर और साफ होती दिखाई पड़ेगी। क्या होगी राजस्थान में कांग्रेस की रणनीति इस पर सबकी नजर है। क्या राहुल गांधी मैदान में कूदेंगे या गायब रहेंगे, यह भी देखने वाली बात होगी। कैसे मोदी और अमित शाह की जोड़ी राजस्थान को साधेगी यह भी देखना मजेदार होगा। उम्मीद तो यही है कि राजस्थान का चुनाव मजेदार होने वाला है। पोलटिकल ड्रामा भरपूर दिखने वाला है। बयानों के तीर भी तैयार हो रहे होंगे। आरोप-प्रत्यारोप की सामाग्री भी इकट्ठी हो रही होगी। मुद्दे भी छांटे जा रहे होंगे। वैसे राजस्थान की जनता भी इस बार कमर कस कर बैठी है। गुजरात में तो मोदी की सुनामी आयी थी। इस बार देखना है कि राजस्थान में आंधी कौन लाता है।

# त्रिकुट रोपवे हादसा : हाइकोर्ट सौंपी गयी रिपोर्ट से असंतुष्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देवघर में त्रिकुट रोपवे हादसा मामले में झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस डॉ रविरंजन और जस्टिस एसएन प्रसाद की खंडपीठ ने इस मामले में सुनवाई की। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर अदालत में सौंपी गयी रिपोर्ट पर कोर्ट ने असंतुष्टि जाहिर करते हुए नये सिरे से रिपोर्ट पेश करने को कहा है। हाइकोर्ट अब इस केस की अगली सुनवाई 14 जनवरी को करेगा। तब तक सरकार को दोबारा रिपोर्ट सौंपनी है।

## हाइकोर्ट ने लिया है स्वतः संज्ञान

बता दें कि त्रिकुट पहाड़ के रोप-वे पर हुए हादसा पर झारखंड हाइकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डॉ रवि रंजन और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की




बेंच ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया था, जिसे जनहित याचिका में तब्दील कर अदालत सुनवाई कर रहा है। हाइकोर्ट ने विभिन्न चैनलों और अखबारों में प्रकाशित खबरों के आधार पर संज्ञान लिया है। आपको बता दें कि देवघर में त्रिकुट पर्वत पर बने रोप वे में 10 अप्रैल को भयानक हादसा हुआ था। इस हादसे में 48 जिंदगियां 44 घंटों तक हवा में झूलती रहीं, जिसमे तीन यात्रियों की मौत भी हो गयी थी। इस रोप-वे का संचालन दामोदर रोप-वे एंड इंफ्रा लिमिटेड कंपनी कर रही थी। कंपनी प्रबंधन द्वारा ज्यादा पैसों की लालच में क्षमता से अधिक यात्रियों को केबिन में बिठाया गया था। हादसे वाले दिन स्पष्ट रूप से यह बात सामने आयी थी कि यहां 26 ट्रॉलियां चलायी जा रही थीं। कई ट्रॉलियों में तो सात-सात लोग सवार थे। ट्रॉलियां आपस में टकरायीं, जिसमें टॉप लेवल के रोप का सैप टूट गया। इसमें दर्जनों यात्री घायल हो गये। 18 केबिन हवा में लटक गये। कोहराम मच गया। हर तरफ चीत्कार। हवा में झूल रहे यात्रियों का एक-एक पल खौफ में बीत रहा था। 2500 फीट की ऊंचाई में हवा के बीच एक छोटी सी ट्रॉली में लोग मौत और जिंदगी के बीच झूलते रहे। फंसे लोगों तक जब एयरफोर्स और आइटीबीपी के जवान पहुंचे, तो उनमें उम्मीद जगी। करीब 48 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में एयरफोर्स, इंडियन आर्मी, एनडीआरएफ, आइटीबीपी एवं स्थानीय प्रशासन की टीम ने साथ मिल कर मोर्चा संभाला था।

# 11 हजार वोल्ट तार की चपेट में आने से हाथी की मौत

**घाटशिला।** 11 हजार वोल्ट तार की चपेट में आने से जंगली हाथी की मौत हो गयी। जादूगोड़ा के पास पिछले कुछ दिनों से जंगली हाथियों के समूह को देखा जा रहा था। कई दिनों से वह इस इलाके में घूम रहे थे। अचानक एक हाथी के बिजली के तार के संपर्क में आने से मौत हो गयी। घटना बीती रात 1 बजे की बतायी जा रही है। सुबह लोगों की नजर मेरे हुए हाथी पर पड़ी। हाथी के मरने के बाद ग्रामीणों ने हाथी को माला अर्पित किया, पूजा पाठ की। मारे गये हाथी की जानकारी क्षेत्र के रेंजर विमद कुमार को भी दे दी गयी। रेंजर घटनास्थल पर पहुंचे और कार्रवाई में जुट गये। सात की संख्या में हाथी कोतवाली थाना क्षेत्र से पलायन कर इस क्षेत्र में बीते तीन दिनों से घूम रहे थे। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी थी। इन तीन दिनों में जादूगोड़ा प्रमंडल के वन विभाग के अधिकारी कागजी कार्रवाई में जुटे रहे। अगर समय रहते हाथियों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया जाता, तो हाथी की जान बच सकती थी।

# एक प्लेटफार्म से एक ही नाम की दो ट्रेनें खुल रहीं, असमंजस में छूट जा रही ट्रेन




गौतम पाल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पिछले एक सप्ताह से पैसेंजर ट्रेनों में एक ही नाम होने की वजह से यात्रियों के समक्ष असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इस कारण इन दिनों कई यात्रियों की ट्रेन छूट जा रही है। खासकर यह समस्या यात्रियों के साथ सुबह ज्यादा घट रही है। जी हां हम बात कर रहे हैं कोडरमा बरकाकाना भाया हजारीबाग तथा कोडरमा गिरिडीह वाया नावाडीह पैसेंजर ट्रेन की। इन दोनों ट्रेनों में एक ही नाम लिखा हुआ है और दोनों ट्रेनों के कोडरमा से प्रस्थान करने के समय में आधे घंटे का फासला होता है। कोडरमा गिरिडीह वाया नावाडीह ट्रेन के खुलने का समय 5:30 बजे का है, जबकि कोडरमा बरकाकाना वाया हजारीबाग ट्रेन के खुलने का समय 6 बजे का है। मंगलवार को दोनों ट्रेनें सुबह लगभग आधे घंटे विलंब से कोडरमा से खुलीं।

**कोडरमा बरकाकाना भाया हजारीबाग तथा कोडरमा गिरिडीह वाया नावाडीह पैसेंजर ट्रेन, इन दोनों ट्रेनों में एक ही नाम लिखा हुआ है**

ट्रेनों के लेट से खुलने की वजह से कोडरमा बरकाकाना वाया हजारीबाग ट्रेन के यात्री गिरिडीह जाने वाली ट्रेन पर सवार हो गये। ट्रेनों पर सवार होते ही ट्रेन में सफर कर रहे अन्य यात्रियों से पता चलता है कि यह ट्रेन गिरिडीह जायेगी। फिर आनन-फानन में यात्री ट्रेन से उतरते हैं। फिर पीछे लगी ट्रेन पर सवार होते हैं। बताते चलें इन दिनों दोनों रूट की ट्रेनें एक नंबर प्लेटफार्म से ही खुल रही हैं। इसके पहले कोडरमा बरकाकाना भाया हजारीबाग जाने वाली ट्रेन प्लेटफार्म नंबर 7 से खुलती थी।

**तैयारी : रांची में 16-17 फरवरी और 16-17 मार्च 2023 को होगी बैठक**


# आठ आइपीएस संभालेंगे जी-20 शिखर सम्मेलन की सुरक्षा की कमान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** जी-20 शिखर सम्मेलन का नेतृत्व इस साल भारत कर रहा है। वहीं रांची में साल 2023 के फरवरी और मार्च में जी-20 शिखर सम्मेलन की दो बैठकें होनी हैं। इस सम्मेलन में कई देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसको लेकर झारखंड पुलिस ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन की सुरक्षा को लेकर मंगलवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में एडीजी अभियान की अध्यक्षता में बैठक होगी, जिसमें आइजी स्पेशल ब्रांच, डीआइजी एसआइबी एटीएस एसपी, रांची एसएसपी, जमशेदपुर एसएसपी और जैप 1 के कमांडेंट शामिल होंगे।

## राज्य स्तरीय सुरक्षा समन्वय समिति गठित

जी-20 शिखर सम्मेलन में आठ आइपीएस अधिकारी सुरक्षा की कमान संभालेंगे। इस दौरान किसी भी प्रकार की चूक नहीं हो,




इसको लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जायेंगे। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने इस सम्मेलन के दौरान सुरक्षा के लिए राज्य स्तरीय सुरक्षा समन्वय समिति का गठन किया है। समिति के नोडल सुरक्षा अधिकारी एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाटकर बनाये गये हैं। उनके नेतृत्व में आठ आइपीएस अधिकारी जी-20 शिखर सम्मेलन की सुरक्षा की कमान संभालेंगे, जो समिति के सदस्य होंगे। सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालने वाले आइपीएस अफसरों में आइजी प्रभात कुमार, आइजी अभियान एवी होमकर, सीआइएसएफ के आइजी हेमराज गुप्ता, विशेष शाखा के डीआइजी अनूप बिरथरे, सिटी एसपी रांची, कमांडेंट वाइएस रमेश, एटीएस के एसपी सुरेंद्र कुमार झा और बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के क्षेत्रीय निदेशक अशोक लकड़ा शामिल हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर आयोजन समिति और गृह मंत्रालय के प्रतिनिधि के साथ पुलिस मुख्यालय में कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं।

**भारत की मेजबानी में 50 शहरों में होंगी बैठकें**

**गौरतलब है कि 1 दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2023 तक जी-20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता भारत करेगा। इस दौरान जी-20 देशों की 200 से अधिक बैठकें झारखंड सहित विभिन्न राज्यों में होंगी। रांची में 2023 में 16-17 फरवरी और 16-17 मार्च यानी दो बैठकें प्रस्तावित हैं। इसमें संबंधित देशों के साढ़े पांच सौ से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे, जिनके रहने, खाने-पीने से लेकर सम्मेलन स्थल तक की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होंगे।**

# कमलदेव गिरि हत्याकांड : सीबीआइ जांच की मांग को लेकर बाजार बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**चक्रधरपुर।** हिंदूवादी नेता कमलदेव गिरि हत्याकांड का मामला दिनोंदिन तूल पकड़ रहा है। हत्याकांड की सीबीआइ जांच की मांग को लेकर एक तरफ परिवार धरने पर बैठा है, तो दूसरी तरफ पूरे चक्रधरपुर बाजार को भी बंद रखा गया। मंगलवार को चक्रधरपुर शहर व्यापक रूप से बंद रहा।

## प्रशासन सख्त

विधि व्यवस्था को देखते हुए एसडीओ रीना हांसदा पुलिस बल के साथ शहर का भ्रमण करती रहीं। बंद को लेकर एक दिन पूर्व संध्या में शहर वासियों से कमल देव गिरि के परिजन और समर्थकों ने स्वेच्छा से दुकान एवं प्रतिष्ठा ने बंद करने का आह्वान किया था, जिसे ध्यान में रखते हुए शहर वासियों ने स्वेच्छा से दुकान प्रतिष्ठान बंद रखे और सीबीआइ जांच और अपराधियों के नार्को टेस्ट कराने की मांग की गयी। इस बंद के दौरान मेडिकल स्टोर एवं पेट्रोल पंप खुले रहे। लंबी दूरी की बसें चलीं। लेकिन सड़क में छोटे वाहन इक्का-दुक्का ही नजर आये।

## मो इसाक का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षतिः जानकी यादव



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत के मुखिया अब्बास अंसारी के पिता इसाक मियां का आकस्मिक निधन से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। खबर पाते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव कोनहारा कला पहुंचकर शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। पूर्व विधायक ने कहा कि मो इसाक सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते थे। उन्होंने अपना अधिकांश जीवन सामाजिक कार्यों में बिताये उनका निधन समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। मौके पर पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष सह सांसद, सलैया मुखिया सह प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, कोनहारा खुर्द मुखिया प्रतिनिधि बिरेंद्र शर्मा, राजकुमार नायक, महावीर यादव, वार्ड सदस्य जहीर अंसारी, ईश्वर यादव, मुकेश सोनी, राजेंद्र यादव,असगर अंसारी, इदरीस अंसारी समेत आदि लोग मौजूद थे।

## जमीन और जानमाल की सुरक्षा को लेकर एसडीओ से गुहार

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के लोचनपुर निवासी संजय कुमार सिन्हा ने कोडरमा एसडीओ और थाना को आवेदन देकर अपनी जमीन और जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। एसडीओ को दिये गये ज्ञापन में संजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि खाता नंबर 14, प्लॉट नंबर 86, मौजा लोचनपुर पर जबरन कब्जा करने की नियत से मेरी खातियानी जमीन पर कामेश्वर यादव, पिता डालेश्वर यादव, राजू यादव पिता डालेश्वर यादव, ग्राम लोचनपुर, अरुण यादव पिता जानकी यादव ग्राम फरेंदा, सुनील यादव पिता लक्ष्मण यादव, ग्राम कोठियार तथा अन्य 25 लोग हरवे हथियार के साथ जमीन पर आकर ट्रेंच काटने लगे। आवेदन में कहा गया है कि मुख्य रूप से भू-माफिया एवं असामाजिक तत्व के साथ रहने वाले संपूर्णानंद, पिता स्वर्गीय सच्चिदानंद प्रसाद, ग्राम शिव मोहल्ला कोठियार मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। आवेदन में कहा गया है कि हम सभी परिवार दहशत में हैं। वह लोग सभी असामाजिक तत्व के साथ मेरी जमीन पर आकर ट्रेंच काट रहे हैं। जबकि उक्त जमीन से संबंधित मामला कोडरमा न्यायालय में लंबित है। जिसका वाद संख्या पी एस 28/2011 है। आवेदन में जान-माल और जमीन की सुरक्षा की गुहार लगायी गई है।

## एक पागल हाथी ने मकानों को किया ध्वस्त,भयभीत है ग्रामीण

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव वन क्षेत्र के गोंदलपुरा पंचायत के ग्राम चपरी में एक पागल हाथी का आतंक शुरू हो गया है। उक्त हाथी ने रमजान मियां के घर तोड़कर 6 क्विंटल धान खा गये। इसके अलावा चरका महतो के खेत मे रखे गए धान को भी खा गया।शाम ढलते ही उक्त पागल हाथी का आतंक शुरू हो जाता है। मुखिया बासुदेव यादव ,पूर्व मुखिया दीपक दास ने बताया कि हाथियों के झुंड से एक हाथी बिछड़ गया है। इस कारण वह हाथी गुस्से में क्षेत्र के मकानों ,पेड़-पौधों को ध्वस्त कर रहा है। इसकी सूचना वन विभाग को दे दी गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से धान एवं मकान की मुआवजा की मांग किया है। ग्रामीण हाथी के डर से रात जगा कर रहे हैं।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन को ग्लोबल अवार्ड 2022 से नवाजा



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** आइआइटी नयी दिल्ली में श्री अरविंदो योगा एवं नॉलेज फाउंडेशन के द्वारा कोडरमा जिले के ग्रिजली कॉलेज एजुकेशन को उत्कृष्ट सामाजिक कार्य के लिए ग्लोबल अवार्ड 2022 से नवाजा गया। ग्रिजली कॉलेज एजुकेशन अपने एनएसएस इकाई और एक्सटेंशन कार्यक्रम के तहत निरंतर जिले के सुदूरवर्ती गांवों कलहा सिपारा एवं पिपराटांड़ में जरूरतमंद लोगों की सहायता एवं सामाजिक कार्य करता रहा है। महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ के बच्चों को निशुल्क शिक्षा, शिक्षा सामग्री का वितरण, नि:शुल्क कंप्यूटर शिक्षा, ग्रामीणों के लिए लगातार चिकित्सा सुविधा, स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, सह पाठयक्रम सहगामी गतिविधियां व ग्रामीणों के बीच हमेशा गर्म कपड़ों, कंबल, वस्त्र, पौष्टिक आहार का वितरण एवं गांव की महिलाओं के लिए भी निरंतर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में डॉ वीरेंद्र कुमार विजय प्रताप , प्रो आइआइटी नयी दिल्ली, श्री राकेश खत्री, डॉ रविंद्र कुमार निदेशक लाल बहादुर शास्त्री अनुसंधान, नई दिल्ली, डॉ रवि, डॉ समरेंद्र घोष प्रोग्रेस संस्था के संस्थापक उपस्थित थे। पुरस्कार को महाविद्यालय की उपनिदेशिका डॉ संजीता कुमारी ने ग्रहण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक मनीष कपसिमे एवं सचिव अविनाश कुमार सेठ, उपनिदेशिका डॉ. संजीता कुमारी तथा प्राचार्य प्रो. डॉ बीसी स्वेन ने महाविद्यालय के सभी सदस्यों, विशेष रूप से महाविद्यालय के एनएनएस कॉर्डिनेटर सौरभ शर्मा को शुभकामनाएं एवं बधाई दी हैं।

## ममता देवी के साथ झारखंड प्रदेश की जनता खड़ी हैः बजरंग महतो



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। ममता देवी के पति बजरंग महतो ने कहा कि मेरी पत्नी को एक षडयंत्र के तहत फंसाया गया है। उन्होंने चुनाव लड़ने संबधित बातो पर कहा कि कांग्रेस हाई कमान के निर्देश को मानेंगे। उन्होंने आगे कहा कि अब ये लड़ाई जनता की लड़ाई बन गयी है। जब वो जनता के हक हुकूक की लड़ाई में जब वो पहली बार जेल गई थी, हमारी बेटी छह माह की थी और अब वो छह वर्ष की हो गई है और जब अब जेल गई है तो हमारा दूधमुंहा बच्चा पांच माह का है।

### विधायक ने सतमरा से जतराटांड़ तक होनेवाले पथ निर्माण का किया शिलान्यास

# बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का हो रहा चहुंमुखी विकासः अंबा प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के पोटंगा पंचायत के असवा टोला सतमरा से जतराटांड़ तक होने वाले पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास दिन मंगलवार को स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के कर कमलों द्वारा किया गया। अंबा प्रसाद के द्वारा अनुशंसा के बाद डीएमएफटी मद से उक्त सड़क का कायाकल्प होने वाला है। ज्ञातव्य हो कि विधायक द्वारा अनुशंसित एवं लगातार किए गए प्रयासों के बदौलत काफी सड़कों के निर्माण की स्वीकृति डीएमएफटी मद से हुई है। इसी क्रम में पोटंगा पंचायत के असवा टोला सतमरा से जतराटांड़ तक होने वाले सुदृढ़ीकरण के कार्य का



शिलान्यास विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विधायक अंबा प्रसाद के पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल बाजे के गड़गड़ाहट के बीच फूल माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया तत्पश्चात पारंपरिक रूप से पूजन के बाद स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में इस सड़क का शिलान्यास कियो इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए मैं सदैव तत्पर हूं और पूरे विधानसभा क्षेत्र में तेजी से सड़क निर्माण कार्य जारी है आने वाले दिनों में और भी अधिक से अधिक सड़क पास करवाने का काम किया जायेगा। अंबा प्रसाद ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना हमारा लक्ष्य है।

### इनकी रही मौजूदगी

मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, राजू यादव, चरका करमाली, जीआर भगत, सतीश मिश्रा, गिरधारी प्रजापति, शमशेर आलम, उर्मिला देवी, सुखदेव गंजू, हकीम मांझी, जगन्नाथ बेदिया, राजेंद्र साहू, सुभाष साहू समेत भारी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे।

## बॉडी गैराज में मरम्मत के लिए खड़ी दो बस और एक एलपी ट्रक में लगी आग, बस जल कर राख

धीरज पुरी

**दारू/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** दारू प्रखंड क्षेत्र के दारू खैरिका में सरस्वती उच्च विद्यालय दारू के पास एक उमेश बॉडी गेराज में खड़े दो बस और एक एलपी ट्रक में आग लग गई। आग से दो बस पूरी तरह जलकर राख हो गया बड़ी मसक्कत से किसी तरह से एलपी ट्रक को जलने से बचाया जा सका। बस विजय एंड विजय के नाम से था और इसके मालिक गिरिडीह निवासी महेंद्र सिंह है। आग लगने के बारे में गेराज के मालिक और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस और ट्रक के बीच में खड़े बस में चदरा लगाया जा रहा था तभी अचानक वेल्डिंग की आग की चिंगारी से बस में आग लग गई। आग के बारे में जबतक गेराज में खड़े मालिक, मिस्त्री एवं अन्य लोग कुछ समझ पाते कुछ ही पल में आग ने पूरे बस को अपनी चपेट



में ले लिया। बस में उठती आग की तेज लपटों ने दोनो तरफ खड़े बस और ट्रक को भी अपनी चपेट में ले लिया और आग की तेज लपटों के साथ काले धुआं की ऊंची ऊंची गुबार उठने लगी। आग लगने की जानकारी जैसे ही लोगों को हुई सभी उसी तरफ दौड़ पड़े और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। दारू थाना प्रभारी अमित कुमार भी सूचना पाकर दलबल के साथ पहुंचे और अग्निशमन विभाग को फोन कर गाड़ी भेजने का आग्रह किया। आग की सूचना मिलने के एक घंटे बाद पहुंची। अग्निशमन विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तबतक दोनो बस जलकर राख हो गया था। इस मौके पर एसडीपीओ अनुज उरांव भी मौके पर पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी ली। बॉडी गेराज के मालिक उमेश और उनके परिवार का रो-रो कर बहुत बुरा हाल था।

## सुरेश यादव बने नावाडीह पैक्स अध्यक्ष



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नावाडीह पंचायत में मंगलवार को प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी राजू रजक की अध्यक्षता में पैक्स अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हुआ। कुल 172 वोट पोल हुआ। जिसमें सुरेश प्रसाद यादव पैक्स अध्यक्ष बने। अपने विपक्षी जयेंद्र प्रसाद यादव को शिकस्त देकर 59 वोट से जीत दर्ज कर पैक्स अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष नुनेश्वर प्रसाद यादव को बनाया गया। नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष ने कहा कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए पैक्स में आने वाले खाद, बीज को समय पर उपलब्ध कराया जायेगा। मौके पर धीरज यादव, मदन यादव, पिंटू यादव, लखन यादव, विक्रम यादव मौजूद थे।

## दो समुदायों में झड़प के बाद शांति समिति की हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**मरकच्चो।** थाना क्षेत्र के मरकच्चो बाजार पर सोमवार की शाम दुकानदार एवं ग्राहक मे हुई मामूली झड़प के बाद दो पक्ष आमने सामने हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मरकच्चो पुलिस आनन फानन मे मोके पर पंहुची और स्थिति को सामान्य कराया। मामले को लेकर पुलिस ने दोनों पक्ष की ओर से एक नाबालिग समेत चार लोगों को हिरासत में लिया है। जिनमें एक पक्ष से शकील आलम उर्फ भोपाली तथा एक नाबालिग वहीं दूसरे पक्ष से गोपाल मोदी एवं सूर्यदेव दीपक के नाम शामिल हैं। जानकारी अनुसार गोविन्द मोदी का मरकच्चो बाजार



मे तिलकुट की दूकान है जहां तिलकुट खरीदने के दौरान कमरुल एवं जुबैर से झड़प हुई और देखते ही देखते दोनों पक्ष की ओर से लोग आमने सामने हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही इंस्पेक्टर श्रीराम पासवान, थाना प्रभारी सुमित साव, नवलशाही थाना प्रभारी पंचम तिग्गा समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के जवान तुरंत मौके पर पंहुचे और स्थिति को सामान्य कराया। रात भर पुलिस उक्त जगह पर कैम्प किये हुए रही। मामले को लेकर दोनों पक्ष की ओर से मरकच्चो थाना मे आवेदन देकर मामला भी दर्ज कराया है। वही मामले को लेकर मंगलवार की शाम प्रबुद्ध ग्रामीणों के साथ थाना परिसर मे शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गयी। जहां दोनों पक्षो द्वारा शान्ति एवं सौहार्द्रपूर्ण माहौल बनाये रखने पर सहमति बनी। बैठक मे बीडीओ पप्पू रजक, सीओ रामसुमन प्रसाद, इंस्पेक्टर श्रीराम पासवान, थाना प्रभारी सुमित साव के अलावे प्रबुद्ध ग्रामीण मौजूद थे।

# विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी में 120 बच्चे हुए शामिल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान (डायट) कोडरमा में एक दिवसीय विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में डीसी आदित्य रंजन एवं जिला शिक्षा अधीक्षक कोडरमा की उपस्थित में कुल 44 विद्यालयों ने भाग लिया एवं 120 बच्चे उपस्थित हुए। इस प्रदर्शनी में विज्ञान में प्रथम स्थान पर आदर्श मध्य विद्यालय चंदवारा, द्वितीय स्थान पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय



बेकोबार एवं तृतीय स्थान पर आदर्श मध्य विद्यालय कोडरमा रहा। सामाजिक विज्ञान में प्रथम स्थान पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय कन्या मरकच्चो, द्वितीय स्थान पर मॉडल विद्यालय कोडरमा एवं तृतीय स्थान पर मध्य विद्यालय बेलाटांड़-2 रहा।

## डीडीसी ने मनरेगा कार्यक्रमों की समीक्षा की

**कोडरमा।** उप विकास आयुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा कोडरमा प्रखंड में मनरेगा योजना का क्रियान्वयन, मानव दिवस का सजृन, 100 दिनों का रोजगार लक्ष्य के अनुरूप उपलब्ध कराने संबंधी सभी मुखिया, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक के क्रम में अपेक्षित प्रगति नहीं लाने के कारण पंचायत झुमरी और पथलडीहा पंचायत के पंचायत सेवक से स्पष्टीकरण किया गया। पंचायत झुमरी और चाराडीह पंचायत के ग्राम रोजगार सेवक से स्पष्टीकरण किया गया।

## विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग को भारत रत्न डॉ अंबेडकर नेशनल अवार्ड से किया सम्मानित




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** डॉ राजू राम, हिंदी विभाग, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग को भारत रत्न डॉ अंबेडकर नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। भारतीय दलित साहित्य अकादमी 1960 से पंजीकृत है। इसके फाउंडर बाबू जगजीवन राम फॉर्मर डिप्टी प्राइम मिनिस्टर ऑफ इंडिया चीफ पेंटर्स ही माता प्रसाद एक्स गवर्नर अरुणांचल प्रदेश रहे है। भारतीय दलित साहित्य अकादमी का 38वॉ राष्ट्रीय दलित साहित्यकार सम्मेलन पंचशील आश्रम नयी दिल्ली में 11-12 दिसंबर 2022 को आयोजित किया गया इस दो दिवसीय सम्मेलन में देश-विदेश के सभी भाषाओं के दलित साहित्यकार पत्रकार लेखक संपादक आदि ने भाग लिया सम्मेलन को 'सम्मान दिवस' का नाम दिया गया। इस कार्यक्रम में दलित उत्थान के क्षेत्र में विशिष्ट कार्यों के लिए प्रत्येक वर्ष दिसंबर में साहित्यकारों, कलाकारों, समाजसेवियों को, बाबा साहब डॉ अंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले,भगवान बुद्ध, महर्षि वाल्मीकि, गुरु रविदास,संत कबीर दास, संत नामदेव, लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल, रविंद्र नाथ टैगोर आदि राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया जाता रहा है।

## जल-नल योजना के कामगारों ने की मायापुर की महिलाओं के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार, दोनों पक्ष पहुंचे थाना

**टाटीझरिया/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** पिछले दो माह से मायापुर में जल-नल योजना का काम चल रहा है। सड़कों को तोड़कर रख दिया है और काम पेंडिंग किए हुए है। गांव के दो बच्चे उक्त गड्ढे में गिरने की वजह से घायल हो गए। 3 वर्षीय अनुष्का कुमारी, पिता अंगद सिंह का पैर में मोच आ गया तो 4 वर्षीय अंकित कुमार, पिता संतोष मंडल का हाथ टूट गया। गांव की कुछ औरतें, जिनमें मो कलावती, गीता देवी, सुदामा देवी ने बताया कि जब मुंशी से पूछी की काम जल्दी क्यों नहीं करते हो, सड़क को तोड़ कर रख दिए हैं, जिससे परेशानी हो रही है। उन्होंने मुंशी पर आरोप लगाया कि अनलोगों के साथ धक्का --मुक्की किया और जातिसूचक शब्द का प्रयोग किया। इससे संबंधित आवेदन थाना को दिया गया। वहीं दूसरे पक्ष से मुंशी अनुराग कुमार और राजू प्रसाद की ओर से भी थाना को आवेदन दिया गया है। अनलोगों ने बताया कि गांव के 5 -6 लोग आये और मुझे मारने लगे यह कहकर की जल्दी काम क्यों नहीं कर रहे हो। मारपीट करने वालों में एक अशोक मंडल शामिल है।

## मडमो में वन सुरक्षा समिति का किया पुनर्गठन

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत मडमो पंचायत में वन सुरक्षा समिति का पुनर्गठन पंचायत समिति सदस्य राजो देवी की अध्यक्षता में किया गया। जिससे भारी संख्या में मडमो, चटकरी, खरकटटो एवं चिरूडीह के ग्रामीण उपस्थित हुए। सबों की उपस्थिति में एवं सभी की सहमति से चटकरी से बिनोद साव , खरकटटो से विनोद साव एवं चिरूडीह से हुलास महतो को वन समिति के अध्यक्ष पद के लिए नियुक्त किया गया। मौके पर ग्रामीणों के द्वारा वन को बचाए रखने के लिए संकल्प लिया गया साथ हीं लोगों को जागरूक कर कहा गया कि जंगल की रक्षा करना, जीवन की रक्षा करने के बराबर है। हमें जंगलों से क ई प्रकार की रोगों की दवाएं मिलती हैं। जंगल रहने से वायुमंडल साफ रहता है,समय पर बारिश होती है । जंगल से हमें अनेक प्रकार के फायदे हैं, पेड़ पुत्र के समान होते हैं। आप सबों से बिनती है कि हम सब मिलकर जंगल की रक्षा करें।वन को बचाएं और अपने जीवन को सुरक्षित रखें। इस मौके पर मुख्य रूप से वनपाल रंजीत कुमार, कैलाश महतो, पूर्व वन समिति अध्यक्ष मडमो पंचायत के अजय मिर्धा, प्रकाश साव, घनश्याम महतो, युवा समाजसेवी अर्जुन महतो, सीताराम महतो, नागेश्वर महतो, मेघन महतो, मेघलाल महतो, राजेन्द्र मंडल, लीलो महतो, देवेंद्र महतो, सबिता देवी, रीता देवी, जयपाल गंझू ,बिगन राम , दीनू यादव एवं टेकोराम समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## जनता दरबार में आये तीन दर्जन से अधिक मामले



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग तीन दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में, बरही के कटीयोन में सामुदायिक भवन निर्माण के संबंध में,जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में,पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में,खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में,भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार,मनरेगा,भूमि, म्यूटेशन, पेंशन, भूमि अधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आये तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिये।

## इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-19 का ट्रायल संपन्न

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेले जाने वाले इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-19 क्रिकेट टूनार्मेंट में शामिल होने के लिए कोडरमा जिला अंडर-19 क्रिकेट टीम के गठन हेतु जिला के अंडर-19 खिलाड़ियों का ट्रायल सोमवार को पुलिस लाइन मैदान में लिया गया। ट्रायल में पूरे जिले भर से लगभग 50 रजिस्ट्रर्ड खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिनकी बल्लेबाजी, गेंदबाजी, और क्षेत्ररक्षण को केडीसीए के पदाधिकारियों ने निरीक्षण किया। कैंप में में रखने के लिए ट्रायल में शामिल खिलाड़ियों में से अच्छी प्रतिभा को देखकर खिलाड़ियों का चयन किया गया। कैंप 14 दिसंबर से पुलिस लाइन मैदान में लगातार आयोजित होंगे। ट्रायल केडीसीए के पदाधिकारी आलोक पांडे, उमेश सिंह, ओम प्रकाश, विशाल सूद, सुमन कुमार और रवि यादव की देखरेख में संपन्न हुए। उक्त आशय की जानकारी कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा और सचिव दिनेश सिंह ने दी।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सभागार मे जिला सहकारिता विभाग द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे प्रखंड कृषि पदाधिकारी, आत्मा प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, पौधा संरक्षण केंद्र प्रभारी सहित प्रखंड मे संचालित पैक्स के अध्यक्ष ने भाग लिया। प्रखंड कृषि पदाधिकारि रवि रंजन ने कहा कि पैक्स भी आधुनिक खेती के विस्तार मे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है इसके लिए आपको आगे आने की जरूरत है स्थानीय स्तर पर किसान भाई को पुराने परंपरागत कृषि पद्धति से ऊपर उठकर आधुनिक तरीके से कृषि कार्य करें ताकि पैदावार बढ़े और किसान भाई की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। उन्होंने बताया की वर्तमान समय में धान की कटाई हार्वेस्टर से होती है उससे जो अवशेष पराली बचता है उसे जलाना नहीं है इससे उर्वरा शक्ति मिट्टी की कमजोर होती है। किसान उसे खाद के रूप में उपयोग कर सकते हैं। उससे मिट्टी में पोषक तत्व उपलब्ध होगा। उन्होंने जलवायु परिवर्तन पर परिवर्तन के अनुसार खेती करने की किसानों को सलाह दी। आत्मा बिटीम धर्मेंद्र कुमार ने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजना की जानकारी दी। राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना जिसके तहत सुखाड़ प्रभावित किसान को मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत 3500 रूपया का भुगतान होने वाला है योजन कि की जानकारी दी इसके अलाव कृषक पाठशाला के उद्देश्य , नि: शुल्क मृदा परीक्षण ,मृदा संकलन की विधि सहित कई योजना की जानकारी दी । पौधा संरक्षण केंद्र प्रभारी रघुनंदन प्रजापति ने रायजोबियम कल्चर, फफूंद नाशी और किटनासी से बीज उपचार की विधि की जानकारी दी इसके प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी ने सहकारी समितियों के कृत्यों और नियमों के संबंध में सहकारी समितियों के कामकाज, लेखा और कार्यवृत्त के रखरखाव के बारे में विस्तार से बताया।मौके पर पैक्स अध्यक्ष खेमलाल महतो, चुरामन कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## विधायक ममता देवी के मामले में निर्णय के खिलाफ उच्च न्यायालय जायेंगेः शहजादा

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में रामगढ़ के विधायक ममता देवी के मामले में एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर नें कहा कि जब से रामगढ़ कि विधायक बनी है तब राजनीतिक षडयंत्र की शुरूआत हो चुकी थी। हमारी पार्टी न्यायालय का मान सम्मान करती है पर इस निर्णय से लाखों जनता को निराशा हुई है और हजारीबाग की संसदीय क्षेत्र की जनता को दु:ख पहुंचा है। हमलोग इस निर्णय के खिलाफ उच्चन्यायालय जायेंगे। जिस समय ये घटना घटी उस समय राज्य में भाजपा की सरकार थी और वर्तमान के सांसद, फैक्टरी प्रबंधक और प्रशासनिक पदाधिकारी मिलकर एक राजनीतिक षडयंत्र के तहत फंसाया गया है। प्रेसवार्ता में बरही विधायक उमाशंकर अकेला, विधायक ममता देवी के पति बजरंग महतो, हजारीबाग जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव, रामगढ़ जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, प्रदेश उपाध्यक्ष सह अधिवक्ता भीम कुमार समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे ।


आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 14 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in
05

## जिला स्तरीय जीवनांक प्रशिक्षण का डीसी ने किया शुभारंभ

**चतरा (आजाद सिपाही)।** डीआरडीए स्थित प्रशिक्षण भवन में जिला सांख्यिकी कार्यालय चतरा द्वारा जिला स्तरीय एक दिवसीय जीवनांक संबंधित प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त अबु इमरान शामिल होकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रशिक्षण सह कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जन्म और मृत्यु का निबंधन अतिआवश्यक है। इस आंकड़े का प्रयोग सरकार द्वारा विकास के लिए बजट निर्माण करने के लिए किया जाता है। कार्यशाला के माध्यम से जन्म मृत्यु निबंधन की जो जानकारी दी जा रही उसे जन जन तक पहुंचाए और लोगों को इसका महत्व की जानकारी दें। साथ ही कहा कि ससमय निबंधन निःशुल्क है और मामूली विलंब शुल्क के साथ इसे बाद में भी कराया जा सकता है। उन्होंने जन्म मृत्यु के रजिस्ट्रारों की भूमिका के बारे में बताते हुए कहा कि वे अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत होने वाले जन्म मृत्यु की घटना का निबंधन सूचक द्वारा दी गयी सूचना एवं स्वयं घटना का संज्ञान में लेकर ससमय करेंगे। अतः निबन्धकों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जन्म-मृत्यु निबंधन की प्रक्रिया को पीपीटी के माध्यम से लोगों को आसानी से समझाया गया साथ ही सीआरएस पोर्टल और सॉफ्टवेयर में लाइव डेमो के साथ निबंधन कर बताया गया। सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों के भरने, जन्म मृत्यु निबंधन का इतिहास पर प्रकाश डाला गया साथ ही एमसीसीडी सर्टिफिकेट, प्राइवेट हॉस्पिटल को रिपोर्टिंग यूनिट बनाने, फर्जी प्रमाण पत्र को रोकने, जन्म मृत्यु के आंकड़ो का नीति निर्माण में उपयोग पंजीकरण यूनिट का निरीक्षण प्रतिवेदन, चतरा जिला का जन्म मृत्यु का स्टेटिकल डाटा प्रस्तुत करते हुए निबंधन प्रतिशत को बढ़ाने के लिए अपील किया गया।

### जिस गोलीकांड ने ममता को विधायक बनाया, उसी गोलीकांड ने जेल भी पहुंचा दिया

# फैसला आते ही घर और कार्यालय में पसरा सन्नाटा



अंजनी कुमार

**गोला।** जिस गोलीकांड ने रामगढ़ से ममता देवी को आंगनबाड़ी सेविका से विधायक बनाया। उसी कांड ने उन्हें जेल में पहुंचा दिया है। कोर्ट ने इस मामले में उन्हें दोषी पाते हुए पांच साल की सजा सुनायी है। कोर्ट का फैसला आने के बाद विधायक के गेरवा टांड़ स्थित आवास एवं मठवा टांड़ स्थित कार्यालय में सन्नाटा पसरा है। दिन भर भीड़ भाड़ रहने वाला कार्यालय बंद रहा। शाम को घर में ससुर सरजू महतो एवं सास रूपा देवी ने कोर्ट के फैसले के बारे में बताते हुए कहा कि कोर्ट का फैसला अन्याय वाला है। आंदोलन मेरा कोई जगह जमीन के लिए नहीं किया गया था। लोगों के हक एवं अधिकार के लिए ममता लड़ाई लड़ रही थी। इसके बाद दोनों सास ससुर रोने लगे। सबसे अधिक विधायक की सास रो रही थीं। बता दें कि पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने विधायक ममता देवी समेत 13 लोगों को दोषी करार दिया था। व्यवहार न्यायालय के अपर न्यायाधीश विशेष न्यायालय एमपी एमएलए की अदालत ने रजरप्पा थाना कांड संख्या 17/2016 मे सुनवाई करते हुए मुख्य आरोपी राजीव जायसवाल, विधायक ममता देवी, कुंवर महतो, दिलदार अंसारी, भावेश्वर भगत, यदु महतो, मनोज, पूजहर, कालेश्वर महतो, लाल बहादुर महतो, वासुदेव प्रसाद, आदिल इनामी, अभिषेक कुमार सोनी और सुभाष महतो को भादवि की धारा 147, 148,149, 341, 353, 324 325, 326, 340, 338, 309, 504,506 427 और 435 में दोषी पाया था।

### जानें क्या है पूरा मामला

29 अगस्त 2016 को रामगढ़ के गोला थाना क्षेत्र में स्थित आइपीएल कंपनी में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा था। कंपनी के सामने ममता देवी के नेतृत्व में नागरिक चेतना मंच के बैनर तले 150-200 संख्या में ग्रामीण धरना पर बैठे थे। इस दौरान ग्रामीण उग्र हो गये ओर स्नेगढ़ा नदी में लगा हुआ कंपनी का वाटर टैंक को क्षतिग्रस्त करने लगे। इसी बीच मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को रोकना चाहा। लेकिन ग्रामीण उग्र हो गए और ग्रामीणों की झड़प पुलिस से हो गई। पुलिस को आत्मरक्षा और बचाव को लेकर फायरिंग करनी पड़ी थी। फायरिंग में बरियातु निवासी राम लखन महतो पिता जानकी महतो और दशरथ नायक की मृत्यु हो गई थी। वहीं चालीस से पच्चास लोग घायल भी हो गये थे। आक्रोशित लोगों ने सीओ के सरकारी वाहन को आग के हवाले कर दिया था। वहीं घटना के समय मौजूद तत्कालीन बीडीओ दिनेश सुरीन की एक आंख ग्रामीणों की पत्थरबाजी से चोटिल हो गयी थी। गोली कांड को लेकर रजरप्पा और गोला थाना कांड में चार अलग अलग प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। इनमें गोला थाना में कांड संख्या 65/2016, रजरप्पा थाना कांड संख्या 81/2016, गोला थाना कांड संख्या 79/2016 शामिल है।

### क्या कहते हैं आसपास के लोग

न्यायालय का फैसला आते ही विधायक के आस पड़ोस में रहने वाले लोग काफी मायूस हो गये। इस पर कुंती देवी, पिंकी ठाकुर, रूपणी देवी, सारो देवी और सरस्वती देवी ने बताया कि विधायक को फंसाया गया है। और उन्हें पूरी उम्मीद है कि उच्च न्यायलय से उन्हें न्याय मिलेगा। साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि विधायक का तीन माह का नवजात है। उसकी देखभाल कैसे होगी। इस पर न्ययालय को फैसला लेना चाहिए। ग्रामीणों ने बताया कि विधायक अपनी जमीन की लड़ाई लड़ने नही गयी थी, बल्कि ग्रामीणों की मांग और अधिकार के लिए आंदोलन कर रही थीं। बहरहाल जो भी हो, जनता इसका जवाब देगी।

### आइपीएल गोलीकांड की उपज हैं विधायक ममता देवी

विधायक ममता देवी ने राजनीति में आने से पूर्व आंगनबाड़ी सेविका के रूप में करीब तीन वर्ष काम किया था। इसके बाद उनका रुख राजनीति की ओर हुआ और इसकी शुरूआत उन्होंने गोला मध्य भाग से जिला परिषद के चुनाव से किया। इस चुनाव में ममता देवी ने तत्कालीन विधायक सह मंत्री चंद्रप्रकाश चौधरी के काफी करीबी चंद्रशेखर महतो की पत्नी कलावती देवी को पराजित किया। इसके बाद इनका कुनबा बढ़ता चला गया। फिर 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी से उन्हें रामगढ़ से प्रत्याशी बनाया। यहां पर भी ममता देवी ने पनी छाप छोड़ते हुए जीत दर्ज कर अपना कद बढ़ाया। एक साधारण परिवार में तालुक रखने वाली ममता देवी आइपीएल गोलीकांड की उपज हैं। गोलीकांड से पहले उन्हें कोई नहीं जानता था। गोलीकांड के बाद सुर्खियों में आयीं। इस मामले में वह जेल भी गयीं। जेल से आने के बाद ममता राज्य के तत्कालीन मंत्री एवं वर्तमान गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के खिलाफ लगातार बोलती रहीं। इमोशनल राजनीति शुरू की। हर मामले में उन्हें घसीटा। विस चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर उन्होंने रामगढ़ से आजसू की सुनीता चौधरी को पराजित किया था।

### कोर्ट के फैसले के बाद रामगढ़ का राजनीतिक पारा बढ़ा

कोर्ट के फैसले के बाद रामगढ़ में राजनीतिक पारा बढ़ गया है। जानकर लोगों का कहना है पांच साल की सजा के बाद विधानसभा की सदस्यता समाप्त हो सकती है। ऐसे में छह माह के अंदर विधानसभा का उपचुनाव होगा। रामगढ़ विधानसभा आजसू पार्टी का गढ़ माना जाता है। यहां से चंद्रप्रकाश चौधरी लगातार तीन बार विधायक चुने गये थे। लेकिन 2019 के चुनाव में ममता देवी ने चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी को हराकर आजसू के किला को ध्वस्त कर दिया था। बड़े अंतर से जीत दर्ज कर विधानसभा पहुंची थी।

## अवैध खनन के विरुद्ध जिला प्रशासन की कार्रवाई जारी, बालू लदे पांच ट्रैक्टर जब्त



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिले में अवैध रूप से बालू के उठाव पर पूरी तरह से रोक लगाने के उद्देश्य से डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी मो जावेद हुसैन ने मांडू प्रखंड अंतर्गत कुजू थाना क्षेत्र में पैंकी दामोदर नदी घाट पर औचक जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पांच ट्रैक्टरों को अवैध रूप से बालू का उठाव करने का दोषी पाया गया। जिसके उपरांत सभी वाहनों को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। मौके पर खनन निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक, कुजू थाना प्रभारी धनंजय प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

## कराटे प्रशिक्षक ने स्कूली बच्चों को सिखाया आत्मसुरक्षा के गुर, दिखा उत्साह

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** सोतोकान कराटे फेडरेशन रामगढ़ के तत्वावधान में मंगलवार को जिले मध्य विद्यालय सोसो के स्कूली बच्चों को आत्मसुरक्षा के गुर सिखाये गए। इस दौरान कराटे प्रक्षिक्षक सह नेशनल कोच नेपाल विश्वकर्मा 7 डॉन ने बच्चों को एक से बढ़कर एक कराटे से संबंधित प्रक्षिक्षण दिया गया। वही, इसे लेकर स्कूली बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक दिनेश महतो सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## जयनगर पंचायत में योजना चयन को लेकर हुई बैठक

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के जयनगर पंचायत भवन में मुखिया हीरा देवी की अध्यक्षता में वार्ड सदस्यों व अन्य की बैठक हुई। इसमें गांव व पंचायत को पूर्णतया स्वच्छ बनाने के लिए संकल्प लिया गया। इसके साथ ही मुखिया ने कहा कि पंचायत को स्वच्छ बनाने के साथ योजनाओं का चयन करने के साथ साथ आम ग्रामीणों को जागरुक करना होगा। मौके पर चित्रा सिंह मुंडा, अरघदेव राम, उर्मिला देवी, राजकुमारी, सुमन्ति देवी, पुर्णिमा देवी, रेणु देवी, पुनम देवी, कांति देवी, नीलम देवी, आसिफा खातुन, अजीमा, प्रथमी देवी, नुसरत जहां, सरीता देवी, कृष्णा कुमार सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

## डुप्लीकेट कागजात बनाकर निकाल ली मुआवजा राशि तीन वारंटियों के घर टंडवा पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** टंडवा पुलिस ने न्यायालय के निदेर्शानुसार फरार वारंट के घर ढोल बजा कर इस्तेहरा चिपकाया है। जिसने भू-अर्जन कार्यालय के समक्ष फर्जी कागजात प्रस्तुत कर अवैध रूप से भूमि का मुआवजा राशि लेकर फरार वारंटीओं के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी गयी है इस मामले में टंडवा पुलिस ने 3 लोगों को घरों में इस्तेहर चिपकाया है। जिसमें गाड़ीलौंग झंडा चौक निवासी अवध राम पिता गोविंद पासवान उर्फ कोका पासवान, टंडवा के हरिनगर निवासी रंजीत राम और रंजीत श्रीवास्तव तथा कमता गांव निवासी जमीर मियां पिता शाकिर मियां का नाम शामिल है। तीनों पर 2016 में अवैध कागजात प्रस्तुत कर भू-अर्जन से राशि प्राप्त करने के मामले में तत्कालीन अंचल निरीक्षक के बयान पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। कोर्ट के आदेश के बाद टंडवा पुलिस ने गिरफ्तार को लेकर कार्रवाई शुरू कर चेतावनी दी गयी है। पुलिस ने 10 दिनों के अंदर आत्मसमर्पण करने या बेल लेने की बात कही। अन्यथा कुर्की जब्ती करने की चेतावनी भी दिया। इधर विभिन्न मामले में अन्य फरार वारंटीओं को भी पुलिस ने कार्रवाई की चेतावनी दी है। जिसमें सभी वारंटियों में हड़कंप मचा हुआ है। मौके पर टंडवा थाना अवर निरीक्षक भोला दास, अवर निरीक्षक रोहित कुमार समेत पुलिस बल तैनात थे।

## रामगढ़ जदयू जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू ने कमेटी विस्तार की घोषणा की



**कुजू (आजाद सिपाही)।** नयामोड (कुजू) स्थित जदयू जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू की अध्यक्षता में बैठक कर मंगलवार को जिला कमेटी का विस्तार किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश महासचिव जगदीश महतो मौजूद रहे। वही, जिला कमेटी का विस्तार की घोषणा से पूर्व पार्टी से जुड़े नेताओं और कार्यकताओं ने संगठन की मजबूती प्रदान करने को लेकर विस्तृत परिचर्चा की। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू ने कमेटी के अधिकारियों की घोषणा की। जिसमें जिला महासचिव मेघनाथ प्रसाद, उपाध्यक्ष मनोज राय, महेंद्र किशोर महतो व तेजपाल महतो, सचिव उमेश प्रसाद साव, पवन करमाली, मो इम्तियाज अंसारी और बिनोद मोदी, सहसचिव कार्तिक मांझी, मो शफीक अंसारी, रमेश राम और पंकज पटेल, संगठन मंत्री दामोदर महतो, सह संगठन मंत्री अफरोज आलम और अविनाश कुमार, कोषाध्यक्ष रामाकांत पटेल, सह कोषाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, जिला प्रवक्ता सुरेश प्रसाद, मीडिया प्रभारी अकबर अंसारी के अलावे कार्यकारिणी सदस्यों में बाबूलाल महतो, जगलाल सिंह, विनोद रजवार, रामचरित्र राम, सोनाराम मांझी, रामचंद्र राम, रूपलाल महतो, उदय कुमार दांगी, भोलेश्वर महतो, नरेश महतो, गुप्तेश्वर पांडेय, राजेश तुरी, मदन तुरी, नरेश प्रसाद, बिष्णु माझी, हरिलाल मांझी, अलाउद्दीन अंसारी, गंगा नाय, रोहन महतो, मोइन अंसारी शामिल है। घोषणा पश्चात सभी मनोनीत सदस्यों का जिलाध्यक्ष फूल माला पहला कर संगठन के प्रति समर्पित रहने का भरोसा जताया। जिलाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि जिला कमेटी का विस्तार के साथ-साथ प्रखंड कमेटी का विस्तार सम्मेलन के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का संगठन के लिए हम सभी कार्यकताओं को सदैव समर्पित रहने की आवश्यकता है। तभी जिले के तीनों विधानसभा में अपना प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित की जाएगी। मौके पर काफी संख्या में जदयू के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शीतलनाथ मंदिर में पहुंचे, आचार्य प्रमुख 108 सागर जी महाराज, जैनियों ने लिया आशीर्वाद

# बाल आचार्य निपुण नंदी जी महाराज और शुभमति माताजी हुईं शरीक

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** इटखोरी जैन धर्म के 10वें तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ स्वामी की जन्म भूमि भदलपुर में जैन धर्म गुरुओं का लगातार आगमन होने लगा है। मंगलवार को जैन धर्मगुरु आचार्य 108 प्रमुख सागर जी महाराज अपने संघ के साथ तीर्थंकर की जन्मभूमि पर पहुंचे। उनके साथ बाल आचार्य निपुण नंदी जी महाराज, जैन मुनि हरसेंद्र सागर जी महाराज तथा जैन साध्वी शुभमति माताजी का भी आगमन हुआ। आचार्य प्रमुख सागर जी महाराज अपने संघ के साथ पारसनाथ से इटखोरी पहुंचे हैं। सोमवार की रात जैन धर्म गुरुओं का विश्राम चौपारण थाना क्षेत्र के झापा गांव में स्थित विद्यालय में हुआ। मंगलवार की सुबह वहां से प्रस्थान करने के पश्चात प्रखंड के प्रवेश द्वार पर शीतलनाथ तीर्थ क्षेत्र कमेटी के महामंत्री सुरेश झांझरी के नेतृत्व में जैन धर्म गुरुओं का विधान पूर्वक स्वागत किया गया। तीर्थंकर शीतल नाथ की जन्म भूमि की ओर जाने के क्रम में भी जगह-जगह जैन धर्म गुरुओं का पाव पखारा गया। शीतलनाथ तीर्थ क्षेत्र कमेटी के महामंत्री सुरेश झंझरी ने बताया है कि बुधवार को आचार्य प्रमुख सागर जी महाराज का धार्मिक प्रवचन तीर्थंकर की जन्मभूमि पर होगा। जिसमें स्थानीय लोगों के साथ चतरा, चौपारण, तिलैया, हजारीबाग आदि शहरों से जैन धर्मावलंबी आएंगे। धार्मिक प्रवचन से पूर्व जैन धर्म गुरुओं को आहार कराया जायेगा। मौके पर ताराचंद जैन, पंकज जैन, सौरव जैन, स्वाति जैन समेत बड़ी संख्या में जैनियों ने महाराज का पैर धोकर आशीर्वाद लिया।

### इटखोरी में जैनियों ने महाराज जी का किया गाजे बाजे से स्वागत



### परेज के जंगली इलाके से लगातार मिल रही कोयला तस्करी की सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई

# अवैध स्टीम कोयला लदा ट्रक जब्त, एक गिरफ्तार, जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के परेज के जंगली इलाकों से लगातार मिल रही कोयला तस्करी की सूचना पर बेस्ट बोकारो ओपी पुलिस ने कार्रवाई की है। कार्रवाई में अवैध कोयला लदा एक ट्रक पकड़ा गया है, जबकि मामले में एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा कई तस्करों को नामजद अभियुक्त बनाया है। कार्रवाई के बाद कोयला तस्करों में हड़कंप मच गया है।

### क्या है मामला


जानकारी के अनुसार बेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सुरेंद्र सिंह कुंतिया को सोमवार की रात्रि गुप्त सूचना मिली कि अस्सी कॉलोनी परेज के निकट कुछ कोयला तस्कर ट्रक संख्या जेएच02एके 5114 पर अवैध स्टीम कोयला लाद रहे हैं। उक्त कोयले को बिहार की मंडियों में भेजने की फिराक में है। सूचना मिलने के बाद ओपी प्रभारी ने वरीय पदाधिकारियों को सूचित करते हुए बेस्ट बोकारो ओपी में तैनात दारोगा मुराद हसन को उक्त स्थल पर छापामारी कर ट्रक को जब्त करने का आदेश दिया। आदेशानुसार मुराद हसन सदल बल के साथ उक्त स्थल पहुंचे और ट्रक को जब्त कर लिया। वहीं पुलिस को देख वहां पर मौजूद दर्जनों लोग भागने में सफल रहे। जबकि ट्रक मालिक जाकिर हुसैन को गश्ती दल के जवानों ने खदेड़ कर पकड़ लिया। पुलिस जब्त ट्रक को वेस्ट बोकारो ओपी परिसर ले आयी है। जबकि गिरफ्तार ट्रक मालिक को मंगलवार को जेल भेज दिया।



### ट्रक मालिक ने उगले राज, कई हैं मेरे कारोबार के हिस्सेदार

ट्रक मालिक ने पुलिसिया पूछताछ में बताया कि परेज के जंगलों में मोटरसाइकिल के माध्यम से अवैध कोयला का भंडारण करते हैं। जिसे ट्रकों में लादकर बाहर भेजते थे। उनके साथ शहजाद अंसारी, अमित यादव, मोहम्मद शमीम, मिश्री प्रसाद, राजा अंसारी पार्टनर की भूमिका में हैं। पुलिस ने कांड संख्या 289/22 के तहत विभिन्न धाराओं में सभी को नामजद अभियुक्त बनाया है।

## आदिवासी मूलवासी रैयत विस्थापित संघ करेगा आंदोलन




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बलकुदरा पंचायत के ओवरब्रिज स्थित पेट्रोल पम्प के समीप मंगलवार को आदिवासी मूलवासी रैयत विस्थापित संघ द्वारा प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इसमें संघ के पदाधिकारियों ने यह ऐलान करते हुए कहा कि 14 दिसंबर बुधवार से अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा। हमारे क्षेत्र के मदनाटांड़ कोयला उत्खनन कार्य स्थल से एक छटाक कोयला बाहर नही जाने दिया जाएगा। क्योंकि हम विस्थापितो को हमेशा से सीसीएल प्रबंधन द्वारा छलने का कार्य किया जाता रहा है। कहा गया की पीएलआर कंपनी द्वारा हम रैयतों को किसी भी प्रकार का अधिकार नही दिया गया है। इन्हीं मामलों को ले हम सभी रैयत विस्थापित ग्रामीण चक्का जाम आंदोलन के लिए विवश हैं। प्रेस कांफ्रेंस में संयोजक देवानंद प्रसाद, अध्यक्ष झरी मुंडा, उपाध्यक्ष नन्दकिशोर मुंडा, महासचिव विनय कुमार, पवन कुमार मुंडा, सूरज बाडा, सुनील करमाली, मंटू प्रसाद, अजीत प्रसाद, विकास मुंडा, सुनील मुंडा, वीरेंद्र मुंडा, शत्रुंजय आदि आदि शामिल थें।

### सीएसआर के तहत हो रहे कार्यों को लेकर डीसी ने की बैठक

# अमृत सरोवर के तहत कार्य करने को लेकर आवश्यक निर्देश



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में मंगलवार को सीएसआर के तहत विभिन्न एजेंसियों द्वारा जिले में किए जा रहे कार्यों को लेकर डीसी माधवी मिश्रा ने बैठक किया। इस दौरान बैठक में सीएसआर के तहत पूर्व में हुई। बैठक के दौरान दिये गये निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए डीसी ने टाटा, सीसीएल सहित एजेंसीवार अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों से मिशन अमृत सरोवर के तहत किये गये कार्यों की जानकारी ली। मौके पर डीसी ने एजेंसियों को मिशन अमृत सरोवर के तहत उनके द्वारा किये गये कार्यों से संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं, डीसी ने नये स्थलों की पहचान करते हुए अमृत सरोवर के तहत कार्य करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। ओएनजीसी सहित अन्य एजेंसियों जिनके द्वारा सीएसआर के तहत किए जा रहे कार्यों को डीसी ने संतोषजनक नहीं पाया और उनके अधिकारियों को कार्यों को गंभीरता से लेने का निर्देश दिया। रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में बंद पड़े खदानों में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूर्व की बैठक में दिये गये। निर्देश के आलोक में डीसी माधवी मिश्रा ने संबंधित एजेंसियों को बंद पड़े खदानों में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने से होने वाले फायदे की जानकारी देते हुए इसमें रूचि लेते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में डीसी ने एजेंसीवार सीएसआर के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा मांडू प्रखंड के बिरहोर समूह में किये जा रहे कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने, सीएचसी मांडू का आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने एवं सौंदर्यीकरण कार्य ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया।

### अधिकारियों और एजेंसियों के प्रतिनिधियों को निर्देश

इन सबके अलावा बैठक के दौरान डीसी ने सीएसआर के तहत एंबुलेंस की उपलब्धता, एमटीसी वाहन, हिल व्यू स्टेडियम के जीर्णोद्धार, ओपन जिम का अधिष्ठापन सहित अन्य कार्यों को लेकर अधिकारियों व एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

**बैठक में ये थे उपस्थित:** बैठक में उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला योजना पदाधिकारी सह प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न एजेंसियों के सीएसआर प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# गुजरात में नयी पारी, नयी जिम्मेदारी

भूपेंद्र पटेल ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपनी दूसरी पारी सोमवार को शुरू की। हालांकि इनकी पहली पारी करीब एक साल की ही रही थी। उन्हें पिछले साल सितंबर में विजय रूपानी की जगह सीएम बनाया गया था। विधायक के रूप में वह उनका पहला ही कार्यकाल था। इसके बावजूद उनकी ओर से विश्वासपूर्वक यह बात कही जा सकती है कि मुख्यमंत्री पद सौंपते हुए पार्टी नेतृत्व को उनसे जो भी अपेक्षाएं थीं, वे जबर्दस्त ढंग से पूरी हुईं। पार्टी ने ऐसी जीत दर्ज की, जो नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मिली 2002 की जीत से ही नहीं, 1985 में कांग्रेस की प्रदेश के इतिहास की सबसे बड़ी जीत से भी बड़ी साबित हुई। हालांकि यह सवाल जरूर पूछा जायेगा कि इसमें मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की कितनी भूमिका मानी जाये? चूंकि बीजेपी ने अन्य तमाम चुनावों की ही तरह यह चुनाव भी पीएम नरेंद्र मोदी के चेहरे, उनके नाम और उनके द्वारा किये गये काम को सामने रखकर लड़ा था। चुनाव प्रबंधन भी प्रदेश नेतृत्व पर छोड़ दिया गया हो ऐसा नहीं था। बीजेपी में उसकी एक स्वतंत्र मशीनरी विकसित हो चुकी है, जो सफलतापूर्वक यह काम करती है और प्रदेश नेतृत्व का इसमें कोई सीधा दखल नहीं होता। लेकिन बावजूद इन सबके, यदि मुख्यमंत्री की इन सबमें कोई भूमिका नहीं होती तो चुनाव से ऐन पहले नया मुख्यमंत्री लाने की जरूरत ही क्यों पड़ती। दूसरी बात यह कि खुद भूपेंद्र पटेल भी इस बार 1.92 लाख वोटों के विशाल अंतर से जीत कर आये हैं। जाहिर है, न तो इस जीत की अहमियत कम की जा सकती है और न ही इसमें भूपेंद्र पटेल की भूमिका को कम करके आंका जा सकता है। आश्चर्य नहीं कि पार्टी नेतृत्व ने भी उनके शपथ ग्रहण समारोह को इस जीत के अनुरूप ही भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षा मंत्री समेत अनेक केंद्रीय मंत्री, विभिन्न बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और प्रमुख नेता इस मौके पर मौजूद रहे। इन सबसे इस नयी पारी को लेकर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। लोकसभा चुनाव को दो साल भी नहीं रह गये हैं। गुजरात मॉडल बीजेपी के लिए पूरे देश में वोट मांगने का एक प्रमुख आधार रहा है। यह मॉडल विकास के साथ हिंदुत्व का है, जिसे बीजेपी ने दूसरे कई राज्यों में कामयाबी के साथ भुनाया है। भूपेंद्र पटेल पर यह जिम्मेदारी होगी कि वह गुजरात की ग्रोथ ओरिएंटेड छवि को बनाये रखें। उनसे यह भी अपेक्षा है कि वह मोरबी पुल हादसे की जांच को तार्किक परिणति तक ले जायें, जिससे इसके दोषियों को सजा मिल सके। बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व यह भी आशा करेगा कि विधानसभा चुनाव में जबर्दस्त जीत के बाद अगले आम चुनाव में वह अधिक से अधिक सीटों पर जीत सुनिश्चित करें।

**गुजरात मॉडल बीजेपी के लिए पूरे देश में वोट मांगने का एक प्रमुख आधार रहा है। यह मॉडल विकास के साथ हिंदुत्व का है, जिसे बीजेपी ने दूसरे कई राज्यों में कामयाबी के साथ भुनाया है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**परिवहन क्षेत्र में 35 अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों और 55 घरेलू हवाई अड्डों को पहुंच की विशेषताएं प्रदान की गयी हैं। 12 हवाई अड्डों पर एंबुलिफ्ट उपलब्ध हैं। इसी तरह रेलवे में सभी 709 ए1, ए और बी श्रेणी के रेलवे स्टेशनों को सात अल्पकालिक सुविधाएं प्रदान की गयी हैं। 603 रेलवे स्टेशनों को 2 दीर्घकालिक सुविधाएं प्रदान की गयी हैं और रोडवेज में 1,45,747 (29.05%) बसों को आंशिक रूप से सुलभ बनाया गया है और 8,695 (5.73%) को पूरी तरह से सुलभ बनाया गया है।**

# जनमानस की सद्भावना से शीघ्र सफल होगा सुगम्य भारत अभियान



सुखदेव वशिष्ठ




3 दिसंबर, 2015 को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर भारत के प्रधानमंत्री द्वारा लॉन्च किया गया सुगम्य भारत अभियान दिसंबर 2022 में 7 साल पूरे कर चुका है। अभियान का उद्देश्य पूरे देश में दिव्यांगजनों के लिये बाधा मुक्त और अनुकूल वातावरण बनाना है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन अधिकारिता विभाग राष्ट्रव्यापी स्तर पर इस अभियान को चला रहा है।

**सुगम्य भारत अभियान की आवश्यकता :**

2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में दिव्यांग की संख्या 2.68 करोड़ है। इस प्रकार, अवसर की समानता और एक सक्षम वातावरण प्रदान करके दिव्यांग व्यक्तियों की सहायता के लिए बाधा मुक्त वातावरण और सुलभ पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की आवश्यकता महसूस की गयी।

2015 से पहले, सुगमता से संबंधित मुद्दों पर ध्यान केंद्रित नहीं किया गया था। न तो निश्चित समयसीमा के साथ एक मजबूत कानून बनाया गया था, न ही पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक समर्पित अभियान लागू किया गया था।तत्कालीन दिव्यांग व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम 1995 मुख्य रूप से कल्याणकारी था और इसकी पहुंच से संबंधित प्रावधान सीमित थे और व्यापक नहीं थे।

**केंद्र सरकार के 1030 भवनों सहित 1630 सरकारी भवनों को सुलभता की विशेषताएं प्रदान की गयी हैं।**

**विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 की मुख्य विशेषताएं**

इस के तहत धारा 40 में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सभी 3 घटकों, निर्मित पर्यावरण, परिवहन क्षेत्र और सूचना और संचार प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र में पहुंच के मानकों को निर्धारित करने वाले नियमों का निर्माण किया गया है। धारा 41 से 43 परिवहन, आइसीटी, सार्वभौमिक रूप से डिजाइन किये गये उपभोक्ता उत्पादों तक पहुंच के लिए सुविधाएं प्रदान करती है। धारा 44 निर्धारित मानकों (धारा 40) के अनुसार अभिगम्यता कानून का अनिवार्य पालन सुनिश्चित करता है। धारा 45 और 46 मौजूदा बुनियादी ढांचे/सेवाओं को सुलभ बनाने की समय सीमा से संबंधित है; भवन (5 वर्ष) और सेवाएं (2 वर्ष)।

**सुगम्य भारत अभियान के लक्ष्य और उद्देश्य**

अभियान का उद्देश्य बाधा मुक्त वातावरण बनाने की प्रक्रिया को औपचारिक रूप देना और विकलांगों को सार्वजनिक सुविधाओं और स्थानों में एक अनुकूल पहुंच प्रदान करना है।

हमारी संस्कृति और लोकाचार में इसे अंतर्निहित बनाने के लिए मुख्य उद्देश्य मुख्यधारा की पहुंच है।

दिव्यांगजन (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 स्पष्ट रूप से परिवहन एवं निर्मित वातावरण में गैर-भेदभाव का प्रावधान करता है। विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 ने विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन का अनुपालन करने के लिये पीडब्ल्यूडी अधिनियम, 1995 को प्रतिस्थापित किया।

यूएनसीआरपीडी जिसका भारत एक हस्ताक्षरकर्ता है, के अनुच्छेद 9 के अंतर्गत पीडब्ल्यूडी की पहुंच सुनिश्चित करने के लिये सरकारों पर दायित्व डालता है। यह सूचना, परिवहन, भौतिक, वातावण, संचार प्रौद्योगिकी सेवाओं के साथ-साथ आपातकालीन सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करता है।

**सुगम्य भारत अभियान की वर्तमान स्थिति**

1671 भवनों की अभिगम लेखा परीक्षा पूरी हो गयी है।

केंद्र सरकार के 1030 भवनों सहित 1630 सरकारी भवनों को सुलभता की विशेषताएं प्रदान की गयी हैं।

परिवहन क्षेत्र में 35 अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों और 55 घरेलू हवाई अड्डों को पहुंच की विशेषताएं प्रदान की गयी हैं। 12 हवाई अड्डों पर एंबुलिफ्ट उपलब्ध हैं। इसी तरह रेलवे में सभी 709 ए1, ए और बी श्रेणी के रेलवे स्टेशनों को सात अल्पकालिक सुविधाएं प्रदान की गयी हैं। 603 रेलवे स्टेशनों को 2 दीर्घकालिक सुविधाएं प्रदान की गयी हैं और रोडवेज में 1,45,747 (29.05%) बसों को आंशिक रूप से सुलभ बनाया गया है और 8,695 (5.73%) को पूरी तरह से सुलभ बनाया गया है।

केंद्र और राज्य/केंद्रशासित प्रदेशों की लगभग 627 वेबसाइटों को सुलभ बनाया गया है। इसी तरह 19 निजी समाचार चैनल आंशिक रूप से सुलभ समाचार बुलेटिनों का प्रसारण कर रहे हैं।

2,447 समाचार बुलेटिनों का प्रसारण सबटाइटलिंग/साइन-लैंग्वेज इंटरऑपरेशन के साथ किया गया है।9 सामान्य मनोरंजन चैनलों ने सबटाइटलिंग का उपयोग करके 3686 अनुसूचित कार्यक्रमों / फिल्मों का प्रसारण किया है। शिक्षा के क्षेत्र में 11,68,292 सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में से, 8,33,703 स्कूलों (71%) को रैंप, हैंडरेल और सुलभ शौचालयों के प्रावधान के साथ मुक्त बनाया गया है। सुगम्य भारत अभियान के तहत गतिविधियों की निगरानी प्रबंधन सूचना प्रणाली पोर्टल के माध्यम से की जा रही है।

**सुगम्य भारत एप**

इस का उद्देश्य बुनियादी ढांचे और सेवाओं में जमीनी स्तर पर सामना की जा रही पहुंच की शिकायतों को क्राउडसोर्स करने में मदद करना और निवारण के लियेअग्रेषित करना है। इस के साथ संसाधनों तक पहुंच वाले महत्व के बारे में संवेदीकरण और जागरूकता पैदा करने में सहायता भी की जा रही है।

दिव्यांगजनों की कोविड-19 से संबंधित शिकायतें को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में, आज दिव्यांगजन के लिए अवसर और पहुंच पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

हमारा प्रयास है कि देश का प्रत्येक व्यक्ति सशक्त हो, एक समावेशी समाज का निर्माण हो, समानता और सहयोग की भावना से समाज में समरसता बढ़े और सभी एक होकर आगे बढ़ें।

आरएसएस के सर संघ चालक मोहन भागवत के शब्दों में, अस्पृश्यता किसी सरकार के कानून से नहीं आयी, वह समाज की रूढ़ि के कारण आई है। हमारी सद्भावना ही उसका प्रतिकार करेगी। व्यापक जन-भागिदारी से इस अभियान में और तेजी से निश्चित ही सफलता मिलेगी।

भारत के जन-जन की सद्भावना से शीघ्रता से हम सुगम्य भारत अभियान मे निश्चित ही सफल होंगे।

## जमशेदपुर की खबरें

### डीसी ने पदाधिकारियों के साथ अवैध खनिज कारोबारियों के खिलाफ की छापेमारी
# 23 हाइवा जब्त, 8 लाख का जुर्माना



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में जिला प्रशासन अवैध खनिज कारोबारियों के खिलाफ लगातार छापेमारी कर रही है। सोमवार देर रात उपायुक्त विजया जाघव के नेतृत्व में गाड़ियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान 23 हाईवा को जप्त किया गया। सभी वाहनों से लगभग 8 लाख रुपिया जुमार्ना वसूला गया। उधर छापेमारी की सूचना मिलते ही अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया। उपायुक्त के नेतृत्व में पूर्वी सिंहभूम जिले के दोनों अनुमंडल में सुबह लगभग पांच बजे तक अभियान चला। छापेमारी अभियान के दौरान 9 हाईवा में बालू,7 हाईवा गिट्टी और 6 हाईवा में आयरन ओर को जिला प्रशासन ने जप्त कर लिया। उधर अभियान के दौरान सुबह लगभग 4:30 बजे साकची गोल चक्कर से एक हाईवा जप्त किया गया। छापेमारी अभियान में उपायुक्त विजया जाघव के साथ डीटीओ दिनेश रंजन, घाटशिला एसडीपीओ सत्त्यबीर रजक, कार्यपालक दंडाधिकारी जयप्रकाश करमाली, घाटशिला सीओ राजीव कुमार सहित स्थानीय पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल मौजूद रहे।

# झामुमो के जिला कमेटी की बैठक कल
### जिले के सभी विधायकों और पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं का होगा जुटान



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता रहे शहीद निर्मल महतो के 72 वा जन्मदिन 25 दिसंबर को कदमा के उलियांन में धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसको लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की जिला कमेटी ने तैयारी शुरू कर दी है। मंगलवार को जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष सह घाटशिला विधायक रामदास सोरेन ने बताया प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जमशेदपुर के उलियांन में शहीद निर्मल महतो के जन्मदिन धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसको लेकर कदमा स्थित उलियांन के निर्मल महतो सामुदायिक भवन में जिला कमेटी की एक बैठक 15 दिसंबर को रखा गया है।

बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा के पांच विधायक सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता व पार्टी के सभी बिंग शामिल रहेंगे। 15 दिसंबर को आयोजित बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जायेगी। साथ ही सभी को अलग-अलग क्षेत्र में जिम्मेदारी सौंपा जायेगा।

उन्होंने बताया जिला कमेटी के द्वारा आयोजित स्वर्गीय निर्मल महतो के जन्मदिन पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व दिसुम गुरु शिबू सोरेन को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जायेगा। विधायक सह जिला अध्यक्ष रामदास सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी पदाधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने की

# हाइटेंशन की चपेट में आने से हाथी की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** जादूगोड़ा थाना अंतर्गत राखा वन क्षेत्र के बगलासाई गांव के पास हाईटेंशन की चपेट में आने से हाथी की मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार घटना सोमवार देर रात्रि का है। ग्रामीणों के अनुसार जादूगोड़ा व उसके आसपास के क्षेत्र में बीते तीन दिनो से भोजन की तलाश में भटक रहे विशाल हाथी की 11 हजार वोल्ट की चपेट में आने से मौत हो गई।सुबह लोगो को जानकारी मिलने पर क्षेत्र के रेंजर विमद कुमार को जानकारी दी गई। घटना स्थल पर पहुंच कर रेंजर ने आगे की कारवाई शुरू कर दी। ग्रामीणों के अनुसार हाथियों के भटकने की सूचना वन विभाग को दी थी। लेकिन वन विभाग के द्वारा इसपर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने बताया हाथियों का झुंड बीते तीन दिनो से जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के भाटीन पंचायत अंतर्गत मेंचुआ, जाहिरा घूटू ,भाटीन गांव के समक्ष घूम रही थी। देर रात्रि जाहिरा घुटु में भ्रमण करते देखा गया। ग्रामीणों ने फटाखे फोड कर भागने की कोशिश की। 11 हजार का बिजली तार के नीचे झूलने की वजह वह इसकी चपेट में आ गया। कोवाली थाना क्षेत्र से पलायन कर इस क्षेत्र में बीते तीन दिनो से भ्रमण कर रहे थे।

# हरिजन स्कूल से छात्रा के अपहरण का प्रयास, जांच में जुटी पुलिस



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सीतारामडेरा थाना अंतर्गत भालूबासा हरिजन स्कूल में चौथी कक्षा की छात्रा के अपहरण के मामला प्रकाश में आया। मंगलवार को परिजन के द्वारा थाना में लिखित शिकायत के बाद पुलिस स्कूल में जांच करने पहुची। बताया जा रहा है घटना सोमवार की है।

पुलिस ने पोक्सो एक्ट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। स्कूल के प्रभारी प्राचार्य ने बताया सोमवार दोपहर स्कूल में छुट्टी के बाद छात्रा बाहर आई थी। इसी दौरान एक अनजान व्यक्ति छात्रा को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। थोड़ी दूर जाते ही वह उसके साथ छेड़खानी करने लगा। छात्रा के द्वारा शोर मचाने पर स्थानीय लोग पहुंचते ही अनजान व्यक्ति मौके से फरार हो गया। छात्रा ने स्कूल पहुंचकर घटना की जानकारी दी। वही थाना प्रभारी अखिलेश्वर मंडल ने बताया परिजन के द्वारा शिकायत मिलने के बाद पुलिस जांच कर आगे की करवाई कर रही है।

# पार्टी नेता के घर में आधी रात को पुलिसिया कार्रवाई पर भाजपा आक्रोशित



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जिला प्रशासन द्वारा सोमवार आधी रात को भाजपा नेता विकास सिंह के घर में छापामारी पर भाजपा आक्रोशित है। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी होने पर शहर के भाजपा कार्यकर्ता काफी आक्रोशित दिख रहे। भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष गुंजन यादव ने पुलिसिया कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा की।

मंगलवार को जारी बयान में जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा भाजपा कार्यकर्ता विकास सिंह के घर आधी रात को पुलिस बल के साथ गिरफ्तारी के लिए जिला प्रशासन पहुची थी। इस तहर के आचरण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। विकास सिंह की अनुपस्थिति में उनके घर पर एक पेशेवर अपराधी को पकड़ने जैसे व्यवहार करना दर्शार्ता है। पुलिस झामुमो-कांग्रेस सरकार और उनके काबीना मंत्री के इशारे पर कार्य कर रही है। जबकि मामला वर्षों पुराना है। कुछ मामलों में विकास सिंह ने जमानत ली हुई है। एक मामला न्यायालय में विचाराधीन था। जिसपर स्टे लगे होने की जानकारी मिली है।

गुंजन यादव ने कहा जब नगर निगम का चुनाव सर पर हैं, वैसे समय में जिला प्रशासन सिर्फ और सिर्फ सरकार और काबीना मंत्री के कठपुतली के रूप में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा अगर पावर और पद का दुरुपयोग कर तंग करने की कोशिश होगी तो भाजपा पूरी मजबूती से उनका मुकाबला करेगी।

# विधायक ने बिजली की समस्याओं पर अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में दक्षिणी छोटा गोविन्दपुर पंचायत के बजरंग नगर, छोटा गोविन्दपुर बस्ती एवं खकड़ीपाड़ा पंचायत के महतोडीह बस्ती में बिजली के समस्या से क्षेत्र के लोग काफी परेशान है। उन्होंने पूरे मामले की जानकारी विधायक मंगल कालिंदी को दी। मंगलवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ क्षेत्र का निरीक्षण किया। विधायक ने क्षेत्र के निरीक्षण कर बिजली संबंधित समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। मौके पर विधायक ने पुराने तार को बदलकर नए तार लगाने,क्षेत्र में नया ट्रांसफार्मर लगाने, कई जगहों पर बिजली का पोल लगाने एवं अन्य समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। साथ ही जल्द उसका समाधान निकालने का निर्देश दिया। मौके पर काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। स्थानीय लोगो ने समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। विधायक मंगल कालिंदी ने ग्रामीणों को जल्द समस्याओं का समाधान के लिए आश्वासन दिया।

विधायक ने बताया बिजली व्यावस्था दुरस्त करने के लिए विभाग के अधिकारियों के साथ दौरा किया गया। जल्द ही समस्याओं का समाधान होगा। मौके पर पंचायत के मुखिया आलोक संडिल, घासीराम बारदा, पंकज गोप, रजनी दास, नवमी सिंह, सागर महतो, रणजीत महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

महत्वपूर्ण न्यूज

## अध्ययनरत छात्र की मौत पर राजकीय मध्य विद्यालय परिवार ने की शोकसभा



**केतार (आजाद सिपाही)।** राजकीय मध्य विद्यालय ताली के कक्षा 8 में अध्ययनरत छात्र सुदीप कुमार की सर्पदंश से सोमवार को देर शाम आकस्मिक मौत हो गयी थी। मंगलवार को दिवंगत आत्मा की शांति हेतु विद्यालय में सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। विदित है की केतार थाना क्षेत्र के मुकुन्दपुर पंचायत के ताली गांव निवासी दीपक साह का 15 वर्षीय एकलौता पुत्र सुदीप कुमार की मौत सोमवार की देर शाम में हो गई। जिससे गांव का माहौल गमगीन हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की शाम 8 बजे सुदीप को अजगर सांप ने घर के आंगन में डस लिया था। इसके बाद आनन फानन में परिजन इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़-फूंक के लिए ले गये, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ और सुदीप का पैर में सूजन होने लगा, तब सोमवार को परिजनों ने इलाज के लिए गढ़वा के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई।

## कटहर कला पंचायत में अज्ञात बीमारी से हो रही पशुओं की मौत से पशुपालक चिंतित



**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में अज्ञात बीमारी से लगातार हो रहे पशुधन की मौत से पशुपालकों के होश उड़ रहे हैं। इस संबंध में सबसे अधिक मौत कटहर कला पंचायत में देखने को मिल रही है। इसे लेकर कटहर कला पंचायत के मुखिया कलावती देवी ने दुख जताते हुए जिले के पदाधिकारियों से अविलंब रोक लगाने की मांग की है। इस संबंध में पूछे जाने पर पशुपालक राजेन्द्र राम, झूलन बैठा, गनेसी बैठा, जवाहिर राम, चन्दन यादव, बीरेंद्र प्रसाद, रविन्द्र कुमार यादव, सीताराम चन्द्रवंशी, गुलाब राम, श्यामलाल यादव, सुनील बैठा ने बताया कि एक सप्ताह के अंदर डेढ़ दर्जन गाय-बैल की मृत्यु हो चुकी है, जबकि मृत्यु होने का सिलसिला जारी है। बीमारी के लक्षण के विषय में पूछने पर उक्त लोगों का कहना है कि बीमार पशु एकाएक कांपने लगते हैं। झोला छाप पशु चिकित्सकों से इलाज कराने के बाद भी दो से पांच घंटे के भीतर पशुओं की मौत हो जा रही है। इस कारण पशुपालक को कुछ समझ में नहीं आ रहा है कि कौन सी बीमारी है इसकी रोकथाम कैसे की जा सकती है। इसे देखते हुए मुखिया कलावती देवी ने उक्त महामारी की रोकथाम के लिए जिले के पदाधिकारियों से टीम भेजकर जांच करते हुए अविलंब रोक लगाने की मांग की है। मुखिया का कहना है कि इस महामारी को गंभीरता से लेते हुए इलाज नहीं किया गया तो स्थिति अत्यंत खराब हो जाएगी, जिसे रोकना आसान नहीं होगा।

## मुखिया ने किया छात्र-छात्राओं के बीच स्वेटर व जूता-मोजा का वितरण



**सगमा (आजाद सिपाही)।** राजकीय मध्य विद्यालय शारदा के प्रांगण में मंगलवार को कक्षा एक व दो के छात्र-छात्राओं के बीच स्वेटर, जूता-मोजा का वितरण मुखिया कलावती देवी, बीडीसी सदस्य मामता सिंह, प्रधानाध्यापिका विंध्यवासिनी कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुखिया कलावती देवी ने कहा कि राज्य सरकार छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने को लेकर तत्पर है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को सरकार दोपहर के भोजन सहित किताब, कॉपी, जूता, मोजा, ड्रेस व छात्रवृत्ति इत्यादि उपलब्ध करा रही है ताकि लोगों को शिक्षा ग्रहण कराने में अभिभावकों को परेशानी का सामना ना करना पड़े। इसलिए सभी अभिभावकों का कर्तव्य बनता है कि अपने-अपने बच्चे को नियमित विद्यालय भेजें। सरकार छात्र-छात्राओं को सभी सुविधाएं मुफ्त में उपलब्ध करा रही है। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र राम, लाल बहादुर बैठा, अलोक कुमार आदि लोगों शामिल थे।

कार्यक्रम : शिक्षा विभाग के उप सचिव ने कई विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

# स्कूल परिसर में गंदगी देख भड़के प्रधानाध्यापकों को लगायी फटकार

**अपूर्ण भवन में कस्तूरबा विद्यालय संचालित होने पर आपत्ति जताते हुए शिक्षा विभाग के जेई को अविलंब अधूरे कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिये**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मझिआंव।** शिक्षा विभाग के उपसचिव ओम प्रकाश तिवारी ने मंगलवार को मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड के चार विद्यालयों में औचक निरीक्षण किया। जिसमें सबसे पहले प्राथमिक विद्यालय बकोईया, अपग्रेड हाई स्कूल मझिआंव, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, मुखदेव टेन प्लस टू उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में कस्तूरबा विद्यालय में बिना पूर्ण किये ही संवेदक द्वारा शिक्षा विभाग को भवन को सौंपने पर शिक्षा विभाग के जेई अनिल कुमार पांडेय को मोबाइल पर फटकार लगाते हुए बिना खिड़की दरवाजा लगाये ही कैसे उसमें छात्राओं को शिफ्ट किया गया। कस्तूरबा विद्यालय संचालित होने पर आपत्ति जताते हुए अविलंब इस पर अधूरे कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं साफ सफाई कराने का निर्देश दिया एवं विद्यालय में वर्ग वार जांच पड़ताल करते हुए गंदगी देख भड़क उठे एवं स्कूल की हेड मास्टर समीता कुमारी को कड़ी फटकार लगाते हुए उसे साफ सफाई कराने सहित अन्य दिशा निर्देश दिये। वहीं अपग्रेड हाई स्कूल मझिआंव में गंदगी देख भड़क गए एवं हेडमास्टर सुधा कुमारी को फटकार लगाई तथा साफ-सफाई कराने का सख्त हिदायत दी।

वहीं टेन प्लस टू उच्च विद्यालय बरडीहा में भी जांच पड़ताल की तथा उसमें भी साफ-सफाई सहित दिशा-निर्देश दिये। साथ ही साथ उन्होंने सभी जांच किए गए विद्यालयों के हेड मास्टर एवं शिक्षकों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि सुबह 9:00 बजे से लेकर शाम 3:00 बजे तक प्रतिदिन स्कूल में शिक्षक समय पर जाएं एवं समय पर बंद करें। स्कूल के दौरान छात्र-छात्राएं अगर रोड पर घूमते मिलेंगे तो संबंधित हेड मास्टर के ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने स्कूल में ढंग से पठन-पाठन करने, एमडीएम देने एवं बच्चों को पढ़ाई में गुणवत्ता लाने की हिदायत दी। मौके पर उपस्थित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विद्यासागर मेहता को निर्देश देते हुए कहा कि प्रतिदिन संबंधित स्कूल में सीआरपी अनुश्रवण कर प्रतिदिन रिपोर्ट दें। इस मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक अनीता पूर्ति, बीईईओ विद्यासागर मेहता उपस्थित थे।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गढ़वा ने विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच कर खाद्य सामग्रियों के सैंपल संग्रहित किये

**प्रयोगशाला से प्राप्त होने वाले जांच प्रतिवेदन के आधार पर प्रतिष्ठानों के विरुद्ध की जाएगी कार्रवाई : एसडीओ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** अभिहित अधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गढ़वा के द्वारा नगर उंटारी अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गयी। जांच के क्रम में भारतीय स्टेट बैंक के पुराने भवन के पास अवस्थित पन्नालाल सेल्स दुकान से गुरुकुल ब्रांड का नमकीन एवं मगध ब्रांड का मूंगफली चिकी का नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गढ़वा के द्वारा बताया गया कि खाद्य पदार्थों का सैंपल जांच हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला रांची भेजा जाएगा, जहां से जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत किसी भी प्रकार की अनियमितता होने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

अभीहित अधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर के द्वारा बताया गया कि सभी आम जनों को स्वस्थ एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो इसके लिए समय-समय पर खाद्य प्रतिष्ठानों एवं होटलों की जांच की जा रही है एवं खाद्य पदार्थों के सैंपल जांच हेतु प्रयोगशाला में भेजा जा रहा है। प्रयोगशाला से प्राप्त होने वाले जांच प्रतिवेदन के आधार पर संबंधित दुकानदारों एवं प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पूर्व में भी खाद्य पदार्थों का सैंपल जांच हेतु भेजा गया था, जिसमें भवनाथपुर प्रखंड अंतर्गत खरौंधी मोड़ से लिया गया आकांक्षा हल्दी पाउडर का नमूना जांच में मिसब्रांडेड एवं अस्वस्थकर पाया गया है। उक्त मामले में संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक एवं डुप्लीकेट ब्रांड के खाद्य सामग्री बेचने वाले सभी दुकानदार एवं प्रतिष्ठान के विरुद्ध आगे भविष्य में भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही प्रतिबंधित पान मसाला बेचने वाले दुकानदारों के विरूद्ध भी समय-समय पर छापेमारी एवं कार्रवाई की जाएगी।

मौके पर सुश्री अंजना रानी मिंज, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गढ़वा, सहायक उपेंद्र कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बोलेरो की चपेट में आने से एक बच्ची की मौत, दो घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बीती रात धक्का मारकर भाग रहे बोलेरो तीन अलग-अलग जगहों पर विभिन्न गाड़ियों से टकराया। तीनों सड़क दुर्घटना में एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार पहली घटना बंशीधर थाना क्षेत्र के दहेड़िया में घटी, जहां दहेडिया निवासी राजकुमार सिंह के 30 वर्षीय पुत्र अशोक सिंह बोलेरो से धक्का लगने से घायल हो गये, जबकि दूसरी घटना में खरौंधी के नवडीहा निवासी संजय यादव अपनी बेटी और नतिनी के साथ खरौंधी जा रहे थे तभी पीछे से जा रहे अनियंत्रित बोलेरो ने उन्हें धक्का मार दिया। जिसमें डेढ़ वर्षीय बच्ची घायल हो गई। जिसे आनन-फानन में भवनाथपुर सीएचसी लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। तीसरी घटना में बोलेरो तेज गति से भागने के क्रम में अमरोरा एचपी गैस एजेंसी के समीप तीव्र मोड़ पर बुका निवासी सत्येंद्र पासवान के 25 वर्षीय पुत्र अभय पासवान को धक्का मार दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया।

## रंका प्रखंड प्रमुख ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

**राज्य सरकार छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने को लेकर तत्पर है : मुखिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** अनुमंडल क्षेत्र के ग्राम बरवाही में रंका प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा के द्वारा गांव के दर्जनों गरीब असहाय वृद्ध जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस ठिठुरन भरी सर्दी के मौसम में कंबल पाकर लोग बहुत खुश थे और प्रमुख हेमंत लकड़ा को बधाई दी है। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण महिला पुरुष काफी संख्या में उपस्थित थे।

## चिकित्सक के साथ मारपीट की घटना से अस्पताल कर्मी भयभीत

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीती सोमवार की रात घायल को रेफर किये जाने में हो रही देरी को लेकर घायल के परिजन और चिकित्सक के बीच मारपीट की घटना सामने आयी है। घटना को लेकर अस्पताल में तैनात चिकित्सक निःशंक निश्रम ने बताया कि बीते सोमवार की रात करीब आठ बजे भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बुका गांव निवासी अभय पासवान बाईक दुर्घटना में घायल हो गया था, उसे इलाज के लिए भवनाथपुर सीएचसी लाया गया, यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल गढ़वा भेजने की तैयारी चल ही रही थी, कि उसका भाई विभूति पासवान आ धमका तथा अपने घायल भाई को भेजने में रेफर पर्ची बनाने को लेकर मेरे साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। वहीं प्रत्यशदर्शियों के अनुसार विभूति पासवान नशे में धुत था, वह अपने घायल भाई को अस्पताल में होने की सूचना पर पहुंचकर बेवजह चिकित्सक के साथ बदसलूकी करने के साथ उनके साथ मारपीट की। इससे गुस्से में आकर अज्ञात लोगों ने भी उसे पीट दिया। किसी तरह बीच बचाव कर विभूति पासवान को भगाया गया। इधर चिकित्सक के साथ हुई मारपीट की घटना से अस्पताल कर्मी भयभीत हैं।

## रंका मोड़ घंटाघर स्थित प्लेटफार्म पर वाटर एटीएम मशीन का उद्घाटन




**इस तरह का और भी वाटर एटीएम बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर भी लगाने की व्यवस्था की जाएगी : नप अध्यक्ष**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** नगर परिषद गढ़वा के द्वारा महानगर निगम की तर्ज पर रंका मोड़ घंटाघर स्थित प्लेटफार्म पर वाटर एटीएम मशीन का उद्घाटन नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केसरी, उपाध्यक्ष मीरा पांडे, कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, वार्ड पार्षद अनीता देवी ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कर किया। इस मौके पर अध्यक्ष पिंकी केशरी ने कहा कि इस वाटर एटीएम की खासियत यह है कि इसमें ₹1 का सिक्का डालने पर 200एमएल पानी, ₹2 का सिक्का डालने पर 300 एमएल पानी और ₹5 के सिक्का डालने पर 1 लीटर एवं ₹10 के सिक्का डालने पर 2 लीटर शुद्ध आरओ का पानी जनता को उपलब्ध होगा। उक्त मशीन में कुल चार नल लगे हुए हैं, सिक्का डालने की जगह अलग से बनायी हुई है। सर्वप्रथम सिक्का डालने के उपरांत हरा बटन को दबाना है। तब इसमें से पानी बाहर निकलेगा और बोतल में आप ले सकते हैं। दो नल ठंडा पानी के लिए और दो नल नॉर्मल पानी के लिए बनाये गये हैं। किसी कारणवश सिक्का डालने के बाद पानी नहीं निकला तो सिक्का वापस अपने आप हो जाएगा। पानी की गुणवत्ता को इस मशीन के साथ पूरी तरह से जांच करते हुए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया गया है। आगे भविष्य में इस तरह का और भी वाटर एटीएम बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर भी लगाने की व्यवस्था की जाएगी।

इस मौके पर मुख्य रूप से वार्ड पार्षद आलोक रंजन, दिनेश गौड़, घनश्याम कुमार, मीरा कुमारी, सविता देवी, वार्ड प्रतिनिधि नौशाद आलम, अप्पू हसन, बबलू कुमार, कृष्णा केसरी, बंधु राम, मुन्ना मोबाइल, उमेश कुशवाहा, सुरेंद्र कश्यप, भोला कुमार, सुनील कुमार तथा कार्यालय कर्मी विकास कुमार, अरशद अंसारी, अमित कुशवाहा, लव कुमार, विंदु राम, शिव भजन ठाकुर, राम कुमार, केदार राम, महेश महतो आदि उपस्थित थे।

## सदर अस्पताल में तनाव मुक्ति कैंप में 105 मरीजों की जांच की गयी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा तनाव मुक्ति कैंप का आयोजन मंगलवार को गढ़वा सदर अस्पताल में किया गया। इसमें 105 मरीजों की जांच की गयी एवं निशुल्क दवा दी गयी। तनाव मुक्ति शिविर में डालटनगंज के मनोचिकित्सक डॉ आशीष कुमार के द्वारा उपस्थित सभी मरीजों की जांच की गयी। इस मौके पर डॉ आशीष कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल में हर महीने के दूसरे रविवार को तनाव मुक्ति शिविर का आयोजन किया जाता है। इसमें मंदबुद्धि की जांच निशुल्क की जाती है। इसके अलावा उन्हें निशुल्क दवा भी दी जाती है। उन्होंने बताया कि जिले के लोग इस कैंप का लाभ लें। इस मौके पर डॉ सुनील कुमार, मोहम्मद शमा उल, प्रेमलता कुमारी, जितेंद्र कुमार सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सीओ ने नापी कराकर सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने के दिये निर्देश



**कांडी (आजाद सिपाही)।** स्टेट बैंक के निकट की सरकारी जमीन की मापी के दौरान आठ फुट की चौड़ाई में अतिक्रमण पाया गया। स्थानीय कालेज रोड में भारतीय स्टेट बैंक के निकट की सरकारी जमीन की मंगलवार को अंचल पदाधिकारी अजय कुमार दास के निर्देशानुसार मापी की गयी। सरकारी अंचल अमीन व एक प्राइवेट अमीन ने मापी की। इस दौरान सड़क पर जमीन की चौड़ाई 40 फीट पायी गयी। जिसमें आठ फीट की चौड़ाई में एक व्यक्ति के द्वारा ईंट सोलिंग कर निजी सड़क बना दी गयी है। मौके पर मौजूद कांडी पंचायत के मुखिया विजय राम ने ईंटों को हटा लेने का निर्देश दिया। मालूम हो कि इसी जमीन पर वर्षों पूर्व बने हुए मूत्रालय को चार दिसंबर की रात में ध्वस्त कर दिया गया था। इसी सरकारी भूखंड पर सार्वजनिक शौचालय निर्माण कराये जाने की योजना है। क्योंकि कांडी प्रखंड मुख्यालय व बाजार में एक भी सार्वजनिक शौचालय नहीं है। जिस कारण लोगों को काफी कठिनाई होती है। मुखिया विजय राम व ग्रामीणों ने सीओ से अतिक्रमण किए गए जमीन को जल्द से जल्द खाली कराये जाने की अपील की है। ताकि शौचालय का निर्माण शीघ्र कराया जा सके। इस मौके पर सरकारी अमीन और एक प्राइवेट अमीन ने जमीन की मापी कर सीओ को रिपोर्ट सौंप दिया। इस मौके पर कांडी पंचायत के मुखिया विजय राम, पंसस ममता देवी के प्रतिनिधि अनूप राम, जेपी सोनी, बाबूलाल प्रसाद, प्रदीप प्रसाद, उदय राम, डा. रविरंजन सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## डीसी से जिप सदस्य ने की वित्तरहित स्कूल के छात्रों को छात्रवृत्ति दिलाने की मांग



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद सदस्य शम्भू राम चंद्रवंशी ने डीसी रमेश घोलप से मिलकर जिले के वित्तरहित स्कूल के छात्रों को कल्याण विभाग की ओर से मिलने वाली छात्रवृत्ति का लाभ दिलाने का अनुरोध किया है। सोमवार को इससे संबंधित मांग पत्र जिप सदस्य ने डीसी को सौंपा। मांग पत्र में कहा गया है कि जिले के वित्तरहित दस स्कूलों के 8000 से ज्यादा छात्र क्लास 9वीं तथा 10वीं में अध्ययन करते हैं। जिनमें अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक तथा पिछड़े वर्ग के छात्रों की संख्या अधिक है। पिछले कई वर्षों से इन्हें छात्रवृत्ति का लाभ मिलते आया है। लेकिन इस बार कल्याण विभाग की ओर से सभी स्कूलों को आईडी पासवर्ड दिया गया है। लेकिन वित्तरहित स्कूलों को अभी तक पासवर्ड नहीं दिया गया है। वहीं आवेदन की अंतिम तिथि भी समाप्त होने को है। सुदूरवर्ती एवं गरीब परिवार के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति बहुत बड़ा सहारा है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री के गढ़वा आगमन पर मुख्यमंत्री एवं मंत्री मिथलेश ठाकुर को भी आवेदन दिया गया है। डीसी ने इस समस्या को गंभीरता पूर्वक लेते हुए जल्द ही निदान करने का आश्वासन दिया है।

परेशानी : मुआवजा के लिये अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ ग्रामीण अनुमंडल मुख्यालय का लगा रहे हैं चक्कर

# डूब क्षेत्र में आने वाले परिवारों को करनी पड़ रही है भारी मशक्कत

**मंगलवार को दिनभर इंतजार के बाद उनका काम नहीं होने पर ग्रामीणों ने जताया नाराजगी**

प्रशांत सहाय



**बंशीधर नगर।** दूध मुहे बच्चों को भी अपने हक के लिए पूरे दिन अनुमंडल मुख्यालय की ओर टकटकी लगाने को विवश होना पड़ रहा है। मंगलवार को ऐसा ही मामला श्री बंशीधर नगर मुख्यालय में देखा गया। जहां छोटे छोटे एवं दूध मुहे बच्चे के साथ शुरू गांव के ग्रामीण अनुमंडल मुख्यालय में दिन भर टकटकी लगाए रहे। बाद में उन्हें निराशा ही हासिल हुई। यह प्रशासनिक उदासीनता एवं कायदा कानून का भंवरजाल का जीता जागता उदाहरण है। जिसमें हमेशा गरीब एवं भोलीभाली जनता पिसती है। मामला अमवार डैम के डूब क्षेत्र में आने वाले खुटिया पंचायत के शुरू ग्राम के ग्रामीणों को अपनी भूमि का मुआवजा लेने का है। मुआवजा के लिये ग्रामीणों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। प्रशासनिक लापरवाही एवं उदासीनता के कारण डूब क्षेत्र में आने वाले परिवारों को अपने छोटे छोटे बच्चों के साथ अनुमंडल मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। ग्रामीण भी क्या करें उन्हें अपने अपने छोटे छोटे बच्चों के साथ अनुमंडल मुख्यालय आने का फरमान जारी किया गया था। जिसके आलोक में सभी संबंधित ग्रामीण अपने बच्चों के साथ मंगलवार को दिनभर अनुमंडल मुख्यालय पर अपने काम होने का इंतजार करते रहे, पर शाम को सूचना दी गई कि उनका काम आज नहीं हो पायेगा वे कल आयें। जिसपर ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए बताया कि उन लोगों की जमीन डूब क्षेत्र में आयी है। लगभग 54 लोगों का डूब क्षेत्र में भूमि आयी है। जिसमें हम एक ही परिवार के सात भाई हैं। अनुमंडल मुख्यालय से बार-बार उन्हें बुलाकर परेशान किया जा रहा है। आज हम सभी को छोटे छोटे बच्चों के साथ आने के लिए कहा गया था ताकि सबका वह सही एवं पहचान कर सकें परंतु दिन भर भूखे प्यासे रहने के बावजूद भी आज भी हम लोगों का कुछ काम नहीं हो पाया है। ग्रामीणों में बार-बार परेशान करने को लेकर आक्रोश भी था उन्होंने कहा कि हम लोगों की जमीन भी ले ली गयी है और बार-बार हम लोगों को कागजात के नाम पर, कभी पहचानी के नाम पर परेशान किया जा रहा है। उन लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द डूब में आने वाली जमीन की पहचानी कर एवं सभी कार्रवाई कर मुआवजा दिलाने की मांग की है।

**बच्चों को लेकर आने की आवश्यकता नहीं है, सभी का कार्य आज कर दिया जायेगा : निबंधन पदाधिकारी**

वहीं निबंधन पदाधिकारी सह दंडाधिकारी अजय कुमार तिर्की ने बताया कि सारे लोगों को कल बुधवार को बुलाया गया है उन्हें बच्चों को लेकर आने की कोई आवश्यकता नहीं है। ऑफिस में व्यस्त होने के कारण उन लोगों का आज कार्य नहीं हो पाया, सभी का कल कार्य कर दिया जाएगा।

## लोक संवाद : मुख्यमंत्री ने गम्हरिया के ग्रामीणों के बीच बैठ कर किया संवाद, कहा

# अपने अधिकारों के लिये नागरिकों को भी जागरूक होना होगा

**लोक संवाद के बाद मुख्यमंत्री ने पंचायत की जलापूर्ति योजना का किया उद्घाटन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** सोमवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुमला आगमन पर एरोड्रम मैदान में जनसभा के बाद नवाडीह पंचायत के गम्हरिया ग्राम के ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद किया। गुमला शहरी क्षेत्र में ही शाम हो जाने के बावजूद मुख्यमंत्री ने इन ग्रामीणों के बीच पहुंचकर न केवल उनके सुख-दुख को जाना बल्कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से मिल रहे लाभ के बारे में लोगों की प्रतिक्रियायें लीं, साथ ही लोगों को सरकार द्वारा किये जा रहे संवेदनशील प्रयासों से उन्होंने अपने संबोधन के माध्यम से अवगत भी कराया।

अंधेरा हो जाने के बावजूद गांव में चौपाल लगाकर बैठे अपने मुख्यमंत्री से सीधा संवाद कर रहे ग्रामीण काफी खुश नजर आये।




लोक संवाद नाम से आयोजित इस कार्यक्रम में सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक भूषण तिर्की, विधायक जीगा सुसारण होरो, बंधु तिर्की, सरकार के सचिव श्री विनय चौबे, उपायुक्त सुशांत गौरव, पुलिस अधीक्षक एहतेशाम वकारीब, उप विकास आयुक्त हेमंत सती, अपर समाहर्ता सुधीर गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने लोक संवाद कार्यक्रम में नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जुड़कर लाभ लेने के लिए लोगों को न केवल स्वयं जागरूक होना होगा बल्कि अपने इर्द-गिर्द के कम जागरूक लोगों को भी योजनाओं के बारे में समझाना होगा।

मुख्यमंत्री ने झारखंड सरकार द्वारा वर्तमान में चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर सहज भाषा में संक्षिप्त प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राज्य में शत प्रतिशत बुजुर्गों, एकल महिलाओं, दिव्यांगों, विधवाओं आदि को पेंशन योजना से अच्छादित करने की नेक मुहिम छेड़ी गयी है। जिसका व्यापक रूप से नागरिकगण भी प्रचार प्रसार करें।

बताया कि सरकार आपके द्वार पहल के तहत सरकार ने प्रत्येक पंचायत में जाकर जरूरतमंदों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का इमानदारी से प्रयास किया। बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लाखों आवेदन प्राप्त हुये। इन कैंपों के माध्यम से आवेदकों की समस्याओं का समाधान तो हुआ ही, लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी भी मिली।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कृषकों के आर्थिक स्थिति को बेहतर करने हेतु कई योजनाएं चलायी जा रही हैं। सुखाड़ राहत योजना, ऋण माफी योजना, केसीसी आदि के माध्यम से किसानों को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहायता प्रदान की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने दूसरी खेती करने की भी सलाह दी, उन्होंने कहा कि यदि किसान दूसरी खेती या स्मार्ट तरीके से खेती करें तो उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होने से कोई नहीं रोक सकता।

मुख्यमंत्री ने श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपना निबंधन करवा कर राज्य के श्रमिक सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

उन्होंने कहा कि श्रम निबंधन से संबंधित योजनाओं का अधिकारीगण भी अपने स्तर से विशेष प्रचार प्रसार करें ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें।

उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण आदि पर भी विशेष जोर दिया और बताया कि शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने की दिशा में सरकार ने छात्रवृत्ति की सुविधा, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना तथा विदेश में पढ़ने के लिए आर्थिक सहयोग जैसे कई प्रयास किये हैं।

**पानी टंकी का किया उद्घाटन :** लोक संवाद कार्यक्रम के ठीक बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कर कमलों से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत पंचायत की जलापूर्ति योजना का उद्घाटन भी किया गया।

### ग्रामीणों ने सुनाये अपने अनुभव, सरकार का किया धन्यवाद

लोक संवाद के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष घाघरा निवासी शंभू उरांव ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से जुड़कर अपने प्रिंटिंग प्रेस व्यवसाय के बारे में बताया। वहीं उसी पंचायत के एक नागरिक निवासी कुसी बड़ाइक ने दाखिल खारिज की सरल हुई प्रक्रिया पर सरकार का आभार व्यक्त किया। श्री बड़ाईक ने कहा कि इस कार्य के लिए पहले दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे, पर अब पारदर्शी और त्वरित प्रक्रिया होने से उन जैसे नागरिक काफी खुश हैं। सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की एक लाभुक छात्रा ने भी अपनी खुशी मुख्यमंत्री के समक्ष साझा की। घाघरा निवासी निर्झर किंडो ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से जुड़ कर बोलेरो कार के खरीद की अपनी कहानी बतायी। उन्होंने बताया कि 10 लाख की लागत की बोलेरो कार के लिए उन्हें केवल 1 लाख 40 हजार रुपए देने पड़े, शेष सरकार द्वारा 90 प्रतिशत अनुदान राशि की सहायता ने उनके जीवन को एक नया रूप दिया अब वे 1000 प्रति दिन कमाते हैं। मुख्यमंत्री ने सभी लाभुकों की बातें बड़े ही गौर से सुनीं। उन्होंने अपील की कि लाभान्वित हो चुके लाभुक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अन्य लोगों को भी जागरूक करें।

## खतियानी जोहार यात्रा को भाजपा नेताओं ने सर्कस यात्रा करार दिया

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला में आयोजित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का झारखंडी जोहार यात्रा को भाजपा गुमला जिला ने सर्कस यात्रा बताया है। भाजपा गुमला जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी ने कहा है पूरा जिला प्रशासन मुख्यमंत्री के आवागमन में कई दिनों से लगे हुए थे। सरकारी कार्य ठप हो गया था, पोस्टर बैनर-तख़्ती बनाने तक की जिम्मेदारी जिला प्रशासन को दबाव देकर कराया गया था। भीड़ जुटाने के लिए अनावश्यक रूप से रोड को ब्लॉक कर दिया गया था। जिससे आमजन को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। जिलाध्यक्ष ने कहा 1932 का खतिहान, सरना कार्ड, ओबीसी का आरक्षण मुद्दे को केंद्र के हाथों में देकर झारखंडी भावना का खिलवाड़ कर जनता को बेवकूफ बनाने का काम किया जा रहा है। सारा आभार अपने पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दिया जा रहा है, जिन्होंने एकीकृत बिहार में कांग्रेस के हाथों झारखंडी अस्मिता को बेचने का कार्य किया है। जबकि झारखंड अटल बिहारी वाजपेयी जी की देन है।

## सरना धर्म सह जमीन बचाव महारैली 15 को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला के पुग्गू नवाटोली स्थित सरना मैदान में 15 दिसंबर को सरना धर्म सह जमीन बचाओ महारैली का आयोजन किया गया। यह आयोजन गुमला के पालकोट रोड स्थित कार्तिक उरांव कॉलेज के समीप किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक चमरा लिंडा और सिसई विधानसभा क्षेत्र के विधायक जिगा मुंडा उर्फ जीगा सुसारण होरो मुख्य वक्ता के रूप में शामिल रहेंगे। आगामी 15 दिसंबर को आहूत इस महारैली में आदिवासियों की जमीन की रक्षा और आदिवासियों के अधिकार से संबंधित चर्चा की जाएगी।

## घाघरा में डीटीओ व थाना प्रभारी ने चलाया वाहन जांच अभियान

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** जिला परिवहन पदाधिकारी विजय सिंह बिरुवा और थाना प्रभारी अमित चौधरी के संयुक्त तत्वावधान में थाना के मुख्य द्वार पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। जहां पर दर्जनों मोटरसाइकिल, टेंपो, कार और बड़े वाहनों को रोककर कागजात की जांच की गयी। जहां लाइसेंस के बगैर वाहन चलाने वाले और कागजात बगैर दुरूस्त किये वाहन चलाने वाले मालिकों पर जुर्माना लगाया गया। इस मौके पर विजय सिंह बिरुवा ने बताया कि बगैर लाइसेंस चालक, बिना इंसुरेंस के चलने वाले वाहन और टैक्स जमा नहीं करने वाले वाहन मालिकों को पर जुर्माना लगाया गया। दर्जनों वाहनों से लगभग 12,5000 रुपये की राजस्व वसूली की गयी है। वहीं कई वाहन मालिक के द्वारा जुर्माना नहीं जमा किया गये जिसके चलते वाहनों को थाना में जब्त कर रखा गया है। उन्होंने वाहन मालिकों से अपील की है कि सभी अपने अपने वाहनों के कागजात दुरूस्त करा लें और बिना लाइसेंस के चालक वाहन नहीं चलायें, नहीं तो आने वाले दिनों में भी इसी प्रकार कार्रवाई की जाएगी।

## राजद के जिला अध्यक्ष को कार्यक्रम स्थल में प्रवेश नहीं करने दिया गया

**भाजपा का दामन थाम चुके राजद के पूर्व जिलाध्यक्ष को कार्यक्रम में किया गया शामिल : रविंद्र बड़ाईक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** मुख्यमंत्री की खतियानी जोहार यात्रा में राजद जिलाध्यक्ष रविन्द्र बड़ाईक को जगह नहीं मिली। इस पर उन्होंने कड़ी आपत्ति जताई है। हैरत की बात तो यह है कि कार्यक्रम पर सीएम को गुलदस्ता देकर उन्होंने अभिवादन भी किया, लेकिन प्रोटोकॉल का उल्लंघन कर कार्यक्रम स्थल के अंदर जाने से उन्हें रोक दिया गया। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के गुमला जिलाध्यक्ष रविन्द्र बड़ाईक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि 12 दिसंबर को मुख्यमंत्री खतियानी जोहार यात्रा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुगु एरोड्राम में हुए कार्यक्रम पर राजद जिलाध्यक्ष रविन्द्र बड़ाईक को जगह नहीं मिलने पर उन्होंने कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनता दल को तरजीह नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि वे राजद के गुमला जिलाध्यक्ष हैं और कार्यक्रम में राजद का एक पूर्व जिलाध्यक्ष योगेन्द्र साहू को बुला लिया गया। उन्होंने प्रश्न उठाया है कि आखिर प्रोटोकॉल का उल्लंघन करते हुए किस परिस्थिति में योगेन्द्र साहू से राजद का प्रतिनिधित्व कराया गया? वे इसकी राजद सुप्रिमो के पास शिकायत करेंगे। उन्होंने गुमला जिले के यूपीए घटक दल के क्रियाकलापों पर भी चिंता जाहिर करते हुए इसकी घोर निन्दा की है और कहा है कि ऐसी परिस्थिति लाने पर उनकी भी यूपीए घटक दल के जिलाध्यक्षो की घोर लापरवाही है। रविन्द्र ने कहा कि योगेन्द्र साहू बीजेपी का दामन थाम चुके हैं और इन्हें शर्म आनी चाहिए कि वे राजद का प्रतिनिधित्व करने के लिए कार्यक्रम में शरिक हों। हालांकि रविन्द्र ने सीएम हेमंत सोरेन के कार्यक्रम पर इन्हें गुलदस्ता देकर उन्हें अभिवादन किया लेकिन कार्यक्रम स्थल में प्रोटोकॉल का उल्लंघन कर उन्हें भाग लेने का मौका नहीं मिलने पर वे काफी व्यथित और नाराज हैं।

## प्रदेश कांग्रेस महासचिव का घाघरा आगमन पर किया गया स्वागत

**कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का हरसंभव प्रयास करूंगा : शिव कुमार भगत**



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव शिवकुमार भगत के घाघरा आगमन पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी घाघरा के प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे के नेतृत्व में घाघरा पुराने पेट्रोल पंप के समीप कांग्रेसियों ने गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया। इस क्रम में कांग्रेसियों ने बुके देकर व माला पहनाकर श्री भगत का स्वागत किया। स्वागत के उपरांत जुलूस की शक्ल में सभी कांग्रेसी चांदनी चौक पहुंचे। जहां शहीद देवनारायण भगत के प्रतिमा स्थल पर महासचिव शिव कुमार भगत ने माल्यार्पण किया और चांदनी चौक में लोगों को संबोधित किया। इस मौके पर महासचिव शिव कुमार भगत टुनटुन ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के द्वारा मुझे जो महासचिव पद की जिम्मेवारी सौंपी गयी है, मैं उसका इमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा। यह पद आप लोगों का प्यार व सहयोग का नतीजा है। कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का हरसंभव प्रयास करूंगा। लोगों के सुख-दुख में निरंतर सेवा भाव से आगे रहने के लिए प्रयासरत रहूंगा। आप लोगों के सहयोग से कांग्रेस पार्टी के विचारों सिद्धांतों को लोगों तक पहुंचाने का कार्य करूंगा। कांग्रेस पार्टी दबे कुचले गरीबों की पार्टी है। लोगों के दुख दर्द में हमेशा कांग्रेस पार्टी आगे रहती है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडेय, जिला महासचिव कृष्णा कुमार लोहरा, विधानसभा उपाध्यक्ष दिलबहार अंसारी, पल्लव कुजूर, अमित साहू, संजेश उरांव, सेराज मंडल, अशोक उरांव, राजू उरांव, नसीम अंसारी सहित कई ग्रामीण महिला-पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भरनो में कुएं से अज्ञात महिला का शव बरामद



**भरनो (आजाद सिपाही)।** भरनो थाना क्षेत्र के अमलिया डहुटोली गांव में जंगल के किनारे एक कुआं में आज सुबह ग्रामीणों ने एक अज्ञात महिला का शव देखा, महिला की हत्या करने के बाद शव एक प्लाटिक में लपेट कर बोरा में रस्सी से बांध कर घसीटते हुए कुआं में डाल दिया गया है। महिला का शव कुआं में मिलने की सूचना गांव में आग की तरफ फैल गयी। घटनास्थल पर लोगों की काफी भीड़ लगी हुई थी। जानकारी मिलने के बाद भरनो पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खुला भेज दिया। शव की पहचान अभी तक नहीं हो पायी है। भरनो पुलिस छानबीन में जुट गई है।

## सीआरपी का विद्यालय अनुसरण के दौरान हुआ ब्रेन हेमरेज, गंभीर

**कांडी (आजाद सिपाही)।** कांडी प्रखंड के शिक्षा विभाग के कार्यरत सीआरपी खरौंधी संकुल के जगन्नाथ चौधरी का विद्यालय का अनुसरण करने के दौरान ब्रेन हेमरेज अचानक हो गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर किया है। घर वालों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए परमेश्वरी मेडिकल सेंटर गढ़वा में भर्ती किया है। उनके घर वालों ने शिक्षा विभाग से मदद की गुहार लगाई है।

## हौसला : पति की मौत के बाद दो वर्षीय बच्ची व बूढ़े सास-ससूर की देखभाल करना उसके लिये बन गयी थी चुनौती

# कुशल बागवानी मित्र के रूप में सन्नी आईंद बना रही एक अलग पहचान

**मनरेगा के तहत चल रही जीवी दाः हासा परियोजना से जुड़ने के बाद अब वह आत्मविश्वास से लबरेज होकर काफी दृढ़ हो चुकी है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कामडारा।** पति की मौत हो जाने के बाद अपने दो वर्षीय मासूम बच्ची के भविष्य की चिंता और बूढ़े सास-ससूर की देखभाल करने जैसी चुनौतियों का सामना करने वाली एक आदिवासी महिला सन्नी आईंद आज एक बागवानी मित्र के रूप में मनरेगा के तहत चल रही जीवी दाः हासा परियोजना से जुड़ने के बाद उसका आत्मविश्वास बढ़ा और जीवन जीने के एक नये हौसले के साथ काफी दृढ़ हो चुकी है। यह दास्तां है गुमला जिले के कामडारा प्रखंड क्षेत्र के रामतोलया पंचायत अंतर्गत गांव बम्हनी की रहने वाली एक आदिवासी महिला सन्नी आईंद की। जानकारी के मुताबिक उसके पति अशोक तोपनो की मौत लगभग तीन वर्ष पूर्व बिमारी के कारण हो गई थी। उसके बाद सन्नी के समक्ष दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। वहीं अपने दो वर्षीय मासूम बच्ची के भविष्य को लेकर चिंतित रहना और बूढ़े सास-ससूर की देखभाल करना उसके लिये एक चुनौती बन गयी थी। सिर्फ खेतीबाड़ी से घर चलाना काफी मुश्किल हो गया था। वह आसपास से मशरुम व दातून सहित अन्य चीजों को इकट्ठा कर प्रतिदिन बेचने के लिये ट्रेन से हटिया व रांची जाने लगी थी, ताकि घर की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। लेकिन दिनभर की मेहनत व भाग दौड़ के बावजूद आमदनी कुछ खास नहीं हो रही थी। जिससे वह काफी परेशान थी। इसी बीच वह क्षेत्र में वर्ष 2021-22 में मनरेगा के तहत चल रही जीवी दाः हासा परियोजना के अंतर्गत बागवानी मित्र के रूप में जुड़ी और प्रदान संस्था के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सन्नी ने अपने काम को बेहतर ढंग से समझने के बाद गांव बम्हनी में कुल पांच एकड़ भूमि में आम बागवानी की देखरेख करने लगी और उसके लाभुकों को आम बागवानी और इससे होने वाला फायदा तथा किसानों को जागरूक करते हुए आम बागवानी का समय से डिमांड, पौधों के लिये गड्ढा, खाद डालना सहित अन्य कई जानकारियां देते हुए महत्वपूर्ण मदद भी की। उसके द्वारा कराये गये उक्त कार्यों के बाद समाज में उसकी अब एक अलग पहचान बनने लगी है। वहीं कुशल बागवानी मित्र के रूप उसे हाल-फिलहाल में 10,580 रुपये भी मिले हैं। अब वह घर में अपनी खेतीबाड़ी और दैनिक कार्य करते हुए अपनी आजीविका चलाने में अपने आपको काफी रिलैक्स महसूस कर रही है। अब वह आत्मविश्वास से लबरेज होकर काफी दृढ़ हो चुकी है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### 33वां प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहे एसएस सरस्वती विद्या मंदिर के खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



**भरनो (आजाद सिपाही)।** 33वां प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता लोहरदगा से विविध खेलों में मेडल जीतकर सीताराम साव सरस्वती विद्या मंदिर भरनो विद्यालय पूरे झारखंड प्रांत में दूसरे स्थान पर रहा। भरनो वापसी पर अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंधन ने सभी विजयी प्रतिभागियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र, टिफिन बॉक्स देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एचएम देव कुमार सिंह ने कहा कि खेल से मस्तिष्क, बुद्धि का तीव्र विकास संभव है। वहीं मनदीप महली एवं जितेंद्र चौबे ने कहा कि खेल अनुशासन सिखाता है। प्रांत स्तर पर 37 भैया-बहनें शामिल हुईं जिसमें भैया ज्ञान सिंह 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान, रोहित मुंडा 200 मीटर में प्रथम स्थान, अंकित उरांव 400 मीटर में दूसरा स्थान, सोनम धनवार 100 मीटर रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त कर भरनो का नाम रोशन किया। इस अवसर पर उप मुखिया ललिता देवी, गया प्रसाद, फगुवा टाना भगत, अशोक सिंह, पंकज सिंह, शाहिद खान, मोदी मुंडा, नसीम एजाज, बिरसा उरांव, छोटिया और देवराज उरांव, भगत महादेव राम, आचार्य संयुक्ता देवी, वीरेंद्र कुमार, मुकेश कुमार शाही, नूरी खातून, पूनम सारंगी, लिविन केरकेट्टा, संतोष तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### आत्मा गुमला के सौजन्य से चना बीज और दवा का वितरण कर कोरम पूरा किया गया



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर स्थित कृषि तकनीकी केंद्र के कार्यालय में मंगलवार को आताकोरा पंचायत के आदर्श ग्राम बटकुरी गांव के कुछ गिने चुने किसानों के बीच आत्मा गुमला के सौजन्य से चना बीज और दवा का वितरण कर कोरम पूरा किया गया। गांव के कुछ किसानों ने बीटीएम भरनो के द्वारा अपने करीबियों को बुलाकर चना बीज दिया जा रहा है, जबकि गांव के किसानों को बीज नहीं दिया जाना बीटीएम की मनमानी को दर्शाता है। वहीं मौके पर आत्मा के बीटीएम शशि खलखो ने बताया कि चना का बीज लेने के लिये किसानों को आधार कार्ड और जमीन के रसीद लेकर पंजीकरण कराने के बाद ही आज चना बीज, डोलोमाइट और राइजोबियम दिया गया। बीज वितरण के मौके पर बीटीएम शशि खलखो, प्रकाश चन्द्र नन्द, एटीएम रोहित कुजूर, अमन सांडिल, जितेंद्र चौबे आदि उपस्थित थे।

### साइकिल से पूरे देश की यात्रा पर निकले धनबाद के युवक का घाघरा में स्वागत




**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को झारखंड सहित भारत की यात्रा पर साईकिल से निकले धनबाद गोविंदपुर के 23 वर्षीय विकास कुमार महतो घाघरा पहुंचे। जहां चाहत होटल के संचालक प्रेम कुमार जयसवाल ने उसका स्वागत किया व भोजन कराया। इस दौरान विकास ने बताया कि वह पिछले 176 दिन से भ्रमण पर निकला है और लगभग 14500 किलोमीटर यात्रा तय की है। उसने झारखंड में जन जागरण पर जागरूकता के उद्देश्य से भ्रमण पर निकला है। विकास ने बताया कि झारखंड की संस्कृति, सभ्यता व पहचान को देख व समझकर देश से जोड़कर देखते हुए इस पूरे यात्रा का दस्तावेज तैयार कर उचित प्लेटफार्म पर रखकर झारखंड की पहचान को देश में बताने का काम किया जाएगा। विकास ने आगे बताया कि वह मुंबई में फैशन डिजाइनिंग का जॉब करता था, जिसे छोड़कर झारखंड सहित पूरे देश का भ्रमण पर निकला है।

### एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में दो दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन

**बसिया (आजाद सिपाही)।** बसिया प्रखंड अंतर्गत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, सोलंगबिरा में रेफरल अस्पताल, बसिया के द्वारा दो दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सोमवार को जहां चिकित्सकों ने 35 छात्रों की स्वास्थ्य जांच की। वहीं मंगलवार को 68 छात्रों का स्वास्थ्य जांच की गयी। चिकित्सक डॉ जाहिद हुसैन ने कुल 103 छात्रों की जांच की। चिकित्सक के साथ, जीएनएम रानी कुमारी तथा कुष्ट विभाग की नर्स शीतल कुमारी मिंज का भी सहयोग रहा। शिविर में ज्यादातर छात्र स्वस्थ पाए गए। कुछ छात्रों में सर्दी खांसी पायी गयी, जिन्हें कुछ दवाइयां देकर चिकित्सक ने छात्रों को बढ़ते सर्दी से बचकर रहने की सलाह दी। डॉ जाहिद हुसैन ने जल्द ही विद्यालय में नेत्र जांच शिविर लगाने की बात कही।

### कई स्तरीय सुरक्षा घेरा के बावजूद मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में कई लोगों की जेब कट गयी

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री के घाघरा आगमन पर मुख्यमंत्री की सुरक्षा में कोई चूक तो नहीं हुई, लेकिन मुख्यमंत्री की सुरक्षा में कई स्तरीय सुरक्षा घेरा के बावजूद मुख्यमंत्री के पीछे-पीछे चल रहे कई लोगों की जेब कट गयी। इसे बेखौफ जेब कतरों की जिंदादिली कहें या कुछ और। मुख्यमंत्री का घाघरा के गम्हरिया गांव में आम जनता से सीधा संवाद के बाद नवनिर्मित जल मीनार का उद्घाटन और मीडियाकर्मियों से वार्ता हुई। इसके बाद मुख्यमंत्री अपनी गाड़ी में बैठने के लिए जल मीनार परिसर से बाहर पैदल चलने लगे। इसी क्रम में उनके ठीक पीछे चल रहे स्थानीय संवाददाता शशि भूषण साहू और शिशिर शर्मा की जेब कट गई। शशि भूषण साहू की जेब से 6000 और शिशिर शर्मा के जेब से 20,000 रुपये उच्चकों ने उड़ा लिये। इस दौरान वरीय पुलिस अधिकारियों के अलावा सैकड़ों सुरक्षाकर्मी मौजूद थे। पुलिस कर्मियों की भीड़ में उचक्के घुस आये और भीड़ की धक्का-मुक्की का फायदा उठा लिया। भुक्तभोगियों का कुछ भी हो उचक्के तो मौज उड़ा रहे होंगे।

### आयुक्त ने नावाबाजार में कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

# नाजिर, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक निलंबित, तीन को शो कॉज



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने मंगलवार को नावाबाजार प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एक ओर जहां उपस्थिति पंजी में अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करने वाले 10 कर्मियों की हाजिरी काटी। वहीं प्रखंड नाजिर, पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक को उनके कार्यों के प्रति उदासीनता/लापरवाही बरतने को लेकर निलंबित करने का निर्देश दिया। साथ ही अंचल के प्रधान लिपिक एवं राजस्व कर्मचारी से शो-कॉज करने का निदेश दिया। वहीं प्रखंड कार्यालय की सहायक मंजू देवी के कार्यों की सराहना की। मंजू देवी ने आयुक्त द्वारा मांगे गये 5 निर्गत पत्रों को 10 मिनट के अंदर खोजकर आयुक्त के समक्ष उपस्थापित की। प्रखंड नाजिर सह कैशियर सुशील कुमार सिंह द्वारा दो सहायक रोकड़ बही को उपस्थापित किया गया। एक में मार्च 2022 तक एवं दूसरे में अप्रैल 2022 तक ही बीडीओ से हस्ताक्षरित पाया गया। उसके बाद कोई हस्ताक्षर नहीं कराया गया है। आयुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि यह कैशियर की घोर लापरवाही है। उन्होंने इसे लेकर बीडीओ को आज ही सहायक रोकड़ बही की जांच करने और हस्ताक्षर करने का सख्त निदेश दिया। प्रधानमंत्री आवास एवं 15 वीं वित्त के कार्यों एवं कार्य उपरांत भुगतान की धीमी प्रगति पर पंचायत सचिव सरयू प्रसाद यादव को निलंबित करने का निर्देश दिया। वहीं निर्देश के बावजूद मनरेगा के तहत 5 योजनाओं की स्वीकृति नहीं देने को लेकर रबदा के रोजगार सेवक रमाकांत तिवारी, राजहरा के रोजगार सेवक विद्यापति राम एवं तुकबेरा के रोजगार सेवक गोविंदा पांडेय को निलंबित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत कम से कम 5 योजनाओं को लिया जाना है, लेकिन इन पंचायतों में नहीं ली गई है। पलामू प्रमंडल में सुखाड़ की स्थिति के मद्देनजर एवं सरकार के निर्देश के बावजूद योजनाओं की स्वीकृति नहीं होना गंभीर बात है। आयुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को सख्ती से 5 योजनाओं को लेने का निर्देश दिया। औचक निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी पर्यवेक्षिका की खोज की गई। पर्यवेक्षिका के रूप में निशी किरण चार्ज में हैं, लेकिन वे उपस्थित नहीं पाई गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा जब उनसे संपर्क साधा गया तो वे विश्रामपुर में होने की बातें कही। आयुक्त ने एलपीसी के प्राप्त आवेदनों की स्पष्ट जानकारी नहीं दिखते जाने को लेकर अंचल के प्रधान लिपिक राजकिशोर सिंह से शो-कॉज करने का निर्देश दिया। आयुक्त के औचक निरीक्षण के दौरान बीडीओ मो. अमीर हम्जा, सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## विधायक ने फीता काटकर किया 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** मोहम्मदगंज प्रखंड में 20 सूत्री कार्यालय का उदघाटन मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किया।कार्यालय उदघाटन के बाद प्रखंड सभागार में प्रखंड सह अंचल के प्रतिनिधियों और अधिकारी,कर्मी के साथ बैठक किये। जिसकी अध्यक्षता और संचालन 20 सूत्री अध्यक्ष जियाउद्दीन खान ने किया।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर ओझा और अंचल अधिकारी यशवंत नायक भी उपस्थित थे। इस मौके पर विधायक श्री सिंह ने 20 सूत्री अध्यक्ष,उपाध्यक्ष और सदस्य को निर्देश दिया कि सरकार की जितनी भी योजनाएं चल रही है,उनका लाभ ग्रामीणों तक पहुचाये।उन्होंने कहा कि 20 सूत्री के अधिकारी अस्पताल,आंगनबाड़ी केंद्र,विद्यालय,राशन दुकान की निगरानी करे और ग्रामीण जनता का प्रखंड, अंचल ,थाना सहित विभिन्न सरकारी कार्यालय में कार्य बिना परेशानी के हो यह सुनिश्चित करे। जनता के कार्यो में कोताही बर्दाश्त नही होगा।इस मौके पर अश्विनी कुमार सिंह,बीस सूत्री अध्यक्ष ज्यौदीन खान, उपाध्यक्ष अजीत सिंह,योगेन्द्र गुडडू सिंह, नित्यानंद पाठक, अबुनसर सिद्क्की,विश्वनाथ मेहता,नदीम खान, अयोध्या चंद्रवंशी,उपप्रमुख नगीना सिंह,विनय पासवान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### विधायक ने कहा, पांकी विधानसभा क्षेत्र को ठेकेदारों का चारागाह और भ्रष्टाचार का अड्डा नही बनने दूंगा

# संवेदक अविलंब पूरी सड़क का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराये : डॉ शशि भूषण मेहता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पांकी/पलामू।** पांकी -लेस्लीगंज- मेदिनीनगर पथ निर्माण में अनिमियता बरते जाने को लेकर विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने लेस्लीगंज प्रखंड के बसौरा में अपने समर्थकों के साथ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। मौके पर विधायक डॉ मेहता ने कहा कि यह सड़क क्षेत्र की लाइफ लाइन है जो पांकी को रांची, हजारीबाग, छत्तीसगढ़ और बिहार से जोड़ती है। ऐसे में इस मुख्य पथ का घटिया निर्माण कार्य किसी भी हाल में बर्दाश्त नही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण कार्य नही होने का विभाग के अधिकारियों से शिकायत किया गया था। कार्यपालक अभियंता पथ



निर्माण विभाग ने भी अभियंताओं की रिपोर्ट पर संवेदक को गुणवत्तापूर्ण नही होने पर लिखित चेतावनी दी थी। इसके बाद भी सिलदिलीया कंट्रक्शन द्वारा घटिया निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के ठीकेदारों का चारागाह और भ्रष्टाचार का अड्डा नहीं बनने दूंगा। अगर जरूरत पड़ी तो इस सड़क के मामले को लेकर उच्च न्यायालय की शरण मे भी जाऊंगा। धरना स्थल पर जांच टीम भी पंहुची और सड़क की जांच की और निर्माण कार्य मे गड़बड़ी पाया।

### इनकी रही मौजूदगी

मौके पर भाजपा जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा, श्याम बाबू,जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, प्रो. बच्चन ठाकुर, संजय वर्मा, लाला यादव, विधायक प्रतिनिधि सुनील प्रसाद गुप्ता, मनोज सिन्हा, यशवंत कुमार, उदेश यादव, छोटे लाल सोनी, प्रमुख सुनील पासवान, सांसद प्रतिनिधि चुनमुन पांडेय, मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, रौशन सिंह, विजय सिंह, नईमुद्दीन अंसारी, मंदीप मेहता के साथ काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### एनएच 98 पर अतिक्रमण हटाने के दौरान बुजुर्ग पर गिरी एस्बेस्टस शीट, रेफर

# आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग को किया जाम, स्कूली बच्चे फंसे जाम में

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज अंचल क्षेत्र के शिवालया कंट्रक्शन कंपनी के द्वारा ढाब कला एनएच 98 फोरलेन सड़क निर्माण को लेकर हरिहरगंज सीओ बासुदेव राय के नेतृत्व में मंगलवार को ढाब कला में जेसीबी द्वारा अतिक्रमण हटाने के दौरान 60 वर्षीय श्रवण विश्वकर्मा पर अस्बेस्टस शीट गिरने से घायल हो गए। तत्काल ग्रामीणों ने हरिहरगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।जहां चिकित्सक ने नाजुक स्थिति को देख डालटनगंज रेफर कर दिया। वहीं एनएच 98 के विस्थापित रैयत व आक्रोशित ग्रामीणों ने करीब 2:30



बजे से मुख्य मार्ग को जाम कर कर रखा है। ग्रामीणों ने बताया कि श्रवण विश्वकर्मा हरिहरगंज सीओ बासुदेव राय से कुछ दिनों के लिए मुहल्लत मांगी थी, की अभी हमें रहने के लिए मकान या जमीन उपलब्ध नहीं है।मकान उपलब्ध हो जाने पर हम खाली कर देंगें।पर सीओ ने एक भी नहीं सुनी और जेसीबी मशीन के द्वारा मकान को तोड़ने लगें।इस दौरान अल्बेस्टर शीट गिर गया और वे घायल हो गएं। आक्रोशित ग्रामीणों की जाम में वाहनों की लंबी कतार के साथ स्कूल बस में सवार कक्षा नर्सरी से लेकर 8वीं के छात्र भी घंटो फसे रहे। बाद में हरिहरगंज की पुलिस जाम स्थल पर पहुंची और ग्रामीणों को समझा कर तत्काल स्कूल बस के साथ छोटे वाहनों को छुड़वाया। वहीं ग्रामीणों ने अंचल पदाधिकारी, शिवालया कंट्रेक्सन कम्पनी तथा जेसीबी मशीन पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।विदित हो कि ढाब कला, ढाब खुर्द, बिजनीबार, चंदा, सेमरबार और कौआखोह एनएच 98 के विस्थापित रैयत जमीन और घर की उचित मुआवजे की पुनर्मूल्यांकन कर राशि बढ़ाने सहित कई मांगो को लेकर विगत दस दिनों से शांति पूर्वक अनिश्चित काल धरना प्रदर्शन पर बैठे हैं। जिसकी जानकारी हरिहरगंज अंचल अधिकारी सहित कई अधिकारियों को दी गई है।

# आनंदमार्ग करेगा उपयोगिता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अध्यात्म का विश्वगुरु एवं सोने की चिड़िया कहे जाने वाला भारत देश में आज त्रुटिपूर्ण स्वार्थ केंद्रित पूंजीवाद व जड़केंद्रित साम्यवाद ने गरीब-अमीर के दूरी को तीव्र गति से बढ़ाया है। परिणाम स्वरूप बेरोजगारी,महंगाई,भ्रष्टाचार,शोषण और भय का माहौल चरम सीमा पर है। दूसरी ओर अध्यात्म के नाम पर विभिन्न संप्रदायों द्वारा अंधविश्वास एवं पाखंड का जाल फैलाया गया है। जिसके फलस्वरूप मानव ईश्वर से कोसों



दूर हो गया है। ऐसी संधि काल में इस युग के महान दार्शनिक श्री प्रभात रंजन सरकार जी ने एक ऐसी अध्यात्म व नव मानवतावाद पर आधारित सामाजिक आर्थिक दर्शन प्रउत (प्रगतिशील उपयोगी तत्व) प्रस्तुत किया है, जो समाज को भौतिक समृद्धि, मानसिक रिद्धि एवं आध्यात्मिक सिद्धि प्रदान करेगा। उपरोक्त दर्शन आधार भूमि पर व्यवहारिकरूप में कैसे सफल हो, इसके लिए दिनांक 15 दिसंबर से 19 दिसंबर तक एक उपयोगिता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसमें मुख्य प्रशिक्षक प्रउत विशेषज्ञ आचार्य सत्याश्रेयानंद अवधूत, आचार्य परमानंद अवधूत, आचार्य प्रियतोषआनंद अवधूत, आचार्य शुभगतानंद अवधूत व आचार्य कृष्णसुंदरानंद अवधूत के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें समाज के बुद्धिजीवी, युवक, विद्यार्थी, कृषक व मजदूर सभी सादर आमंत्रित है। धन्यवाद सेवा में समर्पित आचार्य प्रियतोषआनंद एवं जिला के भक्ति प्रधान मधेश्वर जी मेदिनीनगर थे।

## मिशन समृद्धि संस्था द्वारा गर्म कपड़ों का किया वितरण



**पलामू (आजाद सिपाही)।** मिशन समृद्धि संस्था द्वारा गरीबों कहा बीच गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। रोटी,शिक्षा और महिलाओं तथा बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के क्षेत्र में मिशन समृद्धि संस्था हमेशा प्रयासरत रहती है।उसी प्रकार किसी भी मौसम में कपड़ों का वितरण दोना पत्तल दातून बेचने वालों से लेकर सूदूर गांवों तक में जाकर करती रहती है। इस बार संस्था उस ओर जा रही है जहां टीम कभी नहीं गई थी। धन्यवाद डा. देव प्रकाश का जिनके सौजन्य से हम जरूरतमंदों के पास पहुंच पायें। इसी कड़ी में मुट पुरही केवाल टोला मेदिनीनगर में बुजूर्गों, बच्चों और महिलाओं के बीच ऊनी और सभी प्रकार के कपड़ों का वितरण किया गया। कपड़ा देने वाले श्वेता सिन्हा, सरिता कुमारी, पूनम पाठक का बहुत-बहुत धन्यवाद। इस दौरान अहिल्या गिरी बैजन्ती गुप्ता वीणा रंजीता डॉ देव प्रकाश का इस कार्य में सराहनीय योगदान रहा।

## पर्यावरणविद और मुखिया ने वर वधु के साथ दो सौ बरातियों को पौधा देकर पर्यावरण धर्म की दिलायी शपथ



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के शितगोड़ा स्थित बिरसा मुंडा टाउन हॉल में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने 200 बारातियों को विदाई के समय गिफ्ट स्वरूप फलदार, पूजनीय व औषधीय पौधा देकर सम्मान पूर्वक विदाई किया। वहीं निमंत्रण में वर -बधू को थाईलैंड का बारहमासी आम और हिमाचल के कपूर का पौधा देकर उनके सफल वैवाहिक जीवन की मंगल कामना की। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को जीवन के हरेक महत्वपूर्ण मौके पर पौधरोपण कर उसे यादगार बनाना चाहिए। इससे जीवन और पर्यावरण दोनों की रक्षा होती है। उन्होंने गढ़वा जिले के केतार निवासी ललिता देवी व ओमप्रकाश सिंह के पुत्र शांतनु सिंह और जमशेदपुर निवासी सुलोचना देवी व सत्येंद्र सिंह की पुत्री रंजना कुमारी की शादी समारोह में शामिल होकर घराती व बाराती समेत वर वधु को पौधों के साथ आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद और समृद्ध जीवन की कामना की। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि पर्यावरण धर्म के आठ मूल्य ज्ञान मंत्रों के तहत पहला मूल मंत्र में कोई भी शुभ कार्यों पर पौधा को लगाना एवं दान करना शामिल है। उन्होंने कहा कि यदि घर में सदस्यों की संख्या बढ़े तो उन्हें स्वस्थ रहने के लिए व प्रकृति के संरक्षण और सम्वर्द्धन के लिए वृक्षों की संख्या भी बढ़नी चाहिए। क्योंकि पेड़ पौधा को हमारे भारतीय संस्कृति में भगवान शिव का स्वरूप माना जाता है। वहीं पौधों की संख्या बढ़ने से आये दिन लोगों को ऑक्सीजन का सिलेंडर लेकर चलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कोरोना का कहर और प्रदूषण की जहर ने सभी लोगों को बता दिया है कि ऑक्सीजन का जीवन में कितना महत्व है। मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि प्रकृति ने कोई जाति या धर्म नहीं बनाया उन्होंने केवल नर -नारी की परिकल्पना की है। उसी तरह दुनिया में जितना भी मानव जाति है प्रकृति और सृष्टि को बचाने के लिए अपना धर्म के साथ पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों को अपने जीवन के दिन चार्य में शामिल करना ही होगा। उक्त कार्यक्रम में माधुरी देवी, प्रिंसिपल कुमारी,ज्योति जायसवाल,धनंजय सिंह, धानिया देवी, अविनाश कुमार राय,सत्येंद्र प्रसाद, गीता देवी, सुचित कुमार, ,आनंद कुमार,अनजता देवी, कार्तिकप्रसाद, अवधेश प्रसाद, बृज किशोर प्रसाद, ललन प्रसाद, शीला देवी, मनोज प्रसाद, प्रीति देवी,नवीन कुमार, चंचल देवी, उर्मिला देवी, आशा देवी, मणिकांत प्रसाद, लीला देवी, रविंदर प्रसाद, मधु देवी, कमलेश प्रसाद, देवराज भी शामिल थे।

## जमीन विवाद में युवक की गोली मार कर हत्या

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू के नावाजयपुर थाना क्षेत्र के पचकेड़िया के झरी में युवक नीरज कुमार विश्वकर्मा की गोली मार कर हत्या कर दी गई है। बताया जा रहा है कि नीरज के सिर में गोली मारी गई है। मिली जानकारी के अनुसार नीरज कुमार रिम्स के पूर्व कर्मी थे। पिछले कई महीनों से जमीन विवाद के कारण घर पर ही रह रहे थे। घटना की सूचना मिलने के बाद नावाजयपुर थाना प्रभारी संजय कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि गोली मार कर हत्या की गई है। घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने लगी। हालांकि, ग्रामीणों ने शव को उठाने नहीं दिया। ग्रामीण मुआवजा और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार नीरज पाटन थाना क्षेत्र के हरैया का रहने वाले हैं। नवाजयपुर थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में जमीन विवाद में हत्या की आशंका है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार नीरज के पड़ोसियों के साथ जमीन विवाद था। इस विवाद में पहले से एफआईआर दर्ज है। पुलिस आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। नीरज कुमार विश्वकर्मा सोमवार की रात अपने बुआ के घर गया था। मंगलवार की सुबह ग्रामीण मॉर्निंग वॉक पर निकले तो सड़क किनारे शव देखा, जहां एक बाइक भी है। ग्रामीणों ने शव की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुंची और शव की पहचान नीरज कुमार विश्वकर्मा के रूप में की।

# स्पोर्ट्स



पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, खोरधारोड, 18 दिसंबर 2022 से 23 दिसंबर 2022 तक खोरधारोड रेलवे स्टेडियम में 78वीं अखिल भारतीय रेलवे फुटबॉल चैंपियनशिप टूर्नामेंट 2022-23 (नॉक आउट फेज) का आयोजन करने जा रहा।


### पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, खोरधारोड, 78वीं अखिल भारतीय रेलवे फुटबॉल चैंपियनशिप 2022-23 नॉक आउट फेज

# टूर्नामेंट 18 से शुरू होगा और 23 दिसंबर को समाप्त

- टूर्नामेंट में अखिल भारतीय रेलवे की 8 टीमें भाग लेंगी
- खोरधारोड रेलवे स्टेडियम में पहली बार अखिल भारतीय रेलवे फुटबॉल चैंपियनशिप नॉक आउट टूर्नामेंट आयोजित किये जायेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, खोरधारोड, 18 दिसंबर 2022 से 23 दिसंबर 2022 तक खोरधारोड रेलवे




स्टेडियम में 78वीं अखिल भारतीय रेलवे फुटबॉल चैंपियनशिप टूर्नामेंट 2022-23 (नॉक आउट फेज) का आयोजन करने जा रहा है। खोरधारोड रेलवे स्टेडियम में पहली बार अखिल भारतीय रेलवे फुटबॉल चैंपियनशिप नॉक आउट टूर्नामेंट आयोजित किए जायेंगे। टूर्नामेंट में अखिल भारतीय रेलवे की आठ टीमें भाग लेंगी । वे दक्षिण पूर्व रेलवे, पूर्व रेलवे, चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना, मेट्रो रेलवे/ कोलकाता, दक्षिण मध्य रेलवे, नॉर्थ फ्रंटियर रेलवे, रेल कोच फैक्ट्री/कपूरथला और पश्चिम रेलवे हैं। प्रतिदिन दो मैच होंगे, एक सुबह 8 बजे और दूसरा दोपहर 2 बजे से। 78वीं अखिल भारतीय रेलवे फुटबॉल चैम्पियनशिप के नॉक आउट फेज से पहले, दिसंबर 2022 के प्रथम सप्ताह में पूर्वी रेलवे/कोलकाता और सीएलडब्ल्यू/ चितरंजन में भारतीय रेलवे की 25 टीमों के बीच लीग मैच आयोजित किये गये थे। खोरधारोड मंडल ने एचबी बिस्वाल,स्पोर्ट्स अधिकारी एवं वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, खोरधारोड के नेतृत्व में इस प्रतिष्ठित आयोजन के लिए विस्तृत व्यवस्था की गयी है। सभी मैचों का संचालन स्पोर्ट्स सचिव मोहम्मद जाकिरुद्दीन और उनकी टीम द्वारा किया जायेगा।

## अंतर क्षेत्रीय चेस टूर्नामेंट में मगध क्षेत्र से इंद्रजीत कुमार पांडेय का चयन



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** तीन दिवसीय चेस टूर्नामेंट बोकारो एंड करगली एरिया में आयोजित अंतर क्षेत्रीय चेस टूर्नामेंट के लिए मगध- संघमित्रा कोल परियोजना क्षेत्र से इंद्रजीत कुमार पाण्डेय का चयन हुआ है। जिसमें 13 दिसंबर से 15 दिसंबर तक टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। इंद्रजीत कुमार पांडेय ने बताया कि लगभग 13 से 14 एरिया से लोग खेलने आये हैं, पहले दिन में दो राउंड खेला गया, जिसमें दूसरा राउंड में एक पॉइंट आया। जबकि दूसरा दिन का खेल आज खेला जायेगा। ततपश्चात अंतिम दिन जितने वाले टॉप पांच खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा एवं अंतर क्षेत्रीय से कोल इंडिया के तहत इंटर कम्पनी चेस टूनामेंट के लिये भेजा जायेगा। एवं विजेता खिलाड़ियों को पुरूष्कार देकर स्वागत के साथ विदाई की जाने की जानकारी दी गयी। इधर इंद्रजीत पांडेय की चयन से मगध संघमित्रा कोल परियोजना के लिये गौरव का विषय है।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 14 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in


## गोली, बम आगजनी मामले में राष्ट्रीय एससी आयोग की टीम जांच करने नारायण धौडा पहुंची

# डीएसपी को लगायी फटकार, तत्कालीन थानेदार पर विभागीय कार्रवाई की कही बात

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास/महुदा।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष अरुण हलधर पुलिस अधिकारियों के साथ मंगलवार की दोपहर मधुबन थाना क्षेत्र के नारायण धौड़ा पहुंचे। बीते सात नवंबर को हुई हिंसक झड़प में चले गोली-बम मामले में पीड़ित परिवारों से मिलकर जानकारी ली। उन्होंने घटनास्थल का दौरा करते हुए आगजनी स्थल सहित कई पीड़ित परिवारों के घरों में जाकर लोगों से जानकारी ली। इस दौरान नारायण धौड़ा की महिलाओं ने घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए घटना में संलिप्त लोगों के नाम बताए और मामले में पुलिस की निष्क्रियता आयोग के समक्ष उजागर किया। पूरी जानकारी लेने के बाद आयोग के उपाध्यक्ष अरुण हलधर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी रिशमा रमेशन को कड़ी कार्यवाई के तहत तत्कालीन थानेदार बिनोद कुमार के साथ लापरवाही बरतने वाले अन्य पदाधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई करने की बात कही। वही घटना में शामिल लोगों को 72 घंटे के भीतर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही हुई क्षतिपूर्ति के लिये जिला प्रशासन से अविलंब भरपाई की प्रक्रिया पूरी करने के लिये कहा गया। इस दौरान उपस्थित केस के अनुसंधानकर्ता सह बाघमारा डीएसपी निशा मुर्मू को मामले में कोताही बरतने को लेकर जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि पीड़ित लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक आपके द्वारा की गई कार्यवाई और दर्ज किए गए ब्यान नाकाफी है।

### दिल्ली से करूंगा निगरानी, कोताही बर्दास्त नही

इस दौरान आयोग के उपाध्यक्ष अरुण हलधर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि घटना को लेकर आयोग में शिकायत की गई थी,इसी के मद्देनजर आज घटनास्थल का दौरा किया गया।घटना को सुनकर आश्चर्यचकित हूं, की आज के समय में भी लोग ऐसे जातिगत उत्पीड़न जैसे मामले को अंजाम देकर दोषी बचना चाहते है।लेकिन आयोग ऐसी मामलों के प्रति सजग है। मामले से जुड़े एक भी आरोपी नही बक्शे जाएंगे और जो भी अधिकारी उनको बचाने की कोशिश करेंगे उनके खिलाफ भी कड़ी कार्यवाई की जाएगी। श्री हलधर ने कहा कि मैंने जिले के अधिकारियों को उचित कार्रवाई का निर्देश दिया है। दिल्ली से मामले की निगरानी करूँगा।अगर कार्रवाई में कोताही देखी गयी तो मैं दोबारा डीजीपी के साथ आऊंगा। मौके पर अरूण हलदर के साथ अनुसूचित जनजाति के स्टेट निदेशक संजय कुमार, एसडीएम प्रेम कुमार तिवारी,डीडीसी शशी प्रकाश सिंह,बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति, सीओ कमल किशोर सिंह,प्रखंड प्रमुख गीता देवी आदी सामील थे।

### घटना में उपद्रवियों ने मचाया था बवाल

ज्ञात हो कि बीते 7 नवंबर को नारायण धौड़ा स्थित फोरलेन पर दो पक्षों के बीच मारपीट के बाद दर्जनों राउंड गोलियां चलाई गई थी,कई बम के धमाके और आगजनी की गई थी जिसमे एक चाय नास्ते की दुकान के साथ एक मोटरसाइकिल को आग के हवाले कर दिया गया था। इसके साथ ही पथराव में कई घरों को भी नुकसान पहुंचाया गया था,और कई लोग जख्मी हो गए थे।

## अज्ञात चोरों ने मधुबन कोल वाशरी साइडिंग से 220 मीटर रोप काट ले भागे



**कतरास।** बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र के अंतर्गत संचालित मधुबन कोल वाशरी के लोडिंग प्वाइंट स्थित साइडिंग से अज्ञात चोरों द्वारा लगभग 220 मीटर रोप (लोहे का रस्सी) चोरी कर लिया गया। जिस कारण कंपनी का कार्य घटना के बाद से समाचार लिखे जाने तक प्रभावित है। इधर वाशरी प्रबंधन ने बाघमारा थाना में ऑनलाइन शिकायत कर अज्ञात चोरों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई करने तथा घटना से कंपनी को लगभग एक करोड़ रुपये नुकसान होने की बात कही है। घटना को लेकर बताया जाता है कि वाशरी के लोडिंग प्वाइंट से कुछ दूरी पर चोरों ने सोमवार देर-रात को धावा बोलकर मालगाड़ी को खींचने वाले रोप (लोहे की रस्सी) को काट कर चोरी कर ली। जिसके बाद से साइडिंग का कार्य प्रभावित हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही अधिकारियों के होश उड़ गए। मामले को लेकर वाशरी पीओ प्रमोद कुमार ने कहा कि चोरों द्वारा लगभग 220 मीटर रोप (लोहे की रस्सी ) को कटर मशीन से काटकर चोरी कर लिया। जिसकी कीमत 12 लाख रुपये की आस पास है। जबकि रोप कटने के बाद से साइडिंग में ट्रांसपोर्टिंग,रैक लोडिंग सहित अन्य कार्य प्रभावित होने से कंपनी को एक करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की शिकायत पुलिस से ऑनलाइन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में ड्यूटी में तैनात सुरक्षा कर्मियों के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा किया गया है।


कार्यालय जिला परिवहन पदाधिकारी, हजारीबाग

आम सूचना

विषय :- Exaveator/Loader/JCB, Crane, Earth Moving Vehicles आदि वाहनों का Sale Amount अद्यतन करवाने के संबंध में।

एतद् द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधान महालेखाकार कार्यालय झारखण्ड रॉची के लेखा परीक्षण प्रतिवेदन के संदर्भ संख्या OBS-430894 द्वारा आपत्ति दर्ज किया गया है कि झारखण्ड काराेरोपण संशोधित अधिनियम 2020 के अनुपालन में Exaveator/Loader/JCB, Crane, Earth Moving Vehicles आदि वाहनों का मूल्य के आधार पर कारारोपण नहीं किया गया है।

अतः उन वाहन स्वामियों को निदेश दिया जाता है कि अपने–अपने वाहन का Invoice, Pan Card एवं Mobile No. के साथ आद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित होकर Sale Amount अद्यतन कराना सुनिश्चित करें ताकि संशोधित अधिनियम के तहत पथकर की गणना की जा सके।

जिला परिवहन पदाधिकारी
हजारीबाग

PR 284922 Transport (22-23)_D


## झामुमो ने लगाया रक्तदान शिविर



**लोयाबाद।** कनकनी चार नंबर में मंगलवार को जेएमएम पार्टी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन को बेहतर बनाने में पार्टी के बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष के दावेदार हरेन्द्र चौहान की मुख्य भूमिका रही। सौ लोगो ने रक्तदान किया। एकत्रित ब्लड एशियन जलान अस्पताल प्रबंधन को सौंप दिया गया। ब्लड डोनेट करने वाले को फल और मिठाई और जूस पिलाया गया। इससे पहले शिविर का उद्घाटन वरीय नेता हरेन्द्र चौहान ने किया। हरेंद्र ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। एक एक बूंद जिंदगी की असली कीमत है। कहा कि इस तरह के आयोजन से सीना चौड़ा हो जाता है, खुशी और सुकून भी मिलता है।बताया जाता है कि हरेंद्र सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहा है। छठ पूजा में तालाबो की सफाई, अपना टेंकर से घर घर पानी पहचान, नेत्र जांच शिविर का आयोजन कर चुका है। हरेंद्र के मदद के बाद लोग आशीर्वाद भे दे रहे हैं। मौके सफल बनाने वाले अरुण चौहान, श्रीराम चौहान,रणजीत चौहान, राहूल चौहान, सूरज मंडल, रिंकू अंसारी, रवि चौहान, डब्लू राम, शेरा अंसारी, पप्पू मंडल, राहुल यादव आदि थे।

## एसीसी दिशा केंद्र में प्रशिक्षत युवाओं के बीच नियुक्ति व प्रमाण पत्र का हुआ वितरण



**बलियापुर।** एसीसी सिंदरी सीमेन्ट वर्क्स द्वारा सीएसआर परियोजना के अंतर्गत दिशा कौशल विकास प्रशिक्षण एवं नियोजन केन्द्र, सिंदरी के माध्यम से मंगलवार को असिस्टेन्ट इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में प्रशिक्षित 61 युवाओं को प्रमाण पत्र एवं 42 प्रशिक्षणार्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। एसीसी ट्रस्ट सिंदरी ने इस कार्यक्रम के संचालन हेतु फिनिश सोसायटी के साथ एग्रीमेन्ट किया है। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में एसीसी सिंदरी के प्लांट मैनेजर अतुल दत्ता के साथ फिनिश सोसायटी के क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक चौधरी भी उपस्थित थे। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले 42 प्रशिक्षणार्थियों का चयन कर्नाटक के मैसूर स्थित सान्धार ऑटोमेक मैसूर प्राइवेट लिमिटेड में हुआ है। एसीसी अपने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत विभिन्न गांवों के किसानों, महिलाओं एवं ऐसे युवक व युवतियों को चिन्हित कर दिशा एवं अन्य आजीविका आधारित परियोजनाओं से जोड़कर उनके उत्थान हेतु निरन्तर प्रयासरत है। इसके अतिरिक्त अन्य सामाजिक बुनियादी सुविधाओं जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य व ढांचागत निर्माण एवं विकास हेतु एसीसी ट्रस्ट सदैव अग्रसर रहा है। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान सिंदरी सीमेन्ट वर्क्स के विभिन्न विभागों के प्रमुख व अन्य सम्भ्रान्त लोग उपस्थित थे।

## डालमिया सीमेंट भारत ने 17वें एनसीबी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में जीत हासिल की



**बोकारो।** डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड, भारत के शीर्ष सीमेंट निमार्ताओं में से एक ने 17वें एनसीबी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में छह पुरस्कार जीते हैं। पुरस्कार श्री सोम प्रकाश सिंह, वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री द्वारा दिए गए थे और समूह के वरिष्ठ अधिकारियों श्री महेंद्र सिंघी, प्रबंध निदेशक अवम सीईओ] श्री गणेश डब्ल्यू जिरकुंटवार, राष्ट्रीय विनिर्माण प्रमुख, द्वारा प्राप्त किया गया। डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद। डीसीबीएल के लिए छह पुरस्कारों में बेलगाम प्लांट-कर्नाटक के लिए पर्यावरणीय उत्कृष्टता के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार शामिल है, डालमियापुरम-तमिलनाडु में एकीकृत सीमेंट संयंत्रों में पर्यावरण उत्कृष्टता के लिए दूसरा सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार, साथ ही सर्कुलर इकोनॉमी हासिल करने के लिए पहला सांत्वना पुरस्कार और एकीकृत सीमेंट में पर्यावरण उत्कृष्टता के लिए दूसरा सांत्वना पुरस्कार अरियालुर यूनिट- तमिलनाडु शामिल है, लंका इकाई (कैलकॉम सीमेंट), असम को ग्राइंडिंग इकाइयों में ऊर्जा उत्कृष्टता के लिए दूसरा सांत्वना पुरस्कार; बोकारो ग्राइंडिंग यूनिट-झारखंड को ग्राइंडिंग इकाइयों में पर्यावरण उत्कृष्टता के लिए तीसरा सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार मिला है।

# बीसीसीएल वेलफेयर बोर्ड की टीम ने किया लोयाबाद क्षेत्रीय अस्पताल का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोयाबाद।** बीसीसीएल वेलफेयर बोर्ड की टीम ने मंगलवार को लोयाबाद क्षेत्रीय अस्पताल का जायजा लिया। टीम के सदस्यों ने अस्पताल के संसाधनों और कमियों को देखा। चिकित्सकों से इस संबंध में जानकारी ली।टीम के सदस्यों ने पीएमई विभाग, ओपीडी,पैथोलॉजी विभाग,एक्सरे विभाग, बिजली पानी की व्यवस्था, एक्सरे व इसीजी मशीन को देखा एंबुलेंसों के कागजातों की जांच की। चिकित्सक डॉ पुष्पांजलि नाग और डॉ अनुज कुमार ने टीम के सदस्यों को बताया कि इस अस्पताल में मात्र वही दोनों चिकित्सक हैं।ओपीडी में रोजाना चालीस से पचास रोगी इलाज कराने के लिए आते हैं। चिकित्सकों की कमी के कारण सभी तरह के रोगियों का इलाज यहां पर करना संभव नहीं हो पा रहा है। इस अस्पताल में कई सालों से मरीजों को यहां पर भर्ती नहीं किया जाता है। अस्पताल में नाक कान, स्त्री रोग, दांत व हड्डी सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं है। यदि विशेषज्ञ चिकित्सकों को यहां पर पदस्थापित कर दिया जाए रोगियों को उपचार के लिए बाहर नहीं जाना पडेगा। पानी बिजली की काफी दिक्कत है। अस्पताल में पीने का पानी नहीं है। आरओ मशीन लगाया गया जो आज तक खराब पडा हुआ है। मशीन को बनाने के लिए कई बार शिकायतें की गयी है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। बिजली जाने के बाद अंधेरे में लोग काम करते हैं। जो जेनरेटर यहां पर था उसे दुसरी जगह भेज दिया गया है। जांच टीम के सदस्यों में संजीत कुमार सिंह, गंगा सागर राय, शत्रुधन महतो, अशोक साव, निताई महतो,एस डे के आलावे मुख्यालय के डिप्टी जीएम\वेलफेयर राजीव कुमार,किरण रानी नाईक, ममता कुमारी, मंजु शर्मा आदि शामिल थे।

### सिर्फ निरीक्षण होगा या सुधार भी होगा

स्थानीय लोगों ने निरीक्षण करते देख चुटकी लेते हुए कहा लोयाबाद क्षेत्रीय अस्पताल का सिर्फ निरीक्षण होगा या सुधार भी होगा। कभी बीसीसीएल के अधिकारीयों द्वारा तो कभी वेल्फेयर बोर्ड के सदस्यों द्वारा अस्पताल का निरीक्षण किया जाता है।सभी लोग पत्रकारों से अस्पताल में सुधार लाने की बात करते हैं। लेकिन सुधार होता हुआ नजर नहीं आता।अस्पताल में न तो चिकित्सकों की कमी दूर की जाती है और न ही व्यवस्था में कोई सुधार किया जाता है। बाहरी दिखावे के लिए अस्पताल के टाइल्स लगा दिया गया है। ठेकेदार को सालों भर कुछ न कुछ काम करते हुए देखा जाता है। रोगी नहीं है लेकिन कंपनी के चार चार एंबुलेंस खड़ा रहता है। अब देखना है कि वेलफेयर बोर्ड के सदस्यों की टीम के निरीक्षण के बाद अस्पताल में सुधार के लिए कौन कौन सा कदम उठाया जाता है।


कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची
(जिला विकास शाखा)

निविदा संख्या:- 03/2022-23 दिनांक. 12/12/2022

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(2nd Call) PR-283779

माननीय सांसद के सांसद निधि से राँची विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत दो अदद् TATA YODHA 1200 PICKUP BS 6 E.S.P (Fabrication सहित) शव वाहन के क्रय /आपूर्ति हेतु टाटा कम्पनी के Authorised Dealers से दिनांक 21/12 /2022 को 1.00 बजे अपराहन् तक मुहरबंद अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त मुहरबंद निविदाएं उसी तिथि को अपराह्न 3.00 बजे गठित क्रय समिति के समक्ष अधिकृत विक्रेता या उनके प्रतिनिधि के उपस्थिति में खोली जायेगी।

निविदा की शर्त्तें राँची जिला के वेबसाईट : https://ranchi.nic.in पर देखा जा सकता है। ह0/–
उप विकास आयुक्त, राँची

PR 284918 District (22-23)_D


# बजरंग दल ने निकाला विशाल जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** बजरंग दल कतरास प्रखंड तथा विश्व हिन्दू परिषद के तत्वावधान और गीता जयंती पखवाड़ा (शौर्य दिवस) के अवसर पर मंगलवार को शौर्य संचलन को लेकर भव्य जुलूस निकाला गया। सैकड़ों की संख्या में बजरंगी जुलूस के शक्ल में हाथों में भगवा ध्वज लहराते हुए क्षेत्र के प्रमुख चौक चौराहों से गुजरे। जुलुस भक्ति गीतों पर नाचते गाते तथा धार्मिक उद्घोष के साथ स्वास्तिक सिनेमा रोड से निकल कर पंचगगढी बाजार होते हुए नदी किनारे सूर्य मंदिर प्रांगण पहुंचे पूजा अर्चना के बाद जूलूस कतरास स्टेशन रोड स्थित आयोजित सभास्थल पहुंची। सभास्थल पर भारत माता और प्रभु श्रीराम जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर सभा की शुरूआत की गयी। मंच पर विराजमान अतिथियों को भगवा अंगवस्त्र देकर कार्यकर्ताओं ने सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विकास बजरंगी और धन्यवाद ज्ञापन तापस दे ने किया।

**लव जिहाद और धर्मांतरण बर्दाश्त नहीं : बाल विदुषी लाड़ली शरण महाराज** कतरास में विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित शोर्य सभा कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सुविख्यात राष्ट्रीय सरस प्रवक्ता बाल विदुषी लाड़ली शरण महाराज वृंदावन धाम ने बजरंगियों को सम्बोधित करते हुए कहा की मनुष्य के जीवन में संगठन का बड़ा महत्व है। अकेला मनुष्य शक्तिहीन है, जबकि संगठित होने पर उसमें शक्ति आ जाती है। संगठन की शक्ति से मनुष्य बड़े-बड़े कार्य भी आसानी से कर सकता है। संगठन में ही मनुष्य की सभी समस्याओं का हल है। जो परिवार और समाज संगठित होता है।


समाहरणालय, सिमडेगा।
(जिला समाज कल्याण शाखा)
पुनः अति अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2020–21 में अन्य क्षेत्रीय उपयोजनान्तर्गत तथा अनुसूचित जातियों के लिए विषेश घटक योजनान्तर्गत प्राप्त आवंटन से सिमडेगा जिला अन्तर्गत 07 परियोजनाओं में दिव्यांगों के लिए विषेश यंत्र/उपकरण की आपूर्ति हेतु अधिकृत आपूर्तिकर्त्ता/संस्थान/निर्माता से मुहर बन्द लिफाफे में पूर्न अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदादाता द्वारा द्वी बीड पद्धति के अनुरूप मुहरबन्द लिफाफे में तकनिकी एवं वित्तीय अंश को अलग–अलग मुहरबंद लिफाफों में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिमडेगा के कार्यालय में दिनांक – 20.12.2022 को 01:00 बजे अपराहन तक प्राप्त की जाएगी। प्राप्त निविदा को दिनांक – 20.12.2022 को 03:00 बजे निविदिदाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष जिला सिमडेगा कल्याण कार्यालय, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में क्रय समिति के समक्ष खोला जाएगा।

| क्र0स0 | सामग्री का नाम | क्र0स0 | सामग्री का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | ट्राई साईकिल | 5 | वैसाखी मध्यम |
| 2 | व्हील चेयर व्यस्क | 6 | श्रवण यंत्र |
| 3 | व्हील चेयर मध्यम | 7 | ब्लाइंड स्टीक |
| 4 | वैसाखी व्यस्क | 8 | वॉकिग स्टीक |

1. उपर्युक्त दर्शायी गई सामग्रियों की सूची, नियम एवं शर्तें जिले के वेवसाईट www.simdega.nic.in एवं जिला समाज कल्याण के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 284947 Social Welfare,Women and Child Development(22-23)D


## बोकारो क्लब सभागार में हुई जिला परिषद की विशेष बैठक, सर्व सहमति से लिया गया निर्णय

# सोलर आधारित लिफ्ट सिंचाई योजना अनुमोदित

**जिला परिषद क्षेत्र के दो दो पंचायतों में कुल 60 जगहों पर सोलर आधारित लिफ्ट सिंचाई योजना का होगा अधिष्ठापन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो क्लब सभागार में को जिला परिषद की विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला परिषद की मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी ने जिला परिषद सदस्यों/प्रखंड प्रमुखों को संबोधित करते हुए जिला परिषद द्वारा जिले में किए गए कार्यों एवं अर्जित राजस्व की जानकारी दी। इस क्रम में उन्होंने बताया कि जैनामोड़ स्थित 17 दुकानों को अलग झ अलग लोगों को आवंटित कर दिया गया है, इससे जिला परिषद को 21 लाख रुपए राजस्व प्राप्त हुआ है। वहीं, वेंडर निबंधन का कार्य भी किया गया है, कुल 344 वेंडर निबंधित हुए हैं, इससे जिला परिषद को राजस्व लगभग एक करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। पहली बार वेंडरों का निबंधन आनलाइन तरीके से किया गया है, उन्हें प्रमाण पत्र भी आनलाइन की उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा 15 वें. वित्त आयोग के तहत लिए गए 27 योजनाओं जिसकी लागत लगभग 2.50 करोड़ है, कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा पेटरवार बस स्टैंड का भी निलामी कर जिला परिषद ने राजस्व अर्जित किया है। उधर, उप स्वास्थ्य केंद्र/रविंद्र भवन आदि का कार्य भी जल्द शुरू होने वाला है। मौके पर जिला परिषद की मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी ने कहा कि जिले के किसानों को समृद्ध बनाने, उनके आय में बढ़ोतरी करने एवं कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सोलर आधारित लिफ्ट सिंचाई योजना को सभी जिला परिषद क्षेत्रों में अधिष्ठापित किया जाना है। बैठक, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद सह उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी., सांसद/विधायक प्रतिनिधि, जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अभिनित सुरज, सभी जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, तकनीकी टीम, प्रदान एनजीओ प्रतिनिधि आदि हुए शामिल।


कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(भूमि संरक्षण निदेशालय झारखण्ड)
कार्यालय, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, सिमडेगा।

कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजना एवं पम्पसेट वितरण योजना अन्तर्गत निर्माता/आपूर्तिकर्ता/अधिकृत विक्रेता हेतु महत्वपूर्ण सूचना।

सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड रांची के राज्यादेश संख्या 95 दिनांक 31.03.2022 के निदेशानुसार वितीय वर्ष 2021–22 हेतु कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजनान्तर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह/लैम्पस/पैक्स हेतु ट्रैक्टर/पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र राईस ट्रान्सप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र तथा पम्प सेट वितरण योजना के तहत मनरेगा अंतर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित छोटे और सीमान्त कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह तथा भूमि संरक्षण निदेशालय द्वारा गत वितीय वर्ष में तालाब जिर्णोद्धार योजना एवं जलनिधि योजना के तहत निर्मित परकोलेशन टैंक के लाभान्वि्त पानी पंचायत के सदस्य एवं अन्य श्रोत से लाभान्वि्त कृषकों को भी उक्त योजना के तहत पम्प सेट (1.5-3.0HP तथा 3.5-5.0HP) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm) उपलब्ध कराया जाना है।

उक्त योजनान्तर्गत वितरित किये जाने वाले सभी यथा ट्रैक्टर/पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र राईस ट्रान्सप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र, पम्प सेट एंव HDPE Pipe (63-75mm) का तकनीकी विशिष्टताओं तथा Expression of Interest (FOI) का निर्धारण निदेशक भूमि संरक्षण झारखण्ड रांची के कार्यालय आदेश संख्या 595/रांची दिनांक 15.09.2022 द्वारा किया जा चुका है।

अतः सभी निर्माता/आपूर्तिकर्ता एवं उनके अधीकृत विक्रेता से अनुरोध है कि दिनांक 17.12.2022 को ट्रैक्टर/पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र राईस ट्रान्सप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र, पम्प सेट एवं HDPE Pipe कर प्रदशनिर्देश के साथ भूमि संरक्षण कार्यालय सिमडेगा के प्रागण में करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि लाभुक अपनी पंसद एवं आवश्यकता के अनुरूप उक्त योजना के तहत पम्प सेट एवं HDPE Pipe का चयन तथा क्रय कर सकें।

**कार्यालय का पता :– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, सिमडेगा**
**द्वितीय तल, कृषि भवन, सिमडेगा 835223**

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 284943 (Agriculture) 22-23 (D)

## एफडीडीआइ कोलकाता में दिखा कला और हुनर का अद्भुत संगम

# फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट में लेदर गुड्स एंड एक्सेसरीज डिजाइन का आकर्षक डिस्प्ले

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** 12 दिसंबर को कोलकाता स्थित फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट में लेदर गुड्स एंड एक्सेसरीज डिजाइन डिपार्टमेंट के सातवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने अपनी कला और हुनर का ऐसा अद्भुत नजारा प्रदर्शित किया, जिसे देख हर कोई उनकी मेहनत और हुनर की सराहना करने लगा। सोमवार को कॉलेज कैंपस में लेदर गुड्स एंड एक्सेसरीज डिजाइन डिपार्टमेंट के सातवीं सेमेस्टर के स्टूडेंट्स ने लेदर से बने बैग, कपड़े और अन्य एक्सेसरीज को अपने-अपने अंदाज में प्रदर्शित किया। कैंपस में मौजूद टीचर और गेस्ट ने स्टूडेंट्स द्वारा बनायी गये बैग और कपड़े की डिजाइन देख कर काफी सराहा और उन्हें भविष्य में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं भी दीं। इस प्रेजेंटेशन में फ्यूजन ग्रुप की निधि कुमारी और किम्मी कुमारी द्वारा लगाया गया डिस्प्ले आकर्षण का केंद्र बना था। इनके द्वारा बनाया गया सभी प्रोडक्ट्स एवं उनकी डिजाइन चर्चा के केंद्र में था। सभी ने उनकी डिस्प्ले की काफी सराहना की और उन्हें बधाई भी दी। इनके अलावे वैष्णवी, शिप्रा, प्रदुमन, दीक्षिता, कुश, निखिल, अमन और सलोनी द्वारा लगाया गया डिस्प्ले भी सभी को बहुत पसंद आया। सभी छात्रों ने इसके लिए एफडीडीआइ के टीचर्स को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके बिना यह सब बनाना संभव नहीं था। हमारे साथ-साथ हमारे टीचर्स ने भी कड़ी मेहनत कर हमें हौसला दिया और हमारे प्रोडक्ट्स को और भी बेहतर बनाने में हमारी सहायता की है। खासकर बासु मित्रा मैम, रिस्टेन सर, प्रदीप सर और रेहमान सर ने हमारी काफी मदद की और हमारा हौसला बढ़ाया।




# कोविड के समय बेहतरीन कार्य के लिए जिंदल स्टील एंड पावर को फिक्की सीएसआर अवार्ड

आजाद सिपाही संवाददाता





**भुवनेश्वर।** कोविड-19 जैसी महामारी को दूर करने की जंग में अभूतपूर्व योगदान के लिए जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) को फिक्की सीएसआर विशेष प्रशस्ति सम्मान प्रदान किया गया है। उद्योगपति नवीन जिंदल के नेतृत्व वाली कंपनी जिंदल स्टील एंड पावर उन चंद अग्रणी संस्थाओं में से एक है, जिसने कोविड-19 के खिलाफ जंग में सरकार और आम लोगों की मदद के लिए अनेक सराहनीय कार्य किये। जेएसपी के सामाजिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे जेएसपी फाउंडेशन ने चेयरपर्सन शालू जिंदल के मार्गदर्शन में गरीबों, जरूरतमंदों को कोविड-19 के कारण उत्पन्न संकट से बचाने के लिए अग्रिम मोर्चे से लड़ाई लड़ी। इस महामारी की भयावहता का अंदेशा होते ही जेएसपी फाउंडेशन सबसे पहले समाज के वंचित वर्गों की सुरक्षा के लिए आगे आया।

शालू जिंदल ने कोविड काल में जेएसपी फाउंडेशन की सेवाओं के लिए फिक्की सीएसआर विशेष प्रशस्ति सम्मान मिलने पर कहा कि कोविड-19 महामारी ने समाज और अर्थव्यवस्था के साथ-साथ पूरे देश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर गहरा आघात किया था। ऐसे में जिंदल स्टील एंड पावर देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए सरकार और समुदायों की मदद के लिए आगे आया और अस्पताल सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ देश के 13 राज्यों में लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन पहुंचायी और लाखों गरीबों-जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध करा कर उनका जीवन सुरक्षित रखने में योगदान किया।

# भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन के सामने अस्थायी शिविर कार्यालय शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन को यात्रियों के अनुकूल सुविधाओं के साथ एक विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के रूप में पुनर्विकास किया जा रहा है । यह सार्वजनिक केंद्रीय महत्व की परियोजना है । श्री रूप नारायण सुनकर महाप्रबंधक पूर्व तट रेलवे व्यक्तिगत रूप से परियोजना कार्य की समीक्षा और तदारख कर रहे हैं और अधिकारियों को विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के साथ यात्रियों के अनुकूल सुविधाओं के साथ परियोजना बनाने की सलाह दी है। श्री सुनकर ने अधिकारियों को उचित समन्वय के साथ निर्माण कार्यों के निष्पादन में विस्तार और उचित योजना पर ध्यान देने के लिए भी कहा। इस विकास प्रक्रिया में कई सुविधाएं प्रदान करने की योजना है नया भवन, चौड़ा मूविंग एरिया वाला कॉन्कोर्स, प्लेटफॉर्म लाइटिंग, वेटिंग रूम, एयर कॉनकोर्स, प्लेटफॉर्म्स और प्लेटफॉर्म शेल्टर्स का नवीनीकरण, फूड कोर्ट जोन और शॉपिंग एरिया और वेस्ट मैनेजमेंट, शौचालय, सभी प्लेटफॉर्मों को जोड़ने के लिए फुट ओवर ब्रिज के साथ लिफ्ट और एस्केलेटर सिस्टम। आराम के लिए बेहद जरूरी यात्री सेवाओं को प्राथमिकता दी जाती है इसमें पक्की सर्विस रोड, वाहन पार्किंग, नालियां, साइनेज और डिवाइडर का भी प्रावधान होगा।

रेलवे विकास कार्यों के रेलवे हिस्से का काम करेगा। इस काम को जल्द से जल्द पूरा करने की कार्रवाई की जा रही है। रेल मंत्रालय ने इस पुनर्विकास के लिए 308 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। परियोजना को पूतरे के निर्माण संगठन को सौंपा गया था। टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और काम दे दिया गया है। परियोजना की निर्माण अवधि काम शुरू होने से 24 महीने है। ओडिशा की सभी चल रही रेलवे परियोजनाओं का राष्ट्रीय महत्व है।

## सोआ ने सप्ताह भर चलने वाली सड़क सुरक्षा अभियान की शुरुआत की



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** सड़क सुरक्षा के बारे में अपने छात्रों और कर्मचारियों को जागरूक करने के प्रयास में, शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सोआ) ने तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान संस्थान के परिसर में जागरूकता पैदा करने के लिए एक सप्ताह का कार्यक्रम शुरू किया। विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने कुलाधिपति प्रो डीपी रे ने हेलमेट न पहनने वाले या सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले छात्रों को पीला गुलाब भेंट किया, जबकि सुरक्षा नियमों का पालन करने वालों को लाल गुलाब दिया गया। छात्राओं को चॉकलेट दी गयी। इस अवसर पर प्रो प्रदीप कुमार साहू, जुगल किशोर दास और संजय कुमार साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक सिद्धार्थ दास ने किया।

# महासमुंद रेलवे स्टेशन पर कोच इंडिकेशन का बोर्ड लगाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता




**संबलपुर।** प्लेटफार्मों पर कोचों और ट्रेनों की स्थिति के बारे में जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से, पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल के महासमुंद रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 2 पर कोच इंडिकेशन बोर्ड (सीआइबी) शुरू किया गया है। कोच संकेतक यात्रियों को डिब्बों की पहचान करने में मदद करेंगे, जो अनारक्षित डिब्बों, स्लीपर कोच और एसी कोचों का संकेत देते हैं।

प्रत्येक प्लेटफार्म पर 25 कोच संकेतक लगाये गये हैं। इसके अलावा, प्लेटफॉर्म प्रवेश द्वार पर एक ट्रेन सूचना डिस्प्ले बोर्ड पहले ही लगाया जा चुका है। विभिन्न संघ और उपभोक्ता मंच लंबे समय से रेलवे से महासमुंद स्टेशन पर कोच संकेतक लगाने की अपील कर रहे थे। लगभग सभी एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनें इस स्टेशन पर केवल कुछ मिनटों के लिए यहां रुकती हैं और यात्रियों को आरक्षित कोचों का पता लगाने के लिए जिनमें ज्यादातर 24 कोच हैं, में असुविधा का सामना करना पड़ता था।

मुख्य रूप से वृद्ध और बच्चों को इस सुविधा के शुरू होने से भविष्य मे जल्दबाजी के कारण होने वाली कठिनाई से मुक्ति मिल जायेगी।

## पूर्व सांसद मोहन जेना का निधन

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** जाजपुर के पूर्व सांसद मोहन जेना का आज निधन हो गया। भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृत्यु के समय उनकी आयु 65 वर्ष थी। वे दो बार जाजपुर से सांसद चुने गए थे। 2004 और 2009 के लोकसभा चुनावों में वह बीजेडी के टिकट पर लोकसभा के लिए चुने गए थे। साथ ही वे संसद की विभिन्न कमिटी के सदस्य थे और कुशलता से काम करते थे। वह 2019 के साधारण चुनाव के दौरान भाजपा में शामिल हो गए थे। वह केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भाजपा के शीर्ष नेताओं

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है। **ई. निविदा सं 1** पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीएन–71–22–23 **कार्य का नाम:** रमना सिंगरौली नई दोहरीकरण लाईन के अन्तर्गत जोराखास से म्योरपुर (8.685 कि०मी०) और म्योरपुर से रेनुकुट (5.695 कि०मी०) और सलाईबनवा से ओबरा डैम (6.048 कि०मी०), सलाई बनवा से बिल्ली जंक्शन (1.71 कि०मी०) और बिल्ली जंक्शन से ओबरा यार्ड (कुल लम्बाई 24.68 कि०मी०) का ट्रैक तथा फारमेसन का रख रखाव सहित विविध कार्य तथा अन्य सहायक कार्य। **अंकलित मूल्य (रु):** 2,30,07,863.33 **निविदा प्रपत्र का लागत (रु):** 0.00 **अग्रधन राशि (रु):** 2,65,000.00 **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 (बारह) माह **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 30.12.2022 at 15.30 बजे अपराह्न च. ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। **द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्दिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्दिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाइट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण
पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/01663/कॉन/इंजी./टी/22–23/48

वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran–I ₹ 60
* English Grammar–I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran–I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran–I ₹ 60
* English Grammar–I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran–I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

DADI PLASTIC & KITCHENWARE
Home & Kitchen
Deals in : Specially in Plastic & Cleaning
(WHOLESALE & RETAIL)
MILTON cello ARISTO TECHNO DEEPAK PARAS CUBO
North Market Road, Upper Bazar, Ranchi - 834001 (Jharkhand) Mob. : 9693000799, 7979703432

Rinleu
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS ZOOM PAiSte TAMA Studiomaster DigiTech KORG Zildjian Roland Cort Epiphone MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जलते नामों से सावधान

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD
UNIVERSITY FLY
Call Now ! +91-7903149721
www.universityfly.com

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

हमसे सस्ता, हमसे अच्छा कहीं नहीं
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
पेश है ट्रैक्स्टार DLX.
ट्रैक्स्टार जो बदल दे आपकी लाइफ का ट्रैक!
दमदार इंजन लग्जरी डिजाइन एक्स्ट्रा परफॉर्मेंस
TRAKSTAR DLX
TRACTOR JO BADAL DE LIFE KA TRACX
TRAKSTAR
NH-33, Near : DPS, Neori Vikash, Ranchi-825217,
Mob. : 9508202987, 9430881502, rajsasha23gmail.com
Authorised Dealer : M/S ARYA ENTERPRISES

Sontosh Kumar
75037 29696
92056 24569
S MTOY & School Frnrnitur
Old Bank Colony, RMCH, Near Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar, Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School, Playgrond, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**